चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 22 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-241, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मैदानी हिस्सों में गर्मी से हाल-बेहाल 16

'कल्कि 2898 एडी' में दिखा अमिताभ बच्चन का लुक 2

छुट्टी नहीं मिलने पर लगाया पत्नी-बच्चे की मौत का आरोप

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

- सिपाही के आरोप पर थानाध्यक्ष के खिलाफ जांच का आदेश

अमृत विचार : रामपुरा थाने में तैनात सिपाही ने थानाध्यक्ष पर अवकाश न देने के कारण पत्नी व नवजात की मौत का आरोप लगाया है। सिपाही का कहना है कि अस्पताल में भर्ती पत्नी व नवजात की उचित देखभाल करना चाहता था। लेकिन, अवकाश न मिलने पर वह पत्नी व नवजात से हाथ धो बैठा। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने आरोपी थानाध्यक्ष के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार रामपुरा थाने में तैनात कांस्टेबल विकास निर्मल मैनपुरी का निवासी है। उसने पत्नी के प्रसव व इलाज के लिए थानाध्यक्ष रामपुरा अर्जुन सिंह से अवकाश मांगी थी। लेकिन, थानाध्यक्ष ने विकास को अवकाश नहीं दिया। विकास ने आरोप लगाया कि उचित देखभाल के अभाव में उसकी पत्नी व नवजात की मौत हो गई। इस पर विकास ने एसपी से थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता देख पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष रामपुरा अर्जुन सिंह के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने जिलों में तैनात किए नोडल अधिकारी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद पर नजर रखने और समीक्षा करने के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की है। ये नोडल अधिकारी अलग-अलग जिलों में गेहूं खरीद की व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। इस दौरान किसानों, खरीददारों की व्यावहारिक दिक्कतों और सुगमता के कारणों की भी रिपोर्ट तैयार होगी। दरअसल, राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिये प्रदेश भर में 6500 क्रय केंद्र संचालित होने हैं।

4 वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र कर सकेंगे पीएचडी

नई दिल्ली, एजेंसी

- न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड की आवश्यकता

चार वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र अब सीधे राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में शामिल होने के साथ ही पीएचडी भी कर सकते हैं।

यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। जेआरएफ के साथ या उसके बिना पीएचडी करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने चार साल के स्नातक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड की आवश्यकता होगी। अब तक, नेट के लिए अभ्यर्थी को न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री की आवश्यकता होती थी। नए निर्देश के बाद अब सीधे पीएचडी कर सकते हैं और नेट परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। ऐसे उम्मीदवारों को जिस भी विषय में वे पीएचडी करना चाहते हैं, उसमें करने की अनुमति होगी, भले ही उन्होंने किसी भी विषय में चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्राप्त की हो। यूजीसी अध्यक्ष ने कहा, चार साल या आठ सेमेस्टर के स्नातक डिग्री कार्यक्रम में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों के पास न्यूनतम 75% अंक होने चाहिए।

भाजपा सरकार की गलत नीतियों से मध्यम वर्ग परेशान : मायावती

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- जोई में बसपा प्रमुख ने जनसभा को किया संबोधित, कांग्रेस-भाजपा पर साधा निशाना

अमृत विचार : पूर्व मुख्यमंत्री व बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि कांग्रेस, भाजपा और उनके सहयोगी दलों को केंद्र की सत्ता में आने से रोकना है। आजादी के बाद देश में कांग्रेस पार्टी की सरकार रही है। जातिवादी, पूंजीवादी और इनकी कथनी व करनी में अंतर होने से यह पार्टी केंद्र की सत्ता से दूर हो गई। अब देश और कई प्रदेशों में भाजपा की सरकार है, यह भी कांग्रेस की तरह सत्ता से बाहर होगी।

अमरोहा-जोया रोड स्थित जोई के मैदान पर रविवार को वह बसपा प्रत्याशी चौधरी मुजाहिद हुसैन के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। यहां उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में बसपा प्रत्याशी को आपने सांसद बनाकर भेजा, लेकिन उन्होंने पार्टी और जनता के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों से मध्यम वर्ग परेशान है। भाजपा हवाहवाई घोषणा करती है, लेकिन बसपा काम करने में भरोसा रखती है। भाजपा गरीबों का वोट लेने के लिए मुफ्त में कुछ राशन दे देती है। इसे लेकर भाजपा और आरएसएस के लोग गांव-गांव जाकर कहते हैं कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर्ज उतारने का समय आ गया है। लेकिन यह खाद्य सामग्री भाजपा की नहीं है, बल्कि आप जो टैक्स देते हैं, उससे यह खाद्य सामग्री आती है। सरकार अपने पास से नहीं देती। देश की अर्थव्यवस्था खराब है और भ्रष्टाचार भी खत्म नहीं हुआ।

एक नजर

अनंतनाग में आईईडी बरामद कर किया नष्ट

श्रीनगर। अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक शक्तिशाली आईईडी का पता लगाकर उसे निष्क्रिय कर दिया। दक्षिण कश्मीर में चक-पंचपोरा रोड पर ये आईईडी बरामद किया गया। सेना के अनुसार चिनार वॉरियर्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग में चक-पंचपोरा रोड पर एक आईईडी को बरामद करके और उसे उसी स्थान पर नष्ट करके आज एक बड़ी आतंकी घटना को टाल दिया।

यमुना एक्सप्रेसवे पर पलटी कार, पांच लोगों की मौत

आगरा। यमुना एक्सप्रेसवे पर एक कार के पलटने से पांच लोगों की मौत हो गयी। नोएडा के रहने वाले संतोष की बारात अलग-अलग गाड़ियों से शनिवार को देवरिया के लिए निकली थी कि यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात करीब दो बजे कुबेरपुर टर्न पर अर्टिगा कार डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान गौतम, चंदन, सुदेश, संजीव शर्मा, प्रवीन की मौत हो गई, जो नोएडा के रहने वाले थे।

सुरक्षाकर्मियों से मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की एक टीम को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था और सुबह करीब साढ़े पांच बजे जब टीम भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के केशकुतुल गांव के पास जंगल में पहुंची तो वहां नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई।

पुणे में खाद्य विषाक्तता से पीड़ित 50 छात्र अस्पताल में

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे जिले में एक निजी कोचिंग संस्थान के 50 से अधिक छात्रों को खाद्य विषाक्तता से पीड़ित होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है और सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिले के खेड़ तालुका में निजी कोचिंग संस्थान ने 500 से अधिक छात्रों को बोर्डिंग की सुविधा प्रदान की है।

भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर कांग्रेस ने देश को किया खोखला : मोदी

जालोर में भाजपा की चुनावी सभा में कांग्रेस पर बरसे प्रधानमंत्री

जयपुर, एजेंसी

जालोर में सभा के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

- 400 लोकसभा सीटें जीतने वाली कांग्रेस आज 300 सीटों पर चुनाव तक नहीं लड़ पा रही

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और आज देश उनकी पार्टी को इन्ही पापों की सजा दे रहा है। जिस कांग्रेस पार्टी ने कभी देश में 400 लोकसभा सीटें जीती थी.. वह आज 300 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। भीनमाल (जालोर) में भाजपा की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की आज जो हालत हुई है उसकी गुनहगार वह खुद है। राजस्थान में पहले चरण के मतदान की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में आधे राजस्थान ने कांग्रेस को बराबर सजा दी है। उसे बराबर सबक सिखाया है। उन्होंने कहा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत राजस्थान ये जानता है कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश को 2014 के पहले जो हालात थे वो हालात वापस नहीं चाहिए।

मोदी ने कहा (तब) हर कोई कांग्रेस की कमजोर सरकार को आता जाता हर कोई धमकाता था और हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था। सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी। कैबिनेट से पास हुए अध्यादेश को उनकी पार्टी के ही एक नेता मीडिया की बैठक में बड़े रौब से फाड़ कर फेंक देते थे। उन्होंने कहा कि ऐसी दुर्बल अवस्था देश को मजबूत बना सकती है क्या? आप मुझे बताइये अस्थिरता की प्रतीक कांग्रेस पार्टी और उनका कुनबा देश को चला सकता है क्या? आज कांग्रेस पार्टी की जो हालत हुई है उसकी गुनहगार वो खुद है। मोदी ने आरोप लगाया कि 60 वर्षों तक राज करने वाली कांग्रेस ने हमारी माताओं-बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक खाते जैसी छोटी छोटी चीजों के लिये तरसाया है। उन्होंने कहा कि देश का युवा इतना गुस्से में है वो दोबारा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता है। विपक्षी इंडी गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इन्होंने अवसरवादी ''इंडी एलायंस'' बना लिया है। उसकी पतंग उड़ने से पहले ही कट गई है। कहने को तो गठबंधन है लेकिन कई राज्यों में ये गठबंधन वाले ही आपस में लड़ रहे हैं।

कांग्रेस ने जलजीवन मिशन में किया घोटाला

मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की गत कांग्रेस सरकार ने जल जीवन मिशन योजना में घोटाला किया व उसका काम नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि अब हमारी भजनलाल सरकार आयी है जो घोटाले की जांच भी कर रही। अगर यहां कांग्रेस सरकार न होती तो अब तक हम हर घर जल के लक्ष्य के बहुत निकट पहुंच जाते है।

प्रश्नपत्र लीक करने में शामिल चार और आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 प्रश्नपत्र लीक मामले में शामिल चार अन्य आरोपियों को एसटीफ ने गिरफ्तार किया है। चारों आरोपी लखनऊ और प्रयागराज के परीक्षा केंद्रों में सक्रिय थे। गिरफ्तार हुए मास्टर माइंड डॉ शरद पटेल की एसटीएफ को लंबे समय से तलाश थी।

पुलिस उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह को सूचना मिली कि प्रश्न पत्र लीक मामले में फरार चार आरोपी लखनऊ में किसी स्थान पर एकत्रित हो रहे हैं। इस दौरान निरीक्षक अंजनी कुमार तिवारी व अन्य की एक टीम रायबरेली रोड पहुंची और मीटिंग स्थल का पता लगाकर चारों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में मिर्जापुर के डॉ शरद सिंह पटेल, अभिषेक शुक्ला चौक लखनऊ, कमलेश कुमार पाल निवासी झूंसी प्रयागराज और अर्पित निवासी म्योराबाद प्रयागराज शामिल है। चारों के पास से एक प्रश्नपत्र, दो लग्जरी गाड़ियां, दो लाख रुपए और दो आधार कार्ड बरामद हुआ है। डा. शरद सिंह पटेल पूर्व में आयोजित वीडीओ परीक्षा-2019 में गड़बड़ी करवाने के आरोप में जेल भी जा चुका है। बताया जा रहा है कि आधा दर्जन से अधिक आरोपी अभी फरार हैं।

चार धाम यात्रा के लिए 11.45 लाख रजिस्ट्रेशन

कार्यालय संवाददाता, देहरादून

- 10 मई से शुरू हो रही है उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धलुओं में गजब का उत्साह

अमृत विचार : चारधाम यात्रा को लेकर यात्रियों में उत्साह चरम पर है। यहां यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हुए और अब तक 11 लाख से अधिक यात्री अपना पंजीकरण करा चुके हैं। पहले चरण में केदारनाथ हेली सेवा के लिए 20 जून तक की बुकिंग फुल हो चुकी है।

विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा 2024 आगामी 10 मई से शुरू हो रही है। वहीं, बाबा केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए 20 अप्रैल से बुकिंग शुरू हुई। अब उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण ने 15 सितंबर से 31 अक्टूबर के बीच हेली सेवा के लिए भी बुकिंग शुरू कर दी है। 21 जून से 14 सितंबर के बीच मानसून का सीजन होता है, जिसके चलते हेली सेवा ऑपरेटर इस दौरान फ्लाई नहीं करते हैं। इसीलिए इस अवधि में हेली सेवाओं की बुकिंग नहीं की गई है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विभाग के अपर सचिव सी रविशंकर ने बताया कि 10 मई को यमुनोत्री, गंगोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे। 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। 25 मई को हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे। चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। चारधाम यात्रा की ऑफिशियल वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। व्हाट्सएप नंबर 8394833833 पर Yatra (यात्रा) लिख कर मैसेज करके भी रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन के लिए उत्तराखंड पर्यटन विभाग ने टोल फ्री नंबर 0135-1364 दिया है। इस पर कॉल करके भी रजिस्ट्रेशन हो जाएगा।

बर्फ हटाने को सेना के जवान हेमकुंड रवाना

देहरादून। विश्व प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब के कपाट आगामी 25 मई को तीर्थयात्रियों के लिए खोल दिए जाएंगे। इसे लेकर यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई है। हेमकुंड में अभी भी करीब 10 फीट तक बर्फ जमी हुई है। बर्फ हटाने के लिए सेना की 418 इंडिपेंडेंट इंजीनियरिंग कोर के ओसी कर्नल सुनील यादव ने हर सेवक सिंह व प्रमोद कुमार के नेतृत्व में सेना के जवानों को बर्फ हटाने के लिए भेजा है।

कांग्रेस ने पढ़ने की उम्र में बच्चों को पकड़ा दिए तमंचे : योगी

बिलासपुर, एजेंसी

- उप्र के मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में किया रैलियों को संबोधित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि कांग्रेस युवाओं के भविष्य के साथ खेलती है और समाज को विभाजित करने का काम करती है। वह कुछ नहीं कर पाते तो मोदी जी को गाली देते हैं। लेकिन पूरा देश मोदी जी का परिवार है।

छत्तीसगढ़ में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि 2014 से पहले आतंकवादी देश में घुसकर कहीं भी विस्फोट कर देते थे। लेकिन अब हालात ऐसे हैं कि अगर कोई पटाखा तेज आवाज के साथ फूटता है तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है कि इसके पीछे उसका हाथ नहीं है। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में भारत बदल गया है। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, अब हम मुंहतोड़ जवाब देने और आतंकवाद तथा नक्सलवाद को नष्ट करने में सक्षम है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस घोटालों, आतंकवाद और नक्सलवाद का पर्याय है जिस आयु में युवाओं के हाथों में पुस्तक, टैबलेट, दुनिया को आगे बढ़ाने का जज्बा होना चाहिए, कांग्रेस ने उस आयु के बच्चों के हाथों में तमंचे पकड़ा दिए। उन्हें भारत के खिलाफ ही लड़ने के लिए नक्सलवाद, आतंकवाद, उग्रवाद के नाम पर उकसाया। योगी ने कहा, चाहे बेटी हो या व्यापारी, केवल भाजपा ही उन सभी को सुरक्षा की पूरी गारंटी दे सकती है।

साथी ने सीतापुर के श्रमिक को जिंदा जलाया

गोंडा। सीतापुर के थाना थानगांव क्षेत्र के ग्वारी गांव निवासी एक श्रमिक को मनकापुर में जिंदा जला दिया गया। मृतक की पहचान कोइली(32) के रूप में हुई है। जो अपने भाई राम किशुन, बहनोई राजेंद्र, अमित व प्रेम के साथ यहां मजदूरी करने आया था। वह सभी मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के धुसवा खास गांव के रहने वाले सूरज सिंह के यहां रहकर मजदूरी करते थे। रविवार सुबह कोइली का शव बंसवारी गांव के बाहर खेत के एक गड्ढे में अधजले हालत में पड़ा मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। कोइली के भाई राम किशुन ने बताया कि शनिवार रात करीब 12 बजे अमित शराब के नशे में आया और बताया कि तुम्हारे भाई कोइली को मारकर जिंदा जला दिया है। नशे में होने के कारण विश्वास नहीं हुआ लेकिन जब रविवार की सुबह देखा गया तो बात सही साबित हुई। धुसवा गांव के रहने वाले सूरज सिंह का कहना है कि वह जिले से बाहर हैं। कोइली उनके घर पर रहकर मजदूरी करता था। वारदात की जानकारी नहीं है।

मेरे पति को इंसुलिन न देकर जेल में मारना चाहती है भाजपा: सुनीता केजरीवाल

रांची, एजेंसी

- रांची की रैली में कहा-इंडी गठबंधन भाजपा की तानाशाही के खिलाफ लड़ेगा और जीतेगा

केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर उनके पति को इंसुलिन नहीं देने का रविवार को आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अरविंद केजरीवाल को मारना चाहती है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन भाजपा की तानाशाही के खिलाफ लड़ेगा और जीतेगा। सुनीता ने उलगुलान न्याय रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वे मेरे पति अरविंद केजरीवाल को मारना चाहते हैं। उनके भोजन पर कैमरे से निगरानी रखी जा रही है; उन्हें इंसुलिन देने से मना कर दिया गया है। मेरे पति शुगर के मरीज हैं, जो 12 साल से इंसुलिन पर हैं। उन्हें रोजाना 50 यूनिट इंसुलिन की जरूरत होती है। उन्होंने दावा किया कि उनके पति को जन सेवा का काम करने के लिए जेल में डाल दिया गया और उनके खिलाफ कोई आरोप साबित नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा, जेल के ताले टूटेंगे और अरविंद केजरीवाल तथा हेमंत सोरेन छूटेंगे।

साजिश पर लिया जाए उच्च स्तरीय संज्ञान : अखिलेश

लखनऊ। अखिलेश यादव ने कहा कि यह अविश्वसनीय है कि जेल में केजरीवाल को इन्सुलिन देने से मना किया जा रहा है। उन्होंने एक्स पर कहा कि केजरीवाल को उत्तम स्वास्थ्य का मौलिक अधिकार है। इसका तत्काल उच्च स्तरीय संज्ञान लेकर पता किया जाए कि इस साजिश के पीछे किसके निर्देश हैं।

पत्नी को किया नजरदांज, हाईकोर्ट ने रद की 17 दिन की शादी

मुंबई, एजेंसी

- इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि यह एक ऐसे युवा दंपति से जुड़ा मामला है जिसे विवाह में हताशा की पीड़ा सहनी पड़ी है : कोर्ट

बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने एक युवा दंपति की शादी को इस आधार पर निरस्त कर दिया कि पति की रिलेटिव इंपोटेंसी के कारण विवाह बरकरार नहीं रह सकता। कोर्ट ने इसे क्लासिकल मामला मानते हुए कहा कि दंपति की हताशा को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। रिलेटिव इंपोटेंसी का मतलब ऐसी स्थिति से है जिसमें वह अपनी पत्नी से यौन संबंध नहीं बना पाया, जबकि अन्य के साथ संबंध बनाने में सक्षम था।

न्यायमूर्ति विभा कांकणवाड़ी और न्यायमूर्ति एस जी चपलगांवकर की खंडपीठ ने 15 अप्रैल को दिए फैसले में यह भी कहा कि यह ऐसे युवाओं की मदद करने के लिए उपयुक्त मामला है जो एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। इस मामले में 27 वर्षीय व्यक्ति ने फरवरी 2024 में एक पारिवारिक अदालत द्वारा याचिका खारिज किए जाने के बाद उच्च न्यायालय का रुख किया था। पारिवारिक अदालत ने उसकी 26 वर्षीय पत्नी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उसने याचिका स्वीकार करने के शुरुआती चरण में ही विवाह निरस्त करने का अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी नपुंसकता से अलग स्थिति है। अदालत ने कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी की विभिन्न शारीरिक और मानसिक वजह हो सकती हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि मौजूदा मामले में यह आसानी से पता लगाया जा सकता है कि पति को अपनी पत्नी के प्रति रिलेटिव इंपोटेंसी है। विवाह जारी न रह पाने की वजह प्रत्यक्ष तौर पर पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बना पाने में पति की अक्षमता है। कहा कि वह इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकता कि यह एक ऐसे युवा दंपति से जुड़ा मामला है जिसे विवाह में हताशा की पीड़ा सहनी पड़ी है।

एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़े दंपति

मार्च 2023 में की थी शादी

दोनों ने मार्च 2023 में शादी की थी लेकिन 17 दिन बाद ही अलग हो गए थे। दंपति ने कहा था कि उनके बीच कोई शारीरिक संबंध नहीं बने। महिला ने दावा किया कि वे एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। वहीं, व्यक्ति ने दावा किया कि वह अपनी पत्नी के साथ शारीरिक संबंध नहीं बना पाया लेकिन वह सामान्य स्थिति में है। उसने कहा कि वह ऐसा कोई धब्बा नहीं चाहता कि वह नपुंसक है। इसके बाद पत्नी ने एक पारिवारिक अदालत में तलाक की अर्जी दायर की। उच्च न्यायालय में जाने से पहले वे फैमली कोर्ट में गए थे लेकिन कोर्ट ने अर्जी खारिज करते हुए कहा था कि पति और पत्नी ने मिलीभगत से ये दावे किए हैं। बाद में उच्च न्यायालय ने पारिवारिक अदालत के फैसले को रद्द कर दिया और शादी को भी निरस्त कर दिया।

शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों का धरना जारी, 73 ट्रेनें रद

अंबाला। पटियाला के शंभू रेलवे स्टेशन पर पांचवें दिन भी किसानों के पटरी पर बैठे रहने के कारण रविवार को अंबाला-अमृतसर मार्ग पर 73 ट्रेन रद कर दी गईं। प्रदर्शनकारी मौजूदा किसान आंदोलन के दौरान हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रविवार को कुल 73 ट्रेन रद्द कर दी गईं। पांच दिनों में कई ट्रेन के रद्द होने से यात्रियों को असुविधा होने के अलावा वित्तीय नुकसान हो रहा है। किसानों के विरोध के कारण कई ट्रेन का मार्ग भी बदला जा रहा है।

राजस्थान में सड़क दुर्घटना में 3 भाइयों समेत 9 की मौत

कोटा, एजेंसी

राजस्थान के झालावाड़ में नौ युवकों की शनिवार देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। सभी युवक कार से विवाह समारोह से लौट रहे थे। इसी बीच उनकी कार ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में मारे गए लोगों की आयु 16 से 30 वर्ष थी। जान गंवाने वालों में तीन सगे भाई थे। एकलेरा पुलिस थाना प्रभारी संदीप विशोनी ने बताया कि सभी झालावाड़ के एकलेरा गांव में बागरी मोहल्ले के रहने वाले थे। विशोनी ने बताया कि हादसे में 18 वर्षीय मनीष बागरी की हालत गंभीर है और उसका अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस उपाधीक्षक हेमंत गौतम ने बताया कि हादसे में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की चपेट में आए लोगों के रिश्तेदार गोपाल बागरी ने बताया कि रात करीब साढ़े 12 बजे तीन कारों और दो पिकअप गाड़ियों में करीब 35-40 बाराती डूंगरी से निकले थे।

आज का मुकाबला

मुंबई इंडियंस बनाम राजस्थान रॉयल्स

समय : शाम 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	08	379
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	06	324
रियान पराग (राजस्थान)	07	318

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	07	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	07	12
गेराल्ड कोएत्जी (मुंबई)	07	12

बदला चुकता करना चाहेंगे मुंबई इंडियंस

जयपुर, एजेंसी

मुंबई इंडियंस की टीम सोमवार को जब यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाह अपनी गेंदबाजी खामियों को दूर करके मेजबान टीम से बदला चुकता करने पर लगी होंगी।

पिछले चार मैच में तीन जीत से मुंबई इंडियंस की टीम उबरने की राह पर चल रही है और सत्र की खराब शुरूआत के बाद अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है जबकि राजस्थान रॉयल्स की टीम तूफानी रफ्तार से आगे बढ़ते हुए 12 अंक लेकर शीर्ष स्थान पर काबिज है। मुंबई ने पिछले मैच में आशुतोष के अंत में लगाए गए अर्धशतक के बावजूद पंजाब किंग्स के खिलाफ नौ रन से जीत हासिल की थी। एक बार फिर जसप्रीत बुमराह ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई और तीन विकेट झटके।

वहीं, राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में मुंबई इंडियंस की हालत काफी खराब रही थी जिसमें ट्रेंट बोल्ट ने उनके तीन शीर्ष क्रम बल्लेबाजों को खाता भी नहीं खेलने दिया था और यह अनुभवी तेज गेंदबाज फिर से उनके लिए बड़ा खतरा होगा। आवेश खान को अंतिम ओवर में गेंदबाजी की जिम्मेदारी दी गई है और उन्होंने इसे बखूबी निभाया है। कुलदीप सेन ने भी अपना कौशल दिखाया है लेकिन उन्हें अपने इकोनोमी पर काम करने की जरूरत है।

साई की फिरकी में फंसी पंजाब की टीम

- पंजाब किंग्स ने गुजरात को दिया 143 रनों का लक्ष्य, किशोर ने चटकाए 4 विकेट

मुल्लांपुर, एजेंसी

आर साई किशोर की अगुवाई में गुजरात टाइटंस के स्पिनरों ने पंजाब के बल्लेबाजी क्रम को नेस्तनाबूद करते हुए रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उसे 142 रन पर आउट कर दिया। इस सत्र में पावरप्ले में सबसे खराब खेल रहे पंजाब किंग्स ने धीमी शुरूआत करते हुए पांच ओवर में बिना किसी नुकसान के 45 रन बनाए। इसके बाद साई किशोर, राशिद खान और नूर अहमद ने पंजाब के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने ही नहीं दिया।

साई किशोर ने 33 रन देकर चार विकेट लिए जबकि राशिद ने 15 रन देकर एक और अहमद ने 20 रन देकर दो विकेट चटकाए। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 35 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। वह छठे ओवर में आउट हुए और उसके बाद विकेट लगातार गिरते रहे। स्पिन तिकड़ी ने पंजाब की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर ने अपनी रफ्तार में विविधता लाकर विरोधी बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। दूसरे छोर से अहमद और राशिद ने दबाव बनाया। अहमद ने रिली रोसोयू (नौ रन) को पगबाधा आउट किया। वहीं कप्तान सैम कुरेन 20 रन बनाकर राशिद का शिकार हुए। वहीं लियाम लिविंगस्टोन छह रन बनाकर अहमद की गेंद में पहली स्लिप में कैच दे बैठे। साई किशोर ने जितेश शर्मा को 12वें ओवर में आउट किया जिन्होंने 12 गेंद में 13 रन बनाए । इस सत्र में पंजाब के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा भी सस्ते में आउट हो गए। हरप्रीत बरार ने 12 गेंद में 29 रन बनाकर टीम को 140 के पार पहुंचाया।

पंजाब को सस्ते में ढेर करने के बाद खुशी मनाते गुजरात टाइट्ंस के खिलाड़ी। ● एजेंसी

केकेआर ने 1 रन से जीता रोमांचक मुकाबला

नाइट राइडर्स ने आरसीबी को दिया 223 रनों का लक्ष्य, अंतिम ओवर में कर्ण की दमदार बल्लेबाजी से 221 तक पहुंची बेंगलुरू

शतकीय साझेदारी के दौरान रन लेते आरसीबी के विल जैक्स और रजत पाटीदार। ● एजेंसी

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	7	6	1	12	+0.677
कोलकाता	7	5	2	10	+1.206
हैदराबाद	7	5	2	10	+0.941
चेन्नई	7	4	3	8	+0.529
लखनऊ	7	4	3	8	+0.123
मुंबई	7	3	4	6	-0.133
दिल्ली	8	3	5	6	-0.477
गुजरात	7	3	4	6	-1.303
पंजाब	7	2	5	4	-0.251
बेंगलुरु	8	1	7	2	-1.046

कोलकाता, एजेंसी

श्रेयस अय्यर (50) और फिल सॉल्ट (48) की शानदार पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 36वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को एक रन से हरा दिया है। कोलकाता की सात मैचों में यह पांचवीं जीत है।

223 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीसरे ओवर में विराट कोहली (18) का विकेट गवां दिया। अगले ओवर में कप्तान फाफ डुप्लेसी भी (7) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद विल जैक्स और रजत पाटीदार ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट लिए 101 रनों साझेदारी हुई। 12वें ओवर में रजत पाटीदार को रसल आउट कर दिया। रजत ने 52 रन बनाए। कैमरन ग्रीन (6), सुयश प्रभुदेसाई (24), महिपाल लोमरोर (4) रन बनाकर आउट हुए। विल जैक्स ने 32 गेंदों में 55 रन बनाए। दिनेश कार्तिक 18 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हुए। वहीं कर्ण शर्मा ने यादगार पारी खेली उन्होंने सात गेंदों में तीन छक्के लगाकर टीम को जीत तक पहुंचा दिया था, लेकिन कर्ण के आउट होने के बाद लॉकी फर्ग्युसन भी एक रन पर रनआउट हो गए और टीम के एक रन से हार का सामना करना पड़ा। बेंगलुरु 20 ओवर में 221 रन पर सिमट गई।

विराट का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

इससे पहले श्रेयस अय्यर (50) और फिल सॉल्ट (48) की शानदार पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत के लिए 223 रनों का लक्ष्य दिया है। आज ईडन गार्डंस में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बेंगलुरु की बल्लेबाजी करने उतरी फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 56 रन जोड़ते हुए अच्छी शुरुआत की। पांचवें ओवर में सिराज ने फिल सॉल्ट को आउट किया। फिल सॉल्ट ने 14 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए 48 रन बनाए। इसके अलगे ही ओवर में सुनील नारायण (10) पवेलियन लौट गए। श्रेयस अय्यर ने कप्तानी पारी खेलते हुए 36 गेंदो में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 50 रन बनाए।

कोलकाता 222/6 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 20

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
सॉल्ट कैच आर पाटीदार बोल्ड सिराज	48	14	7/3
नारायण कैच कोहली बोल्ड यश दयाल	10	15	2/0
रघुवंशी कैच कैमरन ग्रीन बोल्ड यश दयाल	3	4	0/0
वेंकटेश कैच लोमरोर बोल्ड कैमरन ग्रीन	16	8	3/0
श्रेयस कैच डुप्लेसी बोल्ड कैमरन ग्रीन	50	36	7/1
रिंकू कैच यश दयाल बोल्ड फर्ग्युसन	24	16	2/1
आंद्रे रसल नाबाद	27	20	4/0
रमनदीप सिंह नाबाद	24	9	2/2

गेंदबाजी : मोहम्मद सिराज 4-0-40-1, यश दयाल 4-0-56-2, लॉकी फर्ग्युसन 4-0-47-1, कर्ण शर्मा 4-0-33-0, कैमरन ग्रीन 4-0-35-2

बेंगलुरु 221/10 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 9

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली का एवं बो हर्षित	18	7	1/2
फाफ डुप्लेसी का वेंकटेश बो चक्रवर्ती	7	7	1/0
विल जैक्स का रघुवंशी बो रसेल	55	32	4/5
रजत पाटीदार का हर्षित बो रसेल	52	23	3/5
कैमरुन ग्रीन का रमनदीप बो नारायण	6	4	0/1
सुयश प्रभुदेसाई का रघुवंशी बो हर्षित	24	18	3/0
महिपाल लोमरोर का एवं बो नारायण	4	3	1/0
दिनेश कार्तिक का सॉल्ट बो रसेल	25	18	3/1
कर्ण शर्मा का एंव बो स्टार्क	20	7	0/3
मोहम्मद सिराज नाबाद	0	0	0/0
लॉकी फर्ग्यूसन रन आउट	1	1	0/0

गेंदबाजी : हर्षित 4-0-33-2, स्टार्क 3-0-55-1, चक्रवर्ती 4-0-36-1, नारायण 4-0-34-2, सुयश शर्मा 2-0-33-0, रसेल 3-0-25-3

खेल डायरी

रिबाकिना ने जीता पोर्शे ग्रां प्री का खिताब



स्टटगार्ट (जर्मनी)। एलिना रिबाकिना ने पोर्शे ग्रां प्री के फाइनल में रविवार को यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक को हराकर सत्र का अपना तीसरा खिताब जीता। कजाखिस्तान की इस खिलाड़ी ने एक घंटे नौ मिनट तक चले फाइनल मुकाबले को 6-2, 6-2 से आसानी से अपने नाम किया। रिबाकिना ने इससे पहले शनिवार को सेमीफाइनल में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को शिकस्त दी थी। इस सत्र में एडिलेड और अबुधाबी में खिताब जीत चुकी रिबाकिना की यह साल की 26वीं जीत है।

नौकायन में बलराज पंवार को मिला ओलंपिक कोटा

चुंगजू। बलराज पंवार ने एशियाई और ओसनियाई रोइंग ओलंपिक क्वालिफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल्स (एम1एक्स) स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत का पहला नौकायन पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। दक्षिण कोरिया के चुंगजू में आयोजित स्पर्धा में 25 वर्षीय पंवार ने हीट में 7 :17 .87 और सेमीफाइनल में 7 :16 .29 का समय लेकर चुंगजू के फाइनल में जगह बनाई। बलराज पंवार 7 :01 .27 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कजाकिस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव ने 6 :59 .46 समय के साथ रेस जीती, जबकि इंडोनेशिया के मेमो ने 6 :59 .74 समय के साथ रजत पदक जीता। वह पिछले वर्ष चीन के हांग्झोऊ में अपने पहले एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूक गए थे।

रमित टंडन ने विक्टर क्रोयूइन को हराया

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रमित टंडन ने मिस्र के एल गोयूना में चल रहे 198,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पीएसए प्लेटिनम स्क्वाश टूर्नामेंट के दूसरे दौर में फ्रांस के दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर क्रोयूइन पर 3-1 की शानदार जीत से बड़ा उलटफेर किया। दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी टंडन को अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में सीधे प्रवेश दिया गया है। टंडन ने विक्टर क्रोयूइन पर 52 मिनट में 11-9, 12-10, 8-11, 11-5 से जीत हासिल की। फ्रांस के खिलाड़ी के खिलाफ पांच भिड़ंत में यह टंडन की दूसरी जीत है। अब तीसरे दौर में टंडन का सामना दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिएगो एलियास से होगा।

सर्वेश ने दूसरी बार जीता ऊंची कूद का खिताब

कैलिफोर्निया। भारत के सर्वेश कुशारे ने माउंट सैक रिले 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों का ऊंची कूद एलीट खिताब जीता लिया है। अमेरिका में कैलिफोर्निया के वॉलनट में हिल्मर लॉज स्टेडियम में आयोजित शनिवार को सर्वेश कुशारे ने सत्र की सर्वश्रेष्ठ 2 .23 मीटर की जंप के साथ माउंट सैक रिले 2024 एथलेटिक्स मीट में खिताब जीता। कुशारे पिछले वर्ष हांग्झोऊ में एशियन गेम्स में 2 .26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। उन्होंने माउंट सैन एंटोनियो कॉलेज में 2 .23 मीटर की जंप के साथ पहला स्थान हासिल किया।

हॉकी इंडिया: पुरुष शिविर के लिए कोर ग्रुप घोषित

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने रविवार को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी कमियों को दूर करने के लिये पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 28 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा की। शिविर बेंगलुरु के साइ केंद्र में रविवार से शुरू होकर 13 मई तक चलेगा। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में मिली 0-5 की हार के बाद शिविर में लौटेगी। इस शिविर के बाद भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग के अपने अगले दो चरण के लिए बेल्जियम और लंदन की यात्रा करेगी जिसमें उसका सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से होगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि हम इस शिविर में ट्रेनिंग का महत्वपूर्ण चरण शुरू करना चाहते हैं और हमें सुनिश्चित करेंगे कि पेरिस ओलंपिक से पहले हम सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हों।

मनु और अनीश ने ओलंपिक के लिए मजबूत किया दावा

नई दिल्ली, एजेंसी

मनु भाकर और अनीश भानवाला ने यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल एक और दो में अपने-अपने क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहते हुए ओलंपिक के लिए अपना दावा मजबूत किया।

देश के लिए कोटा हासिल करने वाली मनु ने टी2 क्वालीफिकेशन में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में 585 का कुल स्कोर हासिल किया और पांच महिला निशानेबाजों में शीर्ष पर रही। उन्होंने इससे पहले शनिवार को पहला ट्रायल भी जीता था। ईशा सिंह 581 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ 577 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

अभिदन्या अशोक पाटिल (572) चौथे स्थान पर रही जबकि मनु के साथ देश के लिए कोटा हासिल करने वाली रिदम सांगवान 566 अंक के साथ पांचवें पायदान पर रही। पुरुषों के 'टी2' क्वालीफिकेशन में अनीश ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 582 अंक के साथ जीत दर्ज की।

अलीरेजा को हराकर गुकेश ने हासिल की एकल बढ़त

टोरंटो। युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराकर एकल बढ़त हासिल की। इस तरह गुकेश अब तक के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप दावेदार बनने की कोशिश में जुटे हैं। अब टूर्नामेंट में बस एक दौर बचा है।

चेन्नई के 17 वर्षीय गुकेश अगर कैंडिडेट्स में विजेता बनते हैं तो विश्व चैंपियन के खिताब के लिए उनकी भिड़ंत चीन के डिंग लिरेन से होगी। महिलाओं की स्पर्धा में कोनेरू हम्पी ने अन्ना मुजिचुक से ड्रा खेला जबकि वैशाली रमेशबाबू ने लेई टिंग्जी को पराजित किया। वैशाली ने इस तरह पिछली चार बाजियों में लगातार जीत दर्ज की है। रूस के इयान नेपोमनियाच्ची और अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने ड्रा खेला।

मेस्सी ने दागे दो गोल, इंटर मियामी ने नाशविले को हराया

फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में नाशविले एससी पर 3-1 से जीत दर्ज की। इन दो गोल से मेस्सी के एमएलएस में कुल सात गोल हो गए हैं। मेस्सी ने दो मार्च को ओरलांडो के खिलाफ मैच के दौरान भी दो गोल दागे थे। मेस्सी ने नाशविले एससी के खिलाफ मैच में एक गोल करने में भी मदद की। इंटर मियामी के लिए सर्गियो बुस्कुवेट्स ने अपना पहला गोल दागा। लुईस सुआरेज ने मेस्सी को पहला गोल करने में मदद की। मियामी के डिफेंडर फ्रैंको नेरी के दूसरे मिनट में आत्मघाती गोल से नाशविले एससी ने बढ़त बनाई। मेस्सी ने 11वें मिनट में अपना पहला गोल दागा जिसके बाद 39वें मिनट में बुस्कुवेट्स ने गोल कर अपनी टीम को 2-1 से आगे किया। मेस्सी ने फिर 81वें मिनट में पेनल्टी किक पर अपना दूसरा गोल किया।

बॉलीवुड हलचल

'कल्कि 2898 एडी' के नए पोस्टर में दिखा अमिताभ बच्चन का लुक

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की आने वाली फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' के नए पोस्टर में उनका लुक रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पिछले साल अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर जब उनका पहला लुक पोस्टर सामने आया था। तब से प्रशंसकों को फिल्म में अभिनेता के लुक और चरित्र के बारे में अधिक जानकारी का बेसब्री से इंतजार है। उत्साह को बढ़ाते हुए ''कल्कि 2898 एडी'' का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। नया पोस्टर हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित विभिन्न भाषाओं में साझा किया गया है। सफेद पोशाक पहने, अमिताभ बच्चन को एक मंदिर के अंदर रहस्यमय ढंग से बैठे और प्रकाश की चमकदार किरण की ओर देखते हुए देखा जा सकता है। पोस्टर पर लिखा है, समय आ गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित ''कल्कि 2898 एडी'' बहुभाषी फिल्म है।

बजरंगी भाईजान और राउड़ी राठौर का बनेगा सीक्वल

मुंबई। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की सुपरहिट फिल्म बजरंगी भाईजान और खिलाड़ी कुमार अक्षय की सुपरहिट फिल्म राउड़ी राठौर का सीक्वल बनने के कयास लगाए जा रहे हैं। सलमान खान के बहनोई और अभिनेता आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान के निर्माता केके राधामोहन ने बताया है कि सलमान और अक्षय की फिल्मों का वह सीक्वल बनाने वाले हैं। केके राधामोहन ने बताया है कि वह सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान और अक्षय कुमार की फिल्म राउड़ी राठौर का सीक्वल बनाएंगे। विजयेंद्र प्रसाद ने मेरे दो कहानी लिख रहे हैं, जिसमें राउड़ी राठौर 2 और बजरंगी भाईजान 2 है।

वेलकम टू द जंगल में हुई दो नए सितारों की एंट्री

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली मल्टी स्टारर फिल्म में अब दो अन्य स्टार्स की भी एंट्री हो गई है। 'वेलकम' और 'वेलकम 2' की सफलता के बाद अहमद खान के निर्देशन में बन रही फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का जब टाइटल ट्रैक वीडियो शेयर किया गया था, उसमें अक्षय कुमार, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, संजय दत्त, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडिस, परेश रावल, अरशद वारसी, जॉनी लीवर, कृष्णा अभिषेक और राजपाल यादव समेत कई स्टार्स दिखाई दिए थे। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और आफताब शिवदासानी की भी एंट्री हो गई है। इस फिल्म की आधी से ज्यादा शूटिंग मुंबई में ही पूरी की जाएगी। बेस इंडस्ट्रीज ग्रुप द्वारा प्रस्तुत ''वेलकम टू द जंगल'' फिरोज ए. नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और अहमद खान द्वारा निर्देशित है। यह फिल्म इस साल के अंत में 20 दिसंबर को क्रिसमस सप्ताह के दौरान रिलीज हो सकती है।

विश्व क्वालीफायर के लिए नए सिरे से ट्रायल कराएगा नाराज डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय पुरूष टीम के खराब प्रदर्शन से नाराज और चिंतित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विश्व क्वालीफायर में भारतीय टीम के चयन के लिए नए सिरे से ट्रायल कराने का फैसला किया है।

बिश्केक में एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने 18 में से चार ही कोटा स्थान हासिल किए और सभी महिला पहलवानों को मिले जिनमें विनेश फोगाट भी शामिल है। उनके अलावा अंतिम पंघाल (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो) और रीतिका (76 किलो) ने भी कोटा हासिल किया। अभी भी 14 श्रेणियां बची है और नौ मई से तुर्की में होने वाले विश्व क्वालीफायर में जीतना एशियाई क्वालीफायर की तुलना में कठिन होगा। डब्ल्यूएफआई सभी 14 श्रेणियों में ट्रायल का आयोजन करेगा। इनमें महिला वर्ग में दो (68 और 62 किलो), पुरूष फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन में छह छह वर्ग शामिल है जिनके ट्रायल अप्रैल के आखिरी सप्ताह या मई के प्रथम सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे। अध्यक्ष संजय सिंह ने भारतीय कोचों और समिति के सदस्यों से प्रदर्शन पर चर्चा की।

भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों का 'फ्लॉप शो'

बिश्केक (किर्गिस्तान)। भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों ने रविवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे इनमें से कोई भी पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल नहीं कर सका। सुनील (87 किग्रा) ही एकमात्र भारतीय थे जो एक मुकाबला जीतने में सफल रहे वर्ना अन्य तो अपने पहले दौर में ही हारने के बाद बाहर हो गए। सुनील ने अपने पहले मैच में जापान के प्रतिद्वंद्वी सोह साकाबे को 5-1 से मात दी। लेकिन क्वार्टरफाइनल में उज्बेकिस्तान के जलगासबे बर्डीमुरातोव से 2-4 से हार गए। अंशु (67 किग्रा) की चुनौती दो मिनट से कम समय में ही समाप्त हो गई। सुमित (60 किग्रा), विकास (77 किग्रा), नीतेश (97 किग्रा) और नवीन (130 किग्रा) भी पहले ही दौर में हार गए।

अगले चार माह में वजन प्रबंधन करना चुनौती: विनेश

बिश्केश (किर्गिस्तान)। ओलंपिक कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाए रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बिना अंक गंवाए अपना लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा पक्का कर लिया। विनेश भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध के कारण लगभग डेढ़ साल तक नियमित अभ्यास और खेल से दूर रही। इस दौरान अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कोटा स्थान हासिल कर लिया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

खाद्य तेल फैक्ट्री में ट्रक से कुचलकर सुपरवाइजर की मौत

परिजनों ने शव फैक्ट्री गेट पर रखकर किया हंगामा, 11 घंटे बाद प्रबंधन व पीड़ित पक्ष के बीच वार्ता, मुआवजे के आश्वासन पर शांत हुए

संवाददाता, रनियां

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के मुबारकपुर लाटा में नेशनल हाइवे किनारे संचालित खाद्य तेल बनाने वाली फैक्ट्री में भूसी लेकर बॉयलर प्लांट में डालने जा रहे ट्रक की चपेट में आकर सुपरवाइजर की मौत हो गई। परिजनों ने शव फैक्ट्री में रखकर हंगामा करते हुए मुआवजे की मांग शुरू कर दी। करीब 11 घंटे बाद मुआवजे के आश्वासन पर फैक्ट्री प्रबंधन और परिजनों के बीच समझौता हो सका।

रणवीर सिंह उर्फ गुड्डू।

गजनेर थाना क्षेत्र के ररुआ गांव निवासी रणवीर सिंह उर्फ गुड्डू सिंह (42) पुत्र जगन्नाथ औद्योगिक क्षेत्र रनियां के मुबारकपुर लाटा में संचालित खाद्य तेल बनाने वाली वैभव एडविल फैक्ट्री में सुपरवाइजर के तौर पर कार्यरत था। शनिवार रात करीब साढ़े बारह बजे वह कांटे के पास खड़ा था। इसी दौरान चालक कांटे पर भूसी लदा ट्रक तौल कराकर बायलर प्लांट जा रहा था। तभी चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए सुपरवाइजर रणवीर सिंह को रौंद दिया। सुपरवाइजर की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया और मृतक की पत्नी अनसूइया, पुत्रः गगन, साहिल, पुत्री आकांक्षा समेत अन्य बिलखते रहे। वहीं घटना से नाराज परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए फैक्ट्री परिसर में हंगामा शुरू कर दिया और मुआवजे की मांग करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। करीब ग्यारह घंटे बाद फैक्ट्री प्रबंधन व मृतक के परिजनों के बीच 16 लाख रुपये देने के आश्वासन पर आपसी समझौता हो गया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी रनिया महेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। फैक्ट्री प्रबंधन व परिजनों के बीच समझौता होने की बात कही जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इसी ट्रक से सुपरवाइजर की हुई मौत।

फैक्ट्री में रोती-बिलखती महिलाएं। अमृत विचार

प्रबंधन व परिजनों के बीच समझौता कराते थाना प्रभारी। अमृत विचार

हाईवे की सर्विस लेन पर अतिक्रमण किए टैंकर व अन्य भारी वाहन।

सर्विस रोड पर भारी वाहनों का कब्जा

मुबारकपुर लाटा में खाद्य तेल बनाने वाली फैक्ट्री संचालक नियम कायदे ताक पर रखकर काम कर रहे हैं। हालत यह है कि हाईवे की सर्विस लेन पर फैक्ट्री में आने वाले ट्रक व टैंकरों की कब्जा रहता है। जिससे वाहन व पैदल राहगीरों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ती है। साथ ही आए दिन हादसे भी होते रहते हैं। पूर्व में पुलिस ने सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाने की चेतावनी भी दी थी, लेकिन अभी तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका है। वहीं चिमनी से उठने वाला धुआं लोगों की सेहत भी बिगाड़ रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं।

विद्यालयों में भोजन की गुणवत्ता जांचेगा मां समूह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- 1925 परिषदीय स्कूलों में 1.45 लाख बच्चों का बनता एमडीएम

अमृत विचार। सरकारी विद्यालयों में बन रहे दोपहर के भोजन का अब पहला निवाला मां चखेगी। राज्य सरकार ने सभी स्कूलों को आदेश जारी किए हैं कि प्रतिदिन माताओं को भोजन चखाकर मिडडे मील की गुणवत्ता परखी जाए।

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित स्कूलों में चलाई जा रही माध्यांह भोजन की गुणवत्ता को परखने के लिए गठित मां समूह को पूरी तरह से सक्रिय किया जा रहा है। स्कूलों में बनने वाले भोजन को मां समूह की सदस्यों द्वारा पहले चखा जाएगा। उसके बाद ही बच्चों के थाली में परोसा जाएगा। जिले में संचालित 1925 परिषदीय स्कूलों में 1.45 लाख बच्चों के लिए एमडीएम बनता है। भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए सभी स्कूलों में छह सदस्यीय मां समूह का गठन पूर्व में ही किया गया था। अब उसमें चेंजमेंट करते हुए नए मां समूह का गठन किया जाना है। क्योंकि मां समूह की सदस्य उसी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की मां होती हैं। मध्यांह भोजन बनने के बाद मां सदस्य द्वारा उसे चखा जाता है। उसके बाद सब कुछ ठीक होने के बाद ही बच्चों को परोसा जाता है। यह समूह भोजन के साथ-साथ रसोई घर की सफाई समेत अन्य बिंदुओं पर नजर रखती हैं। लेकिन अधिकांश स्कूलों में समूहों के सक्रिय न होने की दशा पर हाल में नए मां समूह के गठन के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल काफी समय से ऐसी शिकायतें जिम्मेदारों तक पहुंच रही थीं कि स्कूलों में मिलने वाले खाने में मनमानी की जा रही है। न केवल मेन्यू में मनमानी हो रही है। बल्कि खाने की गुणवत्ता भी टीक नहीं है। यही कारण है कि बच्चों की स्कूल पहुंचने में रुचि भी बहुत ज्यादा नहीं रहती है। इस बात की जरूरत महसूस की गई कि स्कूलों में बनने वाले खाने पर पूरी नजर रखी जाए और किसी तरह की मनमानी न हो।

बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि परिषदीय स्कूलों में गठित मां समूह की सदस्य भोजन की गुणवत्ता के साथ पर्याप्त भोजन, दूध, फल वितरण पर नजर रखती हैं।

आरोग्य मेला : बुखार, उल्टी-दस्त व त्वचा रोगी आए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- तापमान में इजाफा होने से बढ़ रहे मरीज, सावधानी बरतने की सलाह

अमृत विचार। जिले के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में मरीजों का उपचार कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की गई। लगातार बढ़ते तापमान के बुखार, उल्टी-दस्त व त्वचा के मरीजों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। रविवार को आरोग्य मेले में 400 से अधिक बुखार, त्वचा व उल्टी-दस्त मरीजों का उपचार किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर जायजा लेते रहे।

पिछले कई दिनों से मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है और तापमान में इजाफा हो रहा है। हालत यह है कि दोपहर के समय अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहता है। ऐसे में लोगों ने एसी, कूलर आदि का इस्तेमाल शुरू कर दिया गया और लापरवाही कर रहे हैं। जिसके चलते अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। ऐसे में बुखार, उल्टी-दस्त व त्वचा मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निशांत पाठक का कहना है कि दोपहर के समय तापमान करीब 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तक चला जाता है। ऐसे में लोग घर से निकलते समय आधे बांह के कपड़े पहनते हैं। जिससे सूर्य की सीधी किरणों त्वचा पर पड़ती है और झुलसने लगती है। इससे बचाव करें। वहीं बदलते मौसम में खानपान भी संतुलित न होने के कारण बुखार व उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में लोग बाजार की खुली सामग्री खाने से बचें और घर का बना खाना ही खाएं। किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तुरंत अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल मंन संपर्क कर जांच के बाद दवा का सेवन करें। वहीं आरोग्य मेले में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए अधिकारी भ्रमण करते रहे। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ. राजकिशोर ने सीएचसी शिवली व पीएचसी मैथा का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची और चिकित्सकों को निर्देश दिए। इसी तरह डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान ने सीएचसी देवीपुर व पीएचसी बरौर और मलासा का निरीक्षण किया। जबकि डिप्टी सीएमओ डॉ. डीके सिंह ने सीएचसी अकबरपुर व पीएचसी मड़ौली का निरीक्षण कर जायजा लिया। आरोग्य मेले के नोडल ने बताया कि रविवार को सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर बुखार के 119, उल्टी-दस्त के 111 व त्वचा रोग 174 समेत कुल 1269 मरीजों का उपचार किया गया है। साथ ही 60 मरीजों की मलेरिया व तीन की डेंगू जांच की गई। हालाकि कोई भी पॉजिटिव नहीं पाया गया।

आरोग्य मेले का निरीक्षण करते स्वास्थ्य अधिकारी। अमृत विचार

प्रेम प्रसंग में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

मंगलपुर। थाना क्षेत्र के प्रयागपुर गांव में एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसका शव घर के अंदर कमरे में लटकता मिला। परिजनों ने प्रेम प्रसंग के चलते जान देने की बात कही है।

मंगलपुर क्षेत्र के प्रयागपुर गांव निवासी अतर सिंह (20) रविवार को घर के अंदर कमरे में साड़ी के फंदे से लटका हुआ मिला। घर के सभी लोग किसी की बीमारी के चलते कानपुर के एक निजी अस्पताल में ही करीब दस दिनों से रुके हुए थे। इस बीच अतर सिंह घर में अकेला रहता था। पारिवारी जन गांव में ही एक महिला के साथ उसके प्रेम संबंध होने की बात कह रहे थे। मौत पर मां गीता देवी, बहन अंगूरी देवी, भाई गुलाब, पिता राजू आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

ऑनलाइन हाजिरी में शिक्षकों का नहीं चलने पाएगा बहाना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- कंपोजिट ग्रांट से उपलब्ध कराया जाएगा सिम व डाटा

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में टैबलेट के संचालन को लेकर अब कोई बहना नहीं चलेगा। प्रत्येक विद्यालय में दिए गए टैबलेट के लिए सिम और डाटा विभाग की ओर से उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए विभाग विद्यालयों को दी जाने वाली कंपोजिट ग्रांट से सिम और डाटा स्वयं खरीदेगा। बाकी ग्रांट की बची हुई धनराशि को विद्यालय प्रबंध समिति के खाते में भेजा जाएगा।

इस बारे में शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। दरअसल प्रत्येक विद्यालय में दो टैबलेट का वितरण पिछले साल ही किया गया था। इसके माध्यम से सभी ऑनलाइन कार्य और शिक्षकों की उपस्थिति भी दर्ज होनी थी, लेकिन शिक्षकों का विरोध इस बात को लेकर था कि जब तक विभाग सिम और डाटा नहीं उपलब्ध कराएगा। तब तक वह टैबलेट का संचालन नहीं करेंगे। जिसपर विभाग की ओर से ये अनुमति दी गई कि कंपोजिट ग्रांट से सिम और डाटा खरीद लिया जाए, लेकिन उसके बाद भी शिक्षकों ने कहा कि वह सिम लेने के लिए अपनी आईडी का इस्तेमाल नहीं करेंगे। इसको देखते हुए विभाग ने अब नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। विभाग की मंशा है कि नए शैक्षिक सत्र 2024-25 में टैबलेट का इस्तेमाल पूरी तरह से शुरू हो जाए। इसके लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी सभी स्कूलों के लिए सीयूजी नंबर एलॉट करेंगे, जिस तरीके से खंड शिक्षा अधिकारियों को सीयूजी नंबर प्रदान किए जाते हैं। उसी तर्ज पर प्रत्येक विद्यालय को दो सिम कार्ड अलॉट किए जाएंगे। अब शिक्षक ऑनलाइन अटेंडेंस से किसी भी प्रकार के बहाने से नहीं बच पाएंगे। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि शासन के निर्देशों का हरहाल में अनुपालन कराया जाएगा।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

गेहूं की जली फसल को देखते लोग। अमृत विचार

नकसिया में आग से तीन बीघा गेहूं की फसल जली

संवाददाता, रूरा

- किसानों की सूचना पर भी मौके पर नहीं पहुंची दमकल

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के नकसिया गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के खेतों में आग लग गई। जिससे लगभग तीन बीघा गेहूं फसल जलकर राख हो गई।

मैथा तहसील क्षेत्र के नकसिया में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों से आग लगने से गांव के राम औतार की डेढ़ बीघा व पिंटू की डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की घटनाओं से करीब कई किसान की मेहनत पर पानी फिर गया। वहीं, आग लगने के बाद सूचना देने पर भी फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंची। जिससे नुकसान अधिक हुआ। इसको लेकर किसान फायर कर्मियों को कोसते रहे।

मां अन्नपूर्णा मंदिर में भंडारा आज

कानपुर देहात। अकबरपुर कस्बा के पुरानी सब्जी मंडी अशोकनगर कालीगंज में माता अन्नपूर्णा मंदिर परिसर स्थल में भंडारा का आयोजन आज सोमवार को रखा गया है। यह जानकारी मंदिर समिति के सदस्यों ने दी।

संसदीय क्षेत्र में 'बीमार' बसपा के डॉक्टर होंगे मनीष सचान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। कभी दो दशक तक फतेहपुर संसदीय क्षेत्र में चुनावी परिणाम से चौंकाने वाली बहुजन समाज पार्टी के हाथी की चाल बेहद सुस्त है। जिले में बीमार पड़ी बसपा को ठीक कर लोकसभा चुनाव में विजयश्री हासिल करने की जिम्मेदारी, नेतृत्व ने डॉ. मनीष सचान को सौंपी है।

जिले में दो दशक का राजनैतिक इतिहास ऐसा रहा कि यहां के मतदाताओं ने अप्रत्याशित परिणाम बसपा की झोली में डाल दिए लेकिन जैसे ही पराभव शुरू हुआ तो नुमाइंदगी करने वाले जिले के कद्दावर नेताओं ने एक-एक करके हाथी की सवारी छोड़ दी। अभी चुनावी फीवर यहां सही ढंग से चढ़ा नहीं है लेकिन नेतृत्व को उम्मीद है कि प्रत्याशी डॉ. मनीष सचान बीमार बसपा को सही इलाज देकर ठीक करने में कामयाब हो जाएंगे। गंगा-यमुना के दोआबा में बसे जनपद का राजनैतिक इतिहास सबको गले लगाने वाला रहा है।

वो बात दीगर रही कि प्यार में यहां के लोगों को धोखा हर बार मिला लेकिन बार-बार धोखा खाने के बावजूद नेताओं के वादों पर चुनाव-दर-चुनाव ऐतबार मतदाता करते रहे।

अन्य दलों पर भी निगाहें

एक बार फिर लोकसभा चुनाव का बिगुल फुंक चुका है। दलों ने 18वीं लोकसभा के चुनाव को लेकर अपना ताना-बाना बुनना शुरू कर दिया है। भाजपा ने तीसरी बार केंद्र में राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को फिर से प्रत्याशी बनाया है तो कांग्रेस-सपा गठबंधन के प्रत्याशी की घोषणा होना अभी बाकी है। बसपा ने प्रत्याशी डॉक्टर मनीष सचान को बनाया है। नेतृत्व को उम्मीद है कि जिले में बीमार बसपा का इलाज डॉ, मनीष कर सकेंगे।

- आज वजूद की लड़ाई लड़ रही है बसपा
- दो दशक तक विपक्षी दलों की नींद उड़ाए रही

संसद की ड्योढ़ी तक पहुंचने की बेताबी

वैसे तो करीब 29 लाख की आबादी वाले इस संसदीय क्षेत्र में 18वीं लोकसभा के लिए 19 लाख 31 हजार 895 मतदाता 5वें चरण में यहां 20 मई को मतदान करेंगे। लेकिन उसके पहले संसद की ड्योढ़ी तक पहुंचने के लिए जीत का ताना-बाना राजनैतिक पार्टियों द्वारा बुना जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की जीत की हैट्रिक को रोकने के लिए बेताब दिख रहा कांग्रेस-सपा गठबंधन फूंक-फूंक कर कदम रखना चाह रहा है। जातीय समीकरणों को साधने के चक्कर में ही सपा के टिकट की घोषणा में विलंब हो रहा है। दलित, मुस्लिम एवं बिरादरी के कुर्मी मतदाताओं के अलावा सर्व समाज की बात करने वाली बसपा डॉक्टर मनीष सचान के सहारे दिल्ली का रास्ता तय करना चाह रही है।

एक समय बसपा का गढ़ था दोआबा

भले ही मौजूदा समय में हाथी जिले में दलदल में फंसा हो लेकिन कभी यहां उसकी चाल मतवाली रही है। वर्ष 1993 से लेकर 2012 तक के विधानसभा व लोकसभा के चुनाव में जिस तरह से बहुजन समाज पार्टी ने चौंकानें वाले परिणाम दिए, उससे विपक्षी दलों की आंखों की नींदन उड़ी रहीं। एक समय तो ऐसा भी आया जब जिले को बहुजन समाज पार्टी का गढ़ माना जाने लगा था। वर्ष 1993 में पहली बार बसपा ने किशनपुर से विधानसभा में जीत दर्ज की तो फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। वर्ष 1996 के विधानसभा चुनाव में 06 में 05, वर्ष 2002 में 03, वर्ष 2007 में 04 और 2012 में 03 विधानसभा सीटों को जीतने के अलावा 1996 एवं 2004 के लोकसभा चुनाव में भी बहुजन समाज पार्टी ने जीत का परचम लहराया। लोकसभा के 2009, 2014, 2019 के चुनाव में बसपा भी अपने गढ़ को नहीं बचा पाई और उसके बाद से जो पराभव शुरू हुआ तो फिर बहुजन समाज पार्टी यहां उबर नहीं पाई। लोकसभा 2009, 2014 व 2019 के चुनाव में दूसरे नंबर पर वोट पाने वाली पार्टी रही।

पराभव होते ही फिसलते गए कद्दावर

वर्ष 2007 में विधानसभा में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने वाली बसपा का जिले में चरम काल था। यहां जिले के बड़े राजनैतिक रसूख रखने वाले नेता बसपा का दामन थामनें को बेताब नजर आ रहे थे लेकिन जैसे ही पार्टी का पराभव शुरू हुआ पार्टी के बड़े नेता पूर्व विधायक मोहम्मद सफीर, आनंद लोधी, मोहम्मद आसिफ, अयोध्या पाल, आदित्य पांडेय सहित प्रदीप गर्ग, समीर त्रिवेदी समय-समय पर बसपा का दामन छोड़ते चले गए और दिनों दिन बसपा यहां कमजोर होती चली गई। बसपा के कद्दावर नेता पूर्व विधायक मुरलीधर गौतम एवं पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील गौतम तक को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था लेकिन वह पुन: बसपा में आ गए। अकेले असलम शेर खां ही ऐसा चेहरा हैं जो किसी भी परिस्थिति में बसपा के साथ खड़े नजर आए। कभी दलितों की बात करने वाली पार्टी सर्व समाज के सहारे चुनावी मैदान में सामने आयी तो प्रदेश की सत्ता तक में पूर्ण बहुमत से काबिज हो गई लेकिन मौजूदा समय में जिले में बसपा के सामने इतिहास दोहरा चुनावी फतह बड़ी चुनौती होगी। लोकसभा के 1996 एवं 2004 के इतिहास को दोहराने के लिए बसपा क्या करेगी ये तो समय बताएगा! लेकिन यहां बीमार चल रही बसपा को सही उपचार देने की जिम्मेदारी फिलहाल डॉक्टर मनीष सचान के जिम्मे है।

दो स्थानों में आग लगने से जली 37 बीघा फसल, मचा कोहराम

ग्रामीण बुझाने को दौड़े, लेकिन आग विकराल होने से पीछे हटे, दमकल ने बुझाया

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। अलग-अलग दो स्थानों में आग लगने से गेहूं की 37 बीघा फसल जलकर राख हो गई। हुसेनगंज और कल्यानपुर थाना क्षेत्र में हुई घटनाओं में दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के सहिमापुर उन्नौर गांव में अचानक फसल में आग लग गई। किसानों के बंधे पड़े गेहूं के बोझ भी आग की चपेट में आ गए। ग्रामीण आग पर काबू पाने को दौड़े, लेकिन विकराल आग के आगे कुछ भी न बचा सके। दमकल के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। मौके पर लेखपाल कृष्ण कुमार पहुंचे। उन्होंने बताया कि गांव के राम मिलन, रज्जन, जगतपाल सिंह, फूल सिंह, धुन्ना सिंह गौर, धर्मपाल, रमेश, दिलीप पटेल, दहाड़े, नरेंद्र की कुल 35 बीघा गेंहू की फसल जली है। उधर, कल्यानपुर थाना क्षेत्र के उमरौड़ी कल्यानपुर में दोपहर को फसल में अचानक आग लग गई। उमरौड़ी कल्यानपुर निवासी ननकू यादव की एक बीघा, हरिपाल के एक बीघा फसल जल गई। ग्रामीणों ने आग पर जल्द काबू पा लिया। आग बुझने के बाद दमकल मौके पर पहुंची।

बिजली का तार टूटा, सात बीघा गेहूं की फसल जली: बिंदकी फतेहपुर। गेहूं की पकी फसल के ऊपर बिजली का तार टूट कर गिर गया। जिसके चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों को जानकारी हुई तो मौके पर पहुंचे। काफी प्रयास के बाद आग को बुझाया गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड भी पहुंची और आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया। तब तक दो किसानो की लगभग 7 बीघा गेहूं की फसल जल गई।

कोतवाली क्षेत्र के तेंदुली गांव में रविवार को दिन में करीब 2:00 बजे गेहूं की पकी फसल के ऊपर से गए बिजली के तारों में से एक तार टूटकर गिर गया। जिसके चलते आग लग गई। आग लगने की जानकारी होने पर 112 नंबर पुलिस के साथ लेखपाल भान सिंह भी मौके पर पहुंचे।

इस मामले में गांव के राम प्रसाद तथा अंकित मिश्रा ने बताया कि श्रीकृष्ण की चार बीघा तथा बबलू सिंह की तीन बीघा कुल लगभग 7 बीघा गेहूं की फसल जली है।

खेतों में लगी आग से जली गेहूं की फसल। अमृत विचार

- हुसेनगंज और कल्यानपुर क्षेत्र में हुईं घटनाएं

स्क्रीन के माध्यम से प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक। अमृत विचार

137 हज यात्रियों को प्रशिक्षण महिलाएं अधिक रहीं

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। शहर के आबूनगर स्थित एक मैरिज हॉल में हज तरबियत कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें हज प्रशिक्षक अलहाज शारिक अल्वी ने विस्तार से प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में 137 हज यात्रियों ने भाग लिया। जिसमें महिलाओं की भी बड़ी संख्या रही। हज में जाने वाले लोगों को हज ट्रेनर अलहाज शारिक अल्वी ने बताया कि अभी यात्रा के पहले दो प्रशिक्षण और होंगे। इसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा जारी प्रमाण पत्र मिलने के बाद टीका लगाया जाएगा। उसके बाद जब हज जाने के लिए यात्री पूरे नियमों का पालन कर लेंगे तो फिर उन्हें हज यात्रा की तारीख बताई जाएगी। जिसके तहत वह फिर आसानी से हज यात्रा कर सकेंगे। इस अवसर पर तमाम हज यात्रियों ने हज यात्रा में जाने से पहले छोटी-छोटी बारीकियां को भी हज ट्रेनर से पूछा। जिसे हज ट्रेनर ने बड़े ही सरलता से जवाब दिया और तमाम हज यात्री संतुष्ट भी हुए। इस अवसर पर आरिफ अख्तर अच्छे, सलीम अनवर, गुलाम सरवर, घनश्याम, हाजी अबसार, हाजी इलियास सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

इंटर में नौवां स्थान पाने वाली आग्रिका बोलीं, मेहनत पर पूरा भरोसा था

संवाददाता, धाता-फतेहपुर

अमृत विचार। कड़ी मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने वालों की मंजिल खुद ब खुद कदम चूमती है। एक दिन पूर्व शनिवार को जारी हुए यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में एक किसान की बेटी ने इंटरमीडियट में प्रदेश की टाप-10 सूची में नौंवा स्थान लाकर न सिर्फ अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है बल्कि अपने विद्यालय समेत माता पिता का नाम भी रोशन किया है। मेधा के घर में खुशियों का महौल है।

क्षेत्र के ग्राम सभा भदियापुर के रहने वाले कुंवर सिंह एवं कलावती सिंह की पुत्री आग्रिका सिंह इंटरमीडिएट में प्रदेश में 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ 9वां स्थान हासिल किया है। तीन बहन और एक भाई में तीसरे नंबर की आग्रिका चौ. आरएसएसबीएस इंटर कालेज बेलाई धाता में पढ़ रही है। मेधा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ गुरुजनों को दिया है। उन्होंने बताया की ऐसी सफलता की मुझे पूरी उम्मीद थी और मैंने पढ़ाई करने के लिए कोई समय निर्धारित नहीं किया था। लेकिन जब भी मैं पढ़ाई करती थी।

अपने परिजनों के साथ खुशी मनाती मेधा। अमृत विचार

स्कूल की मेधाओं का मुंह मीठा कराते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कालेज की छाई मेधाएं

फतेहपुर। यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में शहर के लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कालेज पनी का हाईस्कूल एवं इण्टर परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। मंतशा एवं इकरा ने इन्टर में 90 प्रतिशत अंक एवं हाईस्कूल में अक्षत एवं जोया ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमिताभ बिहारी शरण ने विद्यालय छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर मुंह मीठा कराया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि छात्र- छात्राओं ने परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर कमल चन्द वर्मा, राम किशोर गुप्ता, आशीष मिश्रा, सर्वेश श्रीवास्तव, अब्दुल कुद्दुश, रवि कुमार, लीना श्रीवास्तव, शिवानी श्रीवास्तव राजकुमार, रवि गुप्ता, अंशुमान तिवारी आदि मौजूद रहे।

95 प्रतिशत के साथ मधु ने किया स्कूल टॉप

थरियांव फतेहपुर। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के हाई स्कूल इंटर के रिजल्ट में कस्बा थरियांव के पॉवर हाउस मोड़ स्थित सरला देवी श्रीराम इंटर कॉलेज व श्रीराम जानकी इण्टर कॉलेज नौबस्ता मंडासराय के मेधावियों ने अच्छे अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। सरला देवी विद्यालय के इंटर की छात्रा मधु लोधी पुत्री रुद्र प्रताप ने 95 .20 फीसदी अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान बनाया। इनका जिले में दसवां स्थान रहा। वहीं सरला देवी इण्टर कालेज के लवली देवी पुत्री रामप्रवेश ने 91 .4 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय की मेरिट में स्थान बनाया। वहीं राम जानकी इण्टर कॉलेज की इंटर की छात्रा नैंशी शर्मा, श्रद्धांजलि, अभय प्रताप, प्रियंका देवी, सपना देवी, मनीष कुमार पाल आदि ने भी अच्छे अंक प्राप्त किए।

मनाई गईं खुशियां

औंग। कस्बे स्थित श्रीमती जनकदुलारी रामबहादुर पटेल इन्टर कॉलेज की इण्टर मीडिएट छात्रा देवांशी तिवारी ने 95 प्रतिशत व हाईस्कूल में आकाश ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। इसी तरह सर्वोदय इन्टर कॉलेज गोपालगंज के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में बच्चों ने शत-प्रतिशत अंक लाकर के विद्यालय का नाम रोशन किया। हाईस्कूल में 258 परीक्षार्थी में 253 ने परीक्षा दी और 234 उत्तीर्ण हुए। हाईस्कूल का परिणाम 92 .5 प्रतिशत रहा। जिसमें हिमांशु प्रताप सिंह ने 90 .67 प्रतिशत अंक प्राप्त किए तो वहीं पर इंटरमीडिएट में कुल 329 परीक्षार्थी में 322 उपस्थित रहे व 307 उत्तीर्ण हुए। परिणाम 95 .34 प्रतिशत रहा। विद्यालय के गौरव सिंह पुत्र राम सेवक सिंह 90 .6 प्रतिशत सर्वाधिक अंक प्राप्त किए।

चुनावी चखचख | 1998 के लोस चुनाव में भाजपा के टिकट से सुखदा मिश्रा चुनी गई थीं सांसद

इटावा लोकसभा क्षेत्र से सिर्फ एक बार चुनी गई महिला

मोहम्मद तसलीम मंसूरी, राजपुर

अमृत विचार। आजादी के 75 सालों में लोकसभा के कई चुनाव हो चुके है। राजनीतिक लिहाज से इटावा लोकसभा सभा सीट काफी अहम मानी जाती है। राजनीतिक दलों के लोग आधी आबादी को बराबरी का दर्जा देने का दावा भी करते हैं। इतिहास पर नजर डालें तो वर्ष 1998 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इटावा से सुखदा मिश्रा को प्रत्याशी घोषित किया गया था। उन्होंने सपा प्रत्याशी राम सिंह शाक्य को कड़े मुकाबले में 31 हजार वोटों से शिकस्त दी थी।

पहले इटावा तीन लोकसभा क्षेत्रों में शामिल थी। उसके बाद 1957 में इटावा संसदीय क्षेत्र बन गया। इसी में कानपुर देहात की सिकंदरा विधानसभा भी जुड़ी हुई है। इस सीट से अब तक 17 सांसद चुने जा चुके हैं। अब तक इटावा सीट से सिर्फ एक बार महिला सांसद निर्वाचित हुई हैं। हालांकि अलग-अलग दलों ने इस सीट से कई बार महिला उम्मीदवार उतारे, लेकिन एक बार ही महिला सांसद निर्वाचित हुई। हालांकि इस सीट पर 40 प्रतिशत से अधिक महिला मतदाताओं की संख्या है। अब तक हुए लोकसभा के चुनाव में बहुत कम बार महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारी गई। लेकिन जब भी महिला प्रत्याशी को चुनाव में उतारा गया। उन्होंने कड़ा मुकाबला किया। भाजपा ने पहली बार 1996 सुखदा मिश्रा को लोकसभा उम्मीदवार घोषित किया था। तब वह सपा प्रत्याशी राम सिंह शाक्य से चुनाव हारकर दूसरे नंबर पर रही। वर्ष 1998 में दोबारा लोकसभा चुनाव हुए भाजपा ने फिर से सुखदा मिश्रा को चुनाव मैदान में उम्मीदवार उतार दिया। इस चुनाव में सुखदा मिश्रा ने राम सिंह शाक्य को लगभग 31 हजार वोटों से हराकर पहली बार इटावा से महिला सांसद चुने जाने का गौरव प्राप्त किया। इसी तरह भाजपा ने वर्ष 2004 के चुनाव में सरिता भदौरिया को इटावा सीट से उम्मीदवार बनाया, लेकिन वह चुनाव हार गईं। वर्तमान में सरिता भदौरिया इटावा सदर सीट से दो बार से विधायक हैं।

पांच विधानसभाओं से मिलकर बनी इटावा लोकसभा

-इटावा लोकसभा सीट में इटावा, भरथना, दिबियापुर, औरैया व सिकंदरा पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इस सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या 17,57984 है। वर्ष 2019 में 10,27,815 ने मतदान किया था। जिनमें से कुल पुरुष मतदाता 5,58,464 और महिला मतदाता 4,64,983 थीं। वर्ष 2019 में कुल मतदान प्रतिशत 58 .47 था। भाजपा के डॉ राम शंकर कठेरिया ने 5,22,119 वोट पाकर जीत हासिल की थी।

15 साल पहले इटावा में शामिल हुई सिकंदरा विधानसभा

वर्ष 2009 में हुए परसीमन में सिकंदरा विधानसभा को इटावा लोकसभा में शामिल किया गया था। इससे पहले राजपुर व बाद में बनी सिकंदरा विधानसभा घाटमपुर लोकसभा का हिस्सा हुआ करती थी। घाटमपुर लोकसभा में शामिल रही यमुना बेल्ट की सिकंदरा विधानसभा को विकास की दरकार रही है। विधानसभा क्षेत्र में किसानों का प्रमुख मुद्दा सिंचाई संकट है। अमराहट कैनाल का द्वितीय चरण भले ही पूरा कर लिया गया है। फिलहाल सैकड़ों गांवों के लोगों को कैनाल से पानी नहीं मिल रहा है। इधर वर्ष 2009 में इटावा में सम्मिलित हुई सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र के किसी भी दल के नेता को इटावा लोकसभा से प्रत्याशी नहीं घोषित किया गया है। क्षेत्र के नेता को लोकसभा में प्रतिनिधित्व नहीं मिलने से क्षेत्र में विकास को पंख नहीं लग सके हैं।

बीमारी से तंग महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

बिंदकी। बीमारी से तंग आकर महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

जाफरगंज थाना क्षेत्र के जूड़ा खेड़ा गांव की महिला सुनीता देवी उम्र 47 और पत्नी दिलावर सिंह काफी दिनों से पेट की बीमारी से परेशान थी। शनिवार की रात को महिला सुनीता देवी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। महिला की हालत बिगड़ी तो परिजनों को जानकारी हुई। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार महिला काफी दिनों से पेट की बीमारी से परेशान थी।

सार-संक्षेप

चुनाव के लिए मथुरा भेजा गया पुलिस बल

कानपुर देहात। मथुरा में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जनपद से पुलिस बल भेजा गया है। रविवार को एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में एएसपी राजेश पांडेय ने निर्वाचन प्रक्रिया में शांति व सुरक्षा ड्यूटी को लेकर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की ब्रीफिंग की। उन्होंने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ही चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराएं। इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बाद में एएसपी ने पुलिस कर्मियों की चुनाव ड्यूटी बस को हरी झंडी दिखा कर जनपद मथुरा के लिए रवाना किया।

प्रोजेक्ट नई किरण में चार प्रकरणों में समझौता

कानपुर देहात। रविवार को माती पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान सुनवाई के लिए 30 मामले रखे गए। नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद चार परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता करा दिया गया। पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गए। शेष प्रार्थना पत्रों में सुनवाई के लिए आगे की तिथि दी गई। इस दौरान महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी निरीक्षक सीमा सिंह, महिला थानाध्यक्ष सुमन दीक्षित, कांस्टेबल आरती, इन्दू, रागिनी, नई किरण सदस्य डॉ पूनम गुप्ता व श्रीरामप्रकाश आदि मौजूद रहे।

फ्लाइंग स्क्वॉयड टीम ने की वाहन चेकिंग

संदलपुर। डेरापुर क्षेत्र में थाना पुलिस ने वाहनों को रोककर चेकिंग अभियान चलाया। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही फ्लाइंग स्क्वॉयड टीमों ने भी सक्रियता बढ़ा दी है। रविवार को फ्लाइंग स्क्वायड प्रभारी संजय कुमार ने टीम के साथ मंगलपुर तिराहे में चौपहिया वाहनों की चेकिंग की। उन्होंने बताया कि चुनाव को देखते हुए क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। कोई अवैध सामग्री या 50 हजार से अधिक की नगदी ले जाते पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सामग्री और नकदी जब्त कर ली जाएगी। इस दौरान थाना प्रभारी अनिल कुमार, एसआई धर्मेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत, एक घायल

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के मुत्तौर पेट्रोल पंप के समीप ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह (झलिया थोक) निवासी राम सजीवन का 35 वर्षीय पुत्र पप्पू और ललौली थाना क्षेत्र के कोर्रा कनक गांव निवासी पृथ्वी पाल का 35 वर्षीय पुत्र गोरेलाल दोनों बाइक पर सवार होकर मुत्तौर पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल डलवाने गए थे और जब वहां से वह वापस अपने घर लौटने लगे तभी ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। परिजनों को जानकारी हुई तो एंबुलेंस बुलाकर युवको को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टर ने पप्पू को मृत घोषित करते हुए उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस में रखवा कर घायल गोरे लाल को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

जाम लगाने पर मुकदमा दर्ज

कानपुर देहात। मंगलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार को रसूलाबाद झींझक मार्ग पर कुंतल्लिया गांव के पास चचेरे भाई के बारात के लिए सामान लेने जा रहे 40 वर्षीय प्रेम नारायण की स्कॉर्पियो की टक्कर से सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर लोगो द्वारा चार घंटे मार्ग अवरूद्ध कर दिया था। पुलिस ने जाम लगाने में 10 नामजद व 20-25 अज्ञात लोगों के विरुद्ध झींझक चौकी इंचार्ज अनुज अवस्थी ने थाना मंगलपुर मे मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत, हत्या का आरोप

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के बंसी का पुरवा मजरे कस्बा सोहन में महिला ने संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मृतका के शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के बंसी का पुरवा मजरे कस्बा सोहन निवासी झूरी की 55 वर्षीय पत्नी केलपति की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतका के पति ने बताया कि सास और बहू के बीच विवाद हुआ था। तभी उसने ज़हरीला पदार्थ खा लिया और मृतका के भाई चंद्रशेन ने बताया कि बहन के ससुराल वालों ने बहन की मौत की खबर हम लोगों को नहीं दिया। बहन की हत्या किए जाने का भाई ने बहन के ससुराल वालों पर आरोप लगाया है।

राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत, वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची

रनिया-कानपुर देहात। विद्युत लाइन की चपेट में आने के कारण राष्ट्रीय पक्षी मोर चिपक गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों की मदद से राष्ट्रीय पक्षी को विद्युत पोल से उतरवा कर उपचार के लिए भिजवाया जहां उसकी उपचार के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। किशरवल गांव के पास से निकली 11000 के विद्युत लाइन के जंपर काफी ढीले होने के कारण आए दिन किसी न किसी पक्षी की मौत होती रहती है। रविवार को जब राष्ट्रीय पक्षी मोर उसी विद्युत पोल पर बैठा तो वह भी विद्युत की चपेट में आ गया। ग्रामीणों ने सूचना पहले बिजली विभाग को दी और फिर लोगों ने वन विभाग कर्मियों को सूचित करते हुए उन्हें इस घटना के बाबत अवगत कराया। वन विभाग के अधिकारी अमित कटियार मौके पर पहुंचे। उक्त मोर को विद्युत पोल से नीचे उतरवा कर उपचार के लिए भेजा जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

तेज रफ्तार बाइक फिसलने से तीन घायल

राजपुर-कानपुर देहात। राजपुर के बदनपुर गांव निवासी गोविन्द सिंह ने बताया कि सोमवार को शादी समारोह में शामिल होने के लिए वह रविवार को अपनी बड़ी बहिन सुमन देवी (35) भांजे लकी (12) को बाइक से लेने कानपुर नगर के रेउना मोतीपुर गाँव गया था। जाहगीरपुर गांव के सामने मुगल रोड पर बाइक के सामने जंगली जानवर आ गया। जानवर को बचाने के चक्कर में उसकी बाइक फिसलकर खडड में गिर गई। हादसे में गोविन्द (30) सुमन (35) भांजा लकी घायल हो गये।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

मामूली बात पर छोटे भाई की हत्या

बाइक ले जाने को लेकर हुआ विवाद, बच्चों के खेलने वाली गाड़ी सिर पर मारी

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। दो भाइयों के बीच बाइक ले जाने के विवाद पर बड़े भाई ने छोटे भाई पर बच्चों की खेलने वाली लकड़ी की तीन पहिया गाड़ी सिर पर मार दी, जिससे छोटे भाई की मौके पर मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाई भाग गया। परिजन की सूचना पर पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के पटरिया गांव के रहने वाले इंद्रपाल के बड़े पुत्र श्री कृष्ण और छोटे पुत्र शिवबाबू शनिवार रात पड़ोस के गांव में नौटंकी कार्यक्रम में जा रहे थे। वहां जाने से पहले दोनों ने साथ में शराब पी। फिर बाइक ले जाने पर विवाद हो गया। जिसके बाद आरोपी बड़े भाई श्रीकृष्ण ने मृतक छोटे भाई शिवबाबू पर घर पर बच्चों के खेलने वाली लकड़ी की तीन पहिया गाड़ी से छोटे भाई के सिर पर हमला कर दिया। बड़े के द्वारा छोटे भाई की हत्या करने के बाद वह फरार हो गया। सुबह जब परिजनों ने मृतक का शव खून से लथपथ देखा तो पुलिस को सूचना दी। हत्या की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जायजा लिया। बताया जा रहा है कि पड़ोस के गांव में नौटंकी कार्यक्रम में जाने के लिए दोनों भाई ने पहले साथ में शराब पिया। उसके बाद बड़ा भाई बाइक से अकेले जाने लगा। उसी बात को लेकर दोनों भाइयों में बाइक ले जाने को लेकर विवाद के बाद बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि रात में थाना क्षेत्र के पटरिया गांव में बाइक के विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या कर दी। आरोपी श्रीकृष्ण के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

मामले की जांच-पड़ताल करते हुए पुलिस। अमृत विचार

किशोरी का शव फंदे से लटकता मिला

असोथर। एक किशोरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला है। मामले की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं ग्रामीणों में घटना को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं भी रहीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। असोथर थाना क्षेत्र के सातों जोगा निवासी संतोष रैदास की 15 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी देवी का घर के कमरे में छत में लगे पंखे के कुंडे से साड़ी के फंदे में शव लटकता मिला है। चाचा प्रमोद कुमार ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को नीचे उतारा और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं किशोरी के परिजनों में कोहराम मचा रहा। बताया कि किशोरी के पिता मुंबई में रहकर मजदूरी का काम करते हैं। हल्का इंचार्ज डीडी वर्मा ने बताया कि सूचना पर वह गए थे, जांच में प्रथम दृष्टया खुदकुशी का मामला लगता है।

प्रतिबंधित मवेशियों से भरा कंटेनर पकड़ा गया

फतेहपुर। सदर कोतवाली पुलिस ने बजरंग दल के सूचना पर रविवार भोर पहर गोवंश से लदा एक कंटेनर पकड़ा है। हिन्दुवादी संगठनों ने महाराजपुर कानपुर ही इसकी लोकेशन पुलिस को दी थी।

बता दें कि कंटेनर पकड़ने का प्रयास पहले कल्यानपुर और मलवां पुलिस ने भी किया लेकिन वह असफल रहे। गौरतलब है कि इन दिनों कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर पशु तस्करों का हैवी सिंडिकेट सक्रिय है। इस कंटेनर की सूचना हिन्दुवादी संगठनों को समय रहते मिल गई तो करीब तीन दर्जन गोवंशों की जान बच गई।

बजरंग दल के ज़िला संयोजक राहुल अग्निहोत्री ने बताया कि रात में ही सभी गोवंशों को रारा गोशाला के सुपुर्द करवा दिया गया है। वहीं पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

किताबों के बिना बच्चे जा रहे स्कूल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- ज्यादातर बीआरसी कार्यालयों से स्कूलों को नहीं भेजी गईं पुस्तकें
- शासन की ओर से फरवरी में ही अधिकांश पुस्तकें भेज दी गई थीं

अमृत विचार। परिषदीय विद्यालयों में नए शिक्षासत्र की शुरुआत हुए करीब 20 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक अधिकांश स्कूलों में बच्चों को किताबें नहीं वितरित की जा सकी हैं। बीआरसी कार्यालयों से विद्यालयों में पुस्तकें नहीं भेजी जा सकी हैं। जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। बच्चे बिना किताबों के ही पढ़ाई कर रहे हैं।

शासन ने इस बार नए शिक्षा सत्र की शुरुआत में ही बच्चों को पुस्तकें उपलब्ध कराने की तैयारी की थी। इसके लिए फरवरी माह में ही कक्षा चार से आठवीं तक की किताबें शासन की तरफ से बेसिक शिक्षा विभाग को उपलब्ध करा दी गईं थीं। जिले के 2426 परिषदीय स्कूलों में करीब दो लाख अस्सी हजार बच्चे पढ़ाई करते हैं। बच्चों को पिछले वर्ष समय से पुस्तकें नहीं मिल पाई थीं। इसे ध्यान में रखते हुए इस वर्ष फरवरी माह में ही विभाग की मांग पर करीब चार लाख से अधिक किताबें भेज दी गईं। सत्यापन के बाद जिला मुख्यालय से सभी बीआरसी कार्यालयों पर किताबें भेज दी गईं।

नाम न छापने की शर्त पर शिक्षकों ने बताया कि हम लोगों को पुस्तकें ले जाने के लिए कहा जा रहा है। कुछ शिक्षक स्वयं निजी वाहनों से किताबें स्कूल ले जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, ब्लाक क्षेत्र के स्कूलों में वितरित करने के लिए किताबें बीआरसी भेजी गई हैं। यहां से शिक्षक खुद किताबें ले जा रहे हैं। किताबें न्याय पंचायत वार बांटी जा रही हैं। अभी मात्र बीस फीसदी पुस्तकें ही वितरित हो सकी हैं।

बीआरसी में भेजी जा रहीं आधी-अधूरी किताबें

परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की पूरी किताबें नहीं मिली हैं। जिससे स्कूलों में वितरित नहीं किया जा रहा है। बच्चे पुरानी किताबों से ही पढ़ाई कर रहे हैं। एक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि बीआरसी में आधी-अधूरी किताबें भेजी गई हैं। पुरानी किताबों से ही बच्चों को पढ़ाया जा रहा है।

पुरानी किताबों के सहारे बच्चे कर रहे पढ़ाई

ग्रामीणांचलों में स्थित कई प्राथमिक विद्यालयों में अभी तक बीआरसी से बच्चों को वितरण करने के लिए पुस्तकें नहीं मिली हैं। जिसके कारण पास आउट बच्चों से पुरानी किताबें लेकर बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि अभी तक बीआरसी से पुस्तकें नहीं मिली हैं।

> शासन से पुस्तकें आ चुकी हैं। सत्यापन के बाद सभी ब्लाक मुख्यालयों पर पुस्तकें भेजी जा चुकी हैं। वहां से सभी स्कूलों को पुस्तकें भेजी जा रही हैं। शिक्षक बच्चों को पुस्तकें वितरित कर रहे हैं।
>
> -अखिलेश सिंह, जिला समन्वयक

चैत के महीने में जेठ जैसी तपन आसमान से बरस रही 'आग'

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- लगातार बढ़ता जा रहा तापमान, चल रही गर्म हवाएं
- रविवार को भी सूरज ने तरेरी आंखें, लोग परेशान

अमृत विचार। मौसम का मिजाज दिन पर दिन तल्ख होता जा रहा है। गर्मी आम लोगों से लेकर हर किसी को बेहाल कर रही है। तल्ख धूप के कारण लोगों में बीमारी पनप रही है। वहीं प्रशासन की ओर से भी लोगों को हीटवेव से बचने की सलाह दी गई है। जिला अस्पताल में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। रविवार को तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गईं। पैदल चलने वालों के लिए चलना मुश्किल हो गया।

पुरुष गमछा व कैप के साथ आंखों पर चश्मा लगाए रहे। वहीं महिलाएं दुपट्टा व स्टॉल लगाए सफर करती नजर आईं। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से निकले। वहीं शाम के वक्त लोगों को मामूली राहत मिली। अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान लोगों के लिए मुसीबत बना है। रविवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा।

चैत के महीने में जेठ जैसी गर्मी ने आम आदमी को बेहाल कर दिया है। सुबह 9 बजे से ही हो रही तल्ख धूप दैनिक कामकाज पर निकलने वाले लोगों को प्रभावित कर रही है। रविवार की भी सुबह धूप और गर्मी के साथ हुई। वहीं 10 बजे से गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को फिर से छिपने को विवश कर दिया। लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण पशु पक्षियों को भी संकट उठाना पड़ रहा है। दोपहर 12 बजे तक भीड़भाड़ वाले बाजारों में भी सन्नाटा सा पसरा नजर आया। दुकानदारों की मानें तो अब शाम को ही व्यापार ठीक चल रहा है। गर्मी के कारण लोग धूप और लू का बचाव कर रहे हैं।

सड़क पर चेहरा व सिर ढंककर निकलतीं युवतियां। अमृत विचार

घर के बाहर चारपाई पर सो रहा अधेड़ घायल मिला

बिंदकी। रात में घर के बाहर चारपाई में सो रहा अधेड़ सुबह गंभीर रूप से खून से लथपथ मिला तो हडकंप अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

काजी खेड़ा गांव में दिनेश पाल उम्र 45 वर्ष पुत्र दयाशंकर अपने घर के बाहर शनिवार की रात को चारपाई में सोया हुआ था। रविवार की सुबह उसके पुत्र रामजी ने देखा तो उसके पिता खून से लथपत गंभीर अवस्था में घायल पड़े थे। खजुहा चौकी इंचार्ज भारत सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। सीनियर सब इंस्पेक्टर सत्यदेव गौतम पुलिस बल के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और परिजनों से पूछताछ किया। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

राइस मिल में हुई चोरी के खुलासे के करीब पुलिस

संवाददाता, फतेहपुर

- राइस मिल से चोरी हुए थे 450 क्विंटल चावल
- पुलिस ने चार लोडर बरामद कर पांच संदिग्धों को पकड़ा

अमृत विचार। लखनऊ रोड स्थित राइस मिल में 13 अप्रैल की रात हुई 450 क्विंटल चावल चोरी के मामले में पुलिस अब खुलासे के करीब पहुंच चुकी है। बता दें कि पुलिस ने चार लोडर बरामद करते हुए एक महिला समेत पांच संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के कटरा अब्दुल गनी निवासी बद्री बाबू गुप्ता ने 14 अप्रैल को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उनकी चौफेरवा में लक्ष्मी राइस मिल खुली हुई है। 13 अप्रैल की रात चोर दीवार तोड़कर मिल के अंदर पहुंचे और गोदाम के सटर का ताला तोड़कर गोदाम में रखी 450 कुंतल चावल की बोरियां वाहन में भरकर चोरी कर ले गए।

हालांकि पुलिस को पूरा मामला संदिग्ध लगा लेकिन बाद में चोरी होने की पुष्टि भी हो गई। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की और चोरों तक पहुंचने के प्रयास में जुट गई। पुलिस सूत्रों की मानें तो कोतवाली पुलिस ने एक महिला समेत पांच संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है।

वहीं पुलिस ने चार लोडर भी बरामद किए हैं। हालांकि पुलिस अभी मामले में कुछ नहीं बोल रही है, लेकिन सूत्रों की मानें तो पुलिस कभी भी मामले का खुलासा कर सकती है।

सार-संक्षेप

कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। अमृत विचार

कलश यात्रा निकाली, भागवत कथा शुरू

थरियांव। हसवा ब्लॉक के मलाव गांव में रविवार कलश यात्रा निकाल कर श्रीमद भगवत कथा का सात दिवसीय आयोजन शुरू हुआ। गांव के रामसजीवन पाण्डेय अपने पैतृक गांव में सात दिन की भगवत कथा का आयोजन शुरू करवाया गया है। जिसमें सभी भक्तों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं रामसजीवन पाण्डेय ने बताया की एक सप्ताह तक कथा चलेगी। कथा का अंतिम दिन 28 अप्रैल को होगा। उस दिन भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर आशीष पांडे, आशुतोष पांडेय, ऋषभ पाण्डेय, रामसजीवन पाण्डेय, सुधांशु पाण्डेय, अजय मौर्य, पिंटू द्विवेदी, छोटू सविता, दिलखुश लोधी समेत तमाम ग्रामीण महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली।

मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। औंग पुलिस ने परसदेपुर गांव निवासी करन तिवारी पुत्र रामकिशन तिवारी के खिलाफ मारपीट समेत अन्य कई धाराओं में मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। रविवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी करते हुए कोर्ट में पेश किया है।

तमंचा के साथ दबोचा

फतेहपुर। खागा कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान रविवार को कटोघन मोड़ के पास से एक संदिग्ध को एक तमंचा व कारतूस के साथ पकड़ा है। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान पचीसा खैरई निवासी जावेद पुत्र जगरूप के रूप में बताई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को कोर्ट में पेश किया है।

बालिकाओं को किया जागरूक

फतेहपुर। एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देश पर रविवार को सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया।

बाइक की टक्कर से युवक गंभीर

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के कुंवरपुर गांव के भदबा रोड पर शौचक्रिया करने गए युवक को बाइक सवार टक्कर मारता हुआ निकल गया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। थाना क्षेत्र के कुंवरपुर गांव निवासी बलदेव सिंह का 31 वर्षीय पुत्र रावेंद्र सिंह शनिवार की रात गांव के समीप भदबा रोड पर शौच क्रिया करने जा रहा था। तभी तेज रफ्तार निकला बाइक सवार उसको टक्कर मारते हुए निकल गया। बाइक की टक्कर से रावेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो घटना की सूचना सरकारी 108 एंबुलेंस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

संदिग्ध अवस्था में अधेड़ ने जहर खाकर दी जान

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के कस्बे में संदिग्ध अवस्था में अधेड़ ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। परिजनों को जानकारी हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी शेषमणी अवस्थी के 50 वर्षीय पुत्र जागेश्वर ने संदिग्ध अवस्था में जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी परिजनों को हुई तो घटना की सूचना सरकारी 108 एंबुलेंस को दिया। एंबुलेंस अधेड़ को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जागेश्वर की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

परीक्षा के साथ रिजल्ट में भी यूपी बोर्ड सबसे आगे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- सीबीएसई एवं यूपी बोर्ड की एक साथ शुरू हुईं थी परीक्षाएं

अमृत विचार। परीक्षा परिणाम घोषित करने में यूपी बोर्ड सबसे आगे निकल गया है। सीबीएसई और यूपी बोर्ड की परीक्षाएं एक साथ ही शुरू हुई थीं। यूपी बोर्ड की परीक्षा पहले समाप्त हो गई। एक वक्त था जब सीबीएसई बोर्ड का परीक्षाफल पहले आता था। यूपी बोर्ड उसका पिछलग्गू माना जाता था। आज यूपी बोर्ड आगे निकल गया है।

जनपद में यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड व आईसीएसई बोर्ड से संबद्ध स्कूलों का संचालन होता है। सबसे अधिक छात्र यूपी बोर्ड के हैं। दूसरे स्थान पर सीबीएसई बोर्ड है। आईसीएसई बोर्ड के सबसे कम परीक्षार्थी हैं। यूपी बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं 12 फरवरी से एक साथ शुरू हुई थीं। यूपी बोर्ड की परीक्षा नौ मार्च को समाप्त हो गई थी। वहीं, सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10 की परीक्षा 13 मार्च को समाप्त हुई थी। इंटर की परीक्षा दो अप्रैल को समाप्त हुई थी। आईसीएसई बोर्ड की परीक्षा 21 फरवरी से शुरू हुई थी। 24 मार्च को समाप्त हुई थी। परीक्षा समाप्त होने के बाद यूपी बोर्ड ने कॉपियों के मूल्यांकन में तेजी दिखाई। परीक्षा नौ मार्च को समाप्त होने के बाद 17 मार्च से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो गया। 31 मार्च तक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा कर लिया गया। इसके बाद लोग परीक्षा परीणाम का इंतजार कर रहे थे। कुछ साल पहले सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम पहले आता था। इसके बाद लोग यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम के लिए इंतजार करते थे। मई व जून के अंतिम सप्ताह में यूपी बोर्ड परीक्षा का परीणाम आता था। अबकी यूपी बोर्ड ने सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

जेडी शिक्षा ने परीक्षा का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- महाविद्यालयों में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हो रहीं परीक्षाएं
- संयुक्त शिक्षा निदेशक ने नकलविहीन परीक्षा कराने पर दिया जोर

अमृत विचार। प्रो. राजेन्द्र सिंह रज्जू भय्या विश्वविद्यालय, प्रयागराज से सम्बद्ध जिले के सभी महाविद्यालयों में वार्षिक-सम सेमेस्टर की परीक्षाएं कड़ी निगरानी के बीच कराई जा रही हैं। परीक्षा की सुचिता जांचने के लिए रविवार को शहर के

डा. भीमराव आम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। संयुक्त शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. अपर्णा मिश्रा ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक, सम सेमेस्टर की द्वितीय पाली की परीक्षाओं में परीक्षा कक्षों में जाकर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष तथा कक्ष निरीक्षकों से परीक्षा व्यवस्था सम्बन्धी फीडबैक प्राप्त किया। प्रो. अपर्णा मिश्रा ने परीक्षा व्यवस्था की शुचिता बनाये रखने तथा परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों के उपयोग को सख्ती से रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कन्ट्रोल रूम में जाकर सभी सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की नकल के प्रति जीरो टालरेन्स की नीति का पालन सभी को करना होगा। साथ ही अन्य परीक्षा केन्द्रों पर भी विभिन्न अधिकारियों के द्वारा समय-समय पर निरीक्षण करा कर नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित कराई जाएगी। इस अवसर पर प्रो. गुलशन सक्सेना, प्रो. शकुन्तला, डा. प्रशान्त द्विवेदी, रमेश सिंह, डा. राम दर्शन, डा. चन्द्रभूषण सिंह, अनुष्का छौंकर, मोहित मिश्र, अशोक कश्यप समेत अन्य सम्बंधित मौजूद रहे।

परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करती संयुक्त शिक्षा निदेशक। अमृत विचार

दुकान से साड़ियां व कपड़े ले गए चोर

थरियांव-फतेहपुर। थाना क्षेत्र के स्टेट बैंक के बगल में साड़ी की दुकान में चोरों ने हाथ साफ कर दिया।

थरियांव थाना क्षेत्र के दिहुली गांव के सुनील कुमार पुत्र रामचंद्र ने बताया कि मेरी दुकान भारतीय स्टेट बैंक थरियांव के बगल में क़रीब 2 वर्ष से खुली है। हमेशा की तरह शनिवार को भी शाम को 6 बजे दुकान बंद करके घर चला गया था। जब अगले दिन सुबह 9 बजे घर से दुकान आया और दुकान खोला तो पीछे से दीवार में छेद कटा हुआ मिला और दुकान के कपडे भी इधर उधर बिखरे मिले। चोरों में दीवार को पीछे नकब लगा कर घुसे है। चोरों ने करीब 1 लाख की साड़ी व कपड़े का सामान चुरा ले गए। 100 नंबर पुलिस को सूचना दिया गया तो आने के बाद जांच कर के चली गई। थरियांव पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। अबी तक कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा है।

रुझान घटा | स्वास्थ्य केंद्रों में खांसी-बुखार की दवा देकर टरकाया जा रहा

आरोग्य मेले की पीटी जा रही लकीर

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। ग्रामीण क्षेत्रों में हर रविवार आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले को लेकर स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी से यह मेले मजाक बनकर रह गए हैं। मरीजों का रुझान भी कम होता जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की हालत बहुत अच्छी नहीं है। ज्यादातर जगह सर्दी, खांसी, खुजली और जुखाम के मरीजों का इलाज आरोग्य मेले में किया जा रहा है। जांच, दवा और अन्य जरूरी सुविधाओं का अता पता नहीं है। लगभग सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टरों के बगैर चल रहे, जो स्टॉफ है भी वह रविवार को छुट्टी मनाता है। रविवार को आपके अपने अखबार अमृत विचार की पड़ताल में कुछ ऐसे ही हालात सामने आए।

स्थिति यह है कि खागा क्षेत्र से लेकर खखरेरू के दूरदराज इलाकों ग्रामीण क्षेत्रों में बने सीएचसी व पीएचसी पर आरोग्य मेले का कोई खास महत्व नहीं रहा। इसका प्रमुख कारण है कि स्वास्थ्य विभाग ने भी रविवार की छुट्टी होने के चलते आरोग्य मेले के प्रति अनदेखी शुरू कर दी है। लिहाजा मरीज भी सामान्य दिनों की तुलना में रविवार को अस्पताल जाकर इलाज के लिए जागरूक नहीं है। अधिकांश जगहों पर आरोग्य मेले में न तो डॉक्टर मौजूद रहते और न ही स्टाफ मौजूद रहता। आरोग्य मेले में मरीजों की संख्या काफी कम रही।

रविवार को सीएचसी खखरेरू में पसरा रहा सन्नाटा। अमृत विचार

पीएचसी गोपालगंज में दी गई सर्दी बुखार की दवा

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालगंज कानपुर-प्रयागराज हाईवे में स्थित है। यहां अधिकांश लोग सर्दी, जुकाम और खुजली से पीड़ित थे। बताया कि अधिकांश मरीज सामान्य बीमारियों से पीड़ित हैं, पर्याप्त दवाई उपलब्ध हैं। स्थिति साफ है कि न तो मरीजों को आरोग्य मेले का पता है और न विभाग को उनकी चिंता है।

पीएचसी बहुआ में खांसी जुखाम के मरीज

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहुआ पर इलाज के नाम पर मरीजों को खांसी, खुजली और जुखाम की दवा दी गई। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले आरोग्य मेले को लेकर की जा रही अनदेखी से साफ है कि स्वास्थ्य सेवाओं की लचर हालत के लिए स्वास्थ्य महकमे के आला अधिकारी भी जिम्मेदार हैं।

पीएचसी जाफरगंज में फार्मासिस्ट ने दी दवाएं

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाफरगंज पर डॉक्टर तो तैनात हैं। लेकिन रविवार को आरोग्य मेले के नाम पर अस्पताल महज डेढ़ घंटे ही खुला। उस पर सिर्फ फार्मासिस्ट पहुंचे और जो भी इक्का-दुक्का मरीज पहुंचे उन्हें दवा देकर वह भी निकल गए।

> मुख्यमंत्री आरोग्य मेला रविवार को लगता है, जहां मरीजों के इलाज की व्यवस्था है। अगर कुछ स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी लापरवाही कर रहे हैं तो अगले रविवार को टीम को भेजकर जांच कराई जाएगी।
>
> -डा. इस्तियाक अहमद, सीएमओ

विडंबना : 30 लाख आबादी पर सिर्फ चार आर्थोपेडिक सर्जन

संवाददाता फतेहपुर

- एक्सरे मशीनें हैं पर रेडियोलाजिस्ट नहीं
- फार्मासिस्ट ही चढ़ा रहे रोगियों के प्लास्टर

अमृत विचार। दोआबा में दो नेशनल और दो स्टेट हाइवे समेत सड़कों का जाल है। जिले में मार्ग दुर्घटनाओं की संख्या भी दोगुनी हो गई है। हड्डी के टूट फूट के मरीजों में इजाफा है लेकिन करीब 30 लाख की आबादी में सिर्फ चार आर्थोपेडिक सर्जन की तैनाती है। हालात यह है कि जहानाबाद छोड़कर सीएचसी में आर्थोपेडिक सर्जन नहीं हैं। ऐसे में जिला अस्पताल पर मरीजों का लोड बढ़ रहा है।

सड़क हादसों के कारण हड्डियों के टूटने की घटनाएं आम हैं। हादसे के बाद मरीज को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर करने का चलन रूटीन में आ गया है। सीएचसी में आर्थोपेडिक सर्जन की मौजूदगी न होने का हवाला देकर मरीजों को जिला अस्पताल भेज दिया जाता है। नतीजन अति गंभीर स्थिति होने पर मरीजों की जान पर बन आती है। दुर्घटनाओं में अंदरूनी हड्डी टूटने पर कभी कभार मरीजों को सीएचसी में ही डील कर लिया जाता है। सूत्र की मानें तो सालों से सेवारत मरीज व फार्मासिस्ट ही विशेषज्ञ डॉक्टर्स की तरह मरीजों का कच्चा पक्का प्लास्टर बांधते हैं। इस स्थिति में मरीजों की हड्डियां बेतुके ढंग से जुड़ जाती हैं और बाद में लाखों रूपए खर्च कर सर्जरी करानी पड़ती है। विडंबना यह भी है कि अधिकतर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एक्सरे मशीन स्थापित हैं लेकिन डिजिटल मशीनों के दौर में सामान्य मशीनों से काम लिया जा रहा है। एक्सरे रिपोर्ट तैयार करने के लिए रेडियोलाजिस्ट नहीं हैं। कुछ अस्पतालों में मौजूद एक्सरे मशीनों में तकनीकी खामियां भी बताई जा रही हैं। सीएमओ डा. इस्तियाक अहमद ने कहा कि फिलहाल किसी डाक्टर की नई नियुक्ति नहीं हुई है। रिक्त पदों को भरने के लिए शासन को कई बार लिखा जा चुका है। जब डाक्टरों की नियुक्ति होगी, तभी हर सीएचसी में ऐसे विशेषज्ञों की भर्ती संभव होगी।

पहल : इंजीनियरों की टीम नियमित जांच कर फुंकने से बचा रही ट्रांसफार्मर

विभागीय सतर्कता से नियमित आठ से 10 ट्रांसफार्मर की जांच कर हो रही मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- वर्कशाप व डिस्ट्रीब्यूशन विभाग की संयुक्त पहल का नतीजा

अमृत विचार। गर्मी के मौसम में गांव-गांव लगे ट्रांसफार्मर बचाने की मुहिम बिजली विभाग व वर्कशाप ने मिल कर चलाया है। दोनों विभाग नियमित ट्रांसफार्मर की जांच कर तेल समेत अन्य खामी को दूर कर रहे हैं। इससे ट्रांसफार्मर कम फुंक रहे हैं। अन्य खराबी को भी मौके पर ठीक किया जा रहा है।

बिजली विभाग की पहल भी ण गर्मी में काम आ रही है। शहर हो या गांव जहां पर ट्रांसफार्मर में कमी की सूचना मिलती है इंजीनियरों की टीम पहुंच कर ट्रांसफार्मर की जांच करती है। मामूली खामी मिली तो उसे मौके कर मरम्मत कर ठीक कर रहे हैं। इसी का नतीजा है कि गर्मी व बरसात के मौसम में जहां 14 से 16 ट्रांसफार्मर ओवरलोडिंग से फुंक रहे थे, अब इनकी संख्या चार से पांच ट्रांसफार्मर रह गई है। वर्कशाप के एसडीओ विशाल वर्मा ने बताया कि शासन के निर्देशों का पालन किया जा रहा है। गर्मी में बिजली का मांग अधिक होने से ट्रांसफार्मर गर्म होकर फुंकने लगते हैं। इनको बचाने के लिये नये अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किये जा रहे हैं। पहले से लगे ट्रांसफार्मर की जांच की जा रही है। यदि उसमें तेल की कमी पाई जाती है तो मौके पर कर्मचारी भेज कर तेल पूरा कराया जा रहा है। अन्य खामी मिली या लीकेज हुआ तो उसे भी ठीक किया जा रहा है। प्रयास किया जा रहा है कि इस गर्मी के मौसम में ट्रांसफार्मर न के बराबर फुंकें। इससे विभाग को हो रहे नुकसान से बचाया जा सकता है।

बिजली विभाग के वर्कशॉप में ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग करते इंजीनियर।

वर्कशाप में नियमित तैयार हो रहे आठ से 10 ट्रांसफार्मर

- जिले में ट्रांसफार्मर की आपूर्ति में किसी तरह की दिक्कत न हो इस के लिये वर्कशाप में नियमित आठ से 10 ट्रांसफार्मर तैयार किये जा रहे हैं। वर्कशाप में तैयार होने वाले ट्रांसफार्मर की जांच मशीनों से की जा रही है। इससे अधिक दिनों तक ट्रांसफार्मर को वेहतर रखा जा सके। अधिशाषी अभियंता मगन सिंह का कहना है कि वर्कशाप का काम संतोषजनक होने से इस सीजन में किसी तरह की दिक्कत नहीं हो रही है। यदि कहीं ट्रांसफार्मर फुकने की सूचना मिलती है तो उसे 24 से 48 घंटे में बदला जा रहा है।

100 केवीए से ऊपर के ट्रांसफार्मर बचाने की पहल सफल

- बिजली विभाग का मुख्य मकसद 100 केवीए से ऊपर के ट्रांसफार्मर ओवरलोडिंग में फुंकने से बचाने का है। इसे जांच कर बचाया जा रहा है। इस में विभाग को पूरी सफलता मिल रही है। विभाग प्रयास कर रहा है कि गर्मी व बरसात के मौसम में ट्रांसफार्मरों को फुंकने से बचाने का जो प्रयास चल रहा है। उसे सफल बनाया जाये। इस पर लगातार काम बिजली विभाग कर रहा है।

चार दिन बचे, नहीं हुई पर्चा दाखिल करने की 'बोहनी'

कन्नौज। नामांकन पत्र वितरण शुरू हुए चार दिन बीत गए हैं, लेकिन अब तक एक भी पर्चा दाखिल नहीं हुआ है। दावेदारों व उनके प्रतिनिधियों ने पर्चे जरूर लिए हैं। बताया गया है कि 34 नामांकन पत्र लोगों ने लिए हैं। अब चार दिन और बचे हैं। 25 अप्रैल तक ही नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं।

कलक्ट्रेट के जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष से नामांकन पत्रों का वितरण चल रहा है। 18 अप्रैल से शुरू हुई प्रक्रिया के बाद 20 अप्रैल तक 34 पर्चे लिए गए हैं। 21 अप्रैल को अवकाश रहा। अब 22 अप्रैल से नामांकन पत्र वितरण व दाखिल करने का समय फिर शुरू हो जाएगा। चार दिनों तक चली प्रक्रिया में एक भी पर्चा दाखिल नहीं हुआ है। अब तक भाजपा, बसपा के अलावा निर्दलीय व अन्य छोटे राजनीतिक दलों की ओर से पर्च लिए गए हैं। माना जा रहा है कि 23 से 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल करने को कलक्ट्रेट में प्रत्याशियों की भीड़ उमड़ेगी।

दो क्षेत्रों के 'फेर' में गांव, चुनते दो सांसद

अमृत विचार विशेष

अभिषेक द्विवेदी, कन्नौज

- आंगन कन्नौज में तो दरवाजा मैनपुरी में, दोनों जिलों में डालते हैं वोट
- जनपद की सीमा पर बसे सिंहपुर व बैरागपुर गांव के लोगों के दोनों जगह वोट

अमृत विचार। कभी आपने सुना है कि कोई मतदाता दो सांसद चुनते हैं! लेकिन यह सच है। कन्नौज जिले में दो गांव ऐसे भी हैं, जहां के लोग पांच साल में एक नहीं, दो सांसद चुनते हैं। दरअसल सीमा पर बसे इन गांवों के दोनों लोकसभा क्षेत्रों में वोट हैं, इसलिए वह कन्नौज व मैनपुरी के सांसदों के लिए मतदान करते हैं। एक गांव तो ऐसा है, जहां घर के आंगन कन्नौज जिले में तो दरवाजा मैनपुरी में खुलता है।

छिबरामऊ तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मिघौली के अंतर्गत सिंहपुर व बैरागपुर गांव की कुल आबादी का आधा हिस्सा मैनपुरी जिले के अंतर्गत आता है। ऐसे में कई ग्रामीणों के वोट दोनों जिलों में बने हैं। जब भी लोकसभा या विधानसभा चुनाव होते हैं तो इन गांवों के मतदाता दोनों जगह के प्रत्याशियों को वोट देते हैं। लोकसभा क्षेत्र कन्नौज और मैनपुरी जबकि विधानसभा क्षेत्र में कन्नौज की छिबरामऊ सीट तथा मैनपुरी की बेवर-भोगांव सीट के प्रत्याशियों के लिए वोट देते हैं। खास बात यह है कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दौरान भी इन गांव के लोगों के वोट नहीं काटे जाते हैं। बैरागपुर गांव में तो एक गली दोनों जनपदों की सीमा को विभाजित करती है, गांव के कई घर मैनपुरी जिले में हैं, जबकि उनके वोट कन्नौज में भी हैं। आधे मकान कन्नौज की मिघौली ग्राम सभा में आते हैं तो आधे मकान मैनपुरी के श्यामपुर में लगते हैं। इन गांवों के लोग दो जिलों के भंवर में फंसे हैं।

बैरागपुर गांव में 550 में 300 वोट मैनपुरी में

सिंहपुर गांव निवासी पूर्व प्रधान रामेंद्र सिंह यादव फौजी बताते हैं कि गांव की कुल आबादी 1275 के करीब है, जिसमें 533 मतदाता हैं और 88 लोगों के वोट मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में हैं। इसी तरह बैरागपुर की आबादी भी 1300 के पार है, जिसमें 550 वोटर हैं और इसमें करीब 300 वोट मैनपुरी में भी हैं। ऐसे में इन गांवों के लोग दोनों जिलों में मतदान कर दो सांसद चुनते हैं। दोनों जनपदों का अलग-अलग बीएलओ भी नियुक्त किया गया है।

मकान मैनपुरी में और वोट कन्नौज में

गांव मनिकापुर हवेली व नगला ठाकुर सिंह भी जिले की छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। दोनों गांवों के लोगों की अधिकांश खेती मैनपुरी जिले में हैं। कई ग्रामीणों ने खेतों में मकान बनवा लिए, जिससे वह मैनपुरी जिले के बाशिंदे हो गए, लेकिन उनके वोट अब भी कन्नौज में हैं। कई ने मैनपुरी में भी वोट बनवा लिए हैं। मनिकापुर हवेली में करीब 140 वोट और नगला ठाकुर सिंह में 150 वोट दोनों जिलों में हैं।

> विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दौरान इस बार जनपद के सीमावर्ती गांवों में जांच कर ऐसे लोगों को चिन्हित किया गया था, जिनके दोनों जिलों में वोट हैं। अधिकांश लोगों के नाम विलोपित किए गए हैं। दोनों जिलों की मतदाता सूची से मिलान किया जा रहा है।
>
> -उमाकांत तिवारी, एसडीएम छिबरामऊ

नवीन मंडी स्थल में लोगों को जागरूक करते डीएम शुभ्रान्त शुक्ल व अन्य अधिकारी।

सब्जी मंडी में गूंजी वोट जरूर करने की आवाजें

कन्नौज। इन दिनों अफसर जनपद में लोकसभा क्षेत्र के चुनाव के लिए वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर हर संभव प्रयास कर रहे हैं। रोज सुबह छह बजे ही गली-मोहल्लों में पहुंच कर मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। रविवार को तो डीएम माइक लेकर सब्जी मंडी पहुंचे और 13 मई को वोट करने की बात याद दिलाई।

जीटी रोड किनारे स्थित नवीन मंडी स्थल में रविवार को सुबह छह बजे डीएम शुभान्त शुक्ल कई अधिकारियों के साथ पहुंचे। डीएम ने कहा कि 13 मई को खुद तो वोट डालने निकलें, परिजनों व पड़ोसियों को भी वोट करने के लिए बूथ तक साथ ले जाएं। एडीएम आशीष सिंह ने कहा कि 13 मई को सुबह सात बजे से वोटिंग शुरू हो जाएगी। उन्होंने मौजूद लोगों से पूछा भी कि मतदान कब होना है, कई लोगों ने वोट करने की सही तारीख बताई। एसडीएम न्यायिक नवनीता राय ने लोकसभा क्षेत्र के मतदान में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र भी बांटे। ट्रेनी आईएएस स्मृति मिश्रा, एसडीएम सदर अविनाश गौतम, ईओ श्यामेंद्रमोहन चौधरी व प्रभारी मंडी सचिव रघुराज मौजूद रहे।

हीटवेव का कहर जारी, 41 डिग्री पारा से झुलस रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दोपहर बाद छाए बादलों से कुछ राहत, लू ने किया बेहाल

अमृत विचार। अप्रैल का चौथा हफ्ता शुरू होने के साथ ही हीटवेव का कहर तेज हो गया है। बढ़ता तापमान हर रोज नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। इस क्रम में रविवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री जा पहुंचा जिससे लोगों को दिन में झुलसने का अहसास हुआ। हालांकि दोपहर बाद बादलों की लुकाछिपी से कुछ राहत महसूस हुई लेकिन लू के थपेड़ों ने जनजीवन को बेहाल किया।

चैत का महीना आधे से अधिक बीतने के साथ ही झुलसाती गर्मी लोगों को परेशान करने लगी है। दिन निकलने के बाद नौ बजे तक तो कुछ राहत रहती है लेकिन जैसे जैसे समय बीतता है सूर्य की किरणें और प्रबल होकर सताने लगतीं हैं। इधर करीब हफ्ते भर से अधिकतम तापमान 38 से 42 डिग्री के बीच रह रहा है जबकि न्यूनतम में भी बढ़ोतरी जारी है। इससे हीटवेव का प्रकोप तेज हो गया है। कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र यादव ने बताया कि रविवार को अधिकतम तापमान 41 तथा न्यूनतम करीब 23 डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया गया। दिन भर 35-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पछुआ हवाएं चलीं जिससे गर्मी का अहसास तेज हो गया।

बताया कि न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी के कारण गर्मी बढ़ी है और लू भी चल रही है। जानकारी दी कि रविवार दोपहर बाद बादल रहे तो सोमवार को भी इसी तरह का मौसम रहने की संभावना है। अगले चार से पांच दिन तक अधिकतम व न्यूनतम तापमान भी क्रमशः 41-43 व 22-25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। हीटवेव का प्रकोप फिलहाल जारी रहेगा।

खूब पानी पीयें, लू लगे तो डॉक्टर को दिखाएं

कन्नौज। अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने एडवाइजरी जारी की है। कहा कि हीटवेव, लू से बचने को पर्याप्त मात्रा में पानी पीयें। छाछ, नींबू का पानी, आम का पना का उपयोग करें। हल्के रंग के सूती एवं ढीले कपड़े पहने। सिर को ढंकें एवं कड़ी धूप से बचें। लू लगने पर व्यक्ति को छाया में लिटाकर सूती गीले कपड़े से पोछे या नहलाएं। डॉक्टर के पास ले जायें। कमजोरी, सिर दर्द, उल्टी लगे, तेज पसीना और झटका जैसा महसूस हो, चक्कर आए तो लू का असर समझ डॉक्टर से मिलें। बीमार और गर्भवती महिला कामगारों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। विशेष तौर पर दोपहर 12:00 और 3:00 के बीच सूर्य के ताप से बचने के लिये बाहर जाने से बचें। यात्रा करते समय पानी साथ रखें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहाँ तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर ही रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। जानवरों को छाया में बांधें और उन्हें पर्याप्त पानी पिलाएं। छतों पर पक्षियों के लिये पानी की व्यवस्था करें।

जिला अस्पताल का निरीक्षण करते सपा नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव व अन्य।

जिला अस्पताल में दुरुस्त रहें व्यवस्थाएं

कन्नौज। सपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की व्यवस्थाये गर्मी में बेहतर रखने को सीएमएस से कहा। साथ ही खामियां दूर कराने की मांग सीएमएस से की। सपा के पूर्व विधायक अनिल दोहरे के आवास के निकट गंभीर हालत में मिले एक युवक को परिजनों के साथ लेकर सपा नेता नवाब सिंह यादव जिला अस्पताल पहुंचे। यहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस के बाद उन्होंने जिला अस्पताल के सभी वार्डों में पहुंच कर मरीजों के उपचार संबंधी जानकारी ली। इस दौरान मिली खामियों को दूर कराने के लिये। उन्होंने सीएमएस डॉ. शक्ति बसु से बात तो उन्होंने बताया कि हीट वेव से निपटने को उनके पास पर्याप्त इंतजाम हैं। वार्ड तैयार कर दिये गये हैं। एसी व कूलर की मरम्मत कराई जा चुकी है। प्रत्येक वार्ड में मरीज भर्ती करने की व्यवस्था की गई है। दवा भी पर्याप्त हैं। इस मौकगे पर नवाब सिंह के साथ जतिन कुमार, उदयवीर, दीपक यादव, रानू ,क्सेना, मनोज कठेरिया, सुरेंद्र कुशवाहा, समेत कई अन्य सपाई मौजूद रहे।

बारातियों ने दुल्हन के भाई को बेल्ट से पीटा

उन्नाव। परियर स्थित एक गेस्ट हाउस में नशे में हुडदंग काट रहे बारातियों ने डीजे बंद कराने पर दुल्हन के भाई की बेल्ट से पिटाई कर दी। जनातियों के पहुंचने पर मारपीट करने वाले भाग निकले। सूचना पर चौकी पुलिस पहुंची और घटना की जानकारी ली। फिलहाल किसी ने इसे लेकर तहरीर नहीं दी है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर स्थिति एक गेस्ट हाउस में यहीं के निवासी रामजीवन निषाद की बेटी की बारात गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रामपुर धोबिन गांव से शनिवार को आई थी। अगवानी के बाद पंडाल में लगे डीजे में रात 10 बजे के बाद भी शराब के नशे में धुत युवक हुडदंग काट रहे थे। इस पर कन्या के भाई ने समय का हवाला देते हुए डीजे बंद करा दिया। इससे नाराज युवकों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। बेल्टों से किए गए हमले से उसे गंभीर चोटें आ गईं। मारपीट होती देख कन्या पक्ष के लोग दौड़े तो हुड़दंगी मौके से भाग निकले। इसी बीच परियर पुलिस भी पहुंची और घटना के संबंध में जानकारी ली।

कन्नौज सीट : सपा को जिताएं व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश स्तरीय व्यापारी जोड़ो और भाजपा की पोल खोलो मुहिम के तहत रविवार को पार्टी कार्यालय में सपा व्यापार सभा की ओर से व्यापारी संवाद का आयोजन किया गया। इसमें एक सुर में व्यापारियों ने भाजपा सरकार और कन्नौज के सांसद को उखाड़ फेंकने की हुंकार भरी। गठबंधन को लोकसभा चुनाव में जितवाने का संकल्प लिया।

सपा व्यापार सभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रवक्ता और कानपुर मंडल प्रभारी अभिमन्यु गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की आवाज केवल पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी ने ही उठाई। वर्तमान सांसद ने केवल डराया है। भाजपा की सरकार में कन्नौज के व्यापारिक महत्व को खत्म कर दिया गया। कन्नौज के व्यापारी इस लोकसभा चुनाव में सपा और इंडिया गठबंधन को रिकॉर्ड मतों से जितवाएंगे। उन्होंने कहा की कुछ दिनों में बड़ा व्यापारी सम्मेलन का आयोजन कर भाजपा के खिलाफ कन्नौज के व्यापारियों को लामबंद किया जाएगा। अभिमन्यु गुप्ता ने नए शामिल पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र दिए और तय किया की कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में समाजवादी व्यापार सभा के पदाधिकारी 40 बूथों की विशेष जिम्मेदारी लेंगे। सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान, व्यापार सभा जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष व्यापार सभा साहिल खान, सपा कोषाध्यक्ष राजू यादव, प्रदेश सचिव व्यापार सभा विवेक श्रीवास्तव दीपू, काले खान, ऋषि राज अग्रवाल, विनय कुमार, प्रदीप तिवारी, साकिफ कुरैशी, अभिषेक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

संबोधित करते सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां व मौजूद व्यापारी नेता अभिमन्यु गुप्ता।

- सपा के पार्टी कार्यालय में आयोजित हुई बैठक

सपा से तो अधिकारिक ऐलान तक नहीं

कन्नौज। लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए मुख्य राजनीतिक दलों भाजपा व बसपा ने तो प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, लेकिन मुख्य विपक्षी दल सपा से तो अब तक प्रत्याशी का आधिकारिक ऐलान अब तक नहीं हुआ है। इस वजह से सपा की ओर से नामांकन पत्र भी नहीं लिया गया है। कार्यकर्ता व मतदाता जानने को उत्सुक हैं कि आखिर सपा से कौन चुनाव लड़ेगा। हालांकि कई बार सपा मुखिया अखिलेश यादव इशारों-इशारों में खुद के चुनाव मैदान में उतरने के संकेत दे चुके हैं। जब भी उनसे पूछा गया कि कौन चुनाव लड़ेगा तो हर बार उन्होंने गोलमोल ही जवाब दिया। कहा जा रहा है कि अगर पूर्व मुख्यमंत्री खुद यहां से लोकसभा क्षेत्र का चुनाव लड़े तो चुनावी लड़ाई बहुत ही दिलचस्प होगी।

अराजकतत्वों पर करें सख्त कार्रवाई : एसपी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। एसपी ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों व कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में पुलिस कार्यालय सभागार में पुलिस गोष्ठी का आयोजन किया। इस मौके पर एसपी ने निर्देश दिए।

एसपी अमित कुमार आनन्द ने कहा कि चुनाव में आने वाली पुलिस बल के ठहरने, बिजली, जनरेटर एवं मूल भूत व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये सभी व्यवस्थाओं को समय से दुरुस्त करा लिया जाये। अभियुक्तों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की जाये। आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम, गुण्डा एक्ट, जिला बदर की वृहद स्तर पर कार्रवाई की जाये। थाना क्षेत्र के सभी हिस्ट्रीशीटरों का भौतिक सत्यापन करा लिया जाये तथा उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जाये। जिले के ड्रग्स माफियाओं एवं शराब माफियाओं का थानावार चिन्हीकरण कर कार्रवाई करें। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केन्दों का चिन्हीकरण कराया जाये तथा ऐसे क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ रूट मार्च कराया जाए। जिन स्थानों पर शान्ति व्यवस्था बाधित होने की सम्भावना हो, ऐसे स्थानों पर विशेष कार्य योजना बनाकर आवश्यक कार्रवाई की जाए। जिले में घटित अपराधों हत्या, लूट, बलात्कार, छेड़छाड़ आदि से सम्बन्धित प्रकरणों में आरोपियों पर कार्रवाई की जाये। वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिये अभियान चलाया जाये। सोशल मीडिया, प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाश में आने वाली सूचनाओं व घटनाओं पर त्वरित संज्ञान में लेते हुये तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। गैर जमानती वारंटों को समय से तामील करा लिया जाए। वारण्टियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कराया जाए। अवैध शस्त्रों, कारतूसों तथा अवैध शस्त्र फैक्ट्रियों के सम्बन्ध में कार्रवाई करते हुये बरामदगी की जाये। पूरे जिले में रात्रि गस्त कराई जाये तथा दिन के दौरान भी भ्रमण करते रहें। जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों के धर्माचार्यों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की जाये। सौहार्द बनाये रखने की अपील की जाये। इस गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह, सीओ सदर कमलेश कुमार, सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका वाजपेई समेत सभी थाना प्रभारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिस कार्यालय में बैठक लेते एसपी अमित कुमार आनन्द। अमृत विचार

- संवेदनशील, अति संवेदनसील मतदान केंद्रों का करें निरीक्षण

सख्ती | चार दिवसीय मतदानकार्मिकों का प्रशिक्षण समाप्त, अब तीन से आठ मई तक होगा दूसरे चरण का प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में गैरहाजिर रहे कर्मियों पर कार्रवाई की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। शहर के पुलिस लाइन मार्ग किनारे स्थित एक निजी विद्यालय में चल रहे मतदानकार्मिकों के प्रशिक्षण का रविवार को समापन हो गया। 18 अप्रैल से दो-दो पालियों में प्रशिक्षण चला। चार दिन में 3844 पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम को बुलाया गया था।

डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी ने बताया कि पहले चरण के प्रशिक्षण में 1922 पीठासीन अधिकारी व इतने ही मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए बुलाया गया था। अब दूसरे चरण का प्रशिक्षण तीन से आठ मई तक चलेगा। इसमें पीठासीन अधिकारी समेत मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय शामिल होंगे। यह प्रशिक्षण भी उसी निजी विद्यालय में चलेगा। डीडीओ का कहना है कि बूथ की पूरी पोलिंग पार्टी प्रशिक्षण में शामिल होगी। उन्होंने बताया कि अब 1519 बूथों के सापेक्ष 110 फीसदी कर्मी प्रशिक्षण लेंगे। पहले चरण में करीब 130 फीसदी मतदानकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। हालांकि रेंडमाइजेशन 150 फीसदी से अधिक गया था। डीडीओ का कहना है कि इसके अलावा जो दिव्यांग बूथ बनाए गए हैं, उनके कार्मिकों भी अलग से ट्रेनिंग दी गई है।

ईवीएम की बारीकियां बताते मास्टर ट्रेनर रितम चतुर्वेदी। अमृत विचार

मतदानकार्मिकों को जानकारी देतीं मास्टर ट्रेनर गुंजन भदौरिया। अमृत विचार

पांच मतदानकार्मिक रहे गैरहाजिर

प्रभारी अधिकारी कार्मिक राम कृपाल चौधरी ने बताया कि अंतिम दिन पीठासीन अधिकारी अजीत सिंह राठौर सहायक प्रबंधक आर्यावर्त बैंक सिकंदरपुर व अजय पाल सिंह सहायक अध्यापक आदर्श शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सौरिख, मतदान अधिकारी प्रथम धर्मेंद्र वर्मा सहायक अध्यापक प्राथमिक स्कूल फरीदपुर छिबरामऊ, मनोज कुमार सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय कुढ़िना उमर्दा व विकास कुमार मंडी निरीक्षक कृषि मंडी उत्पादन समिति ने प्रशिक्षण नहीं लिया। इनके खिलाफ अप्रैल का वेतन रोकने और रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं।

पोस्टल के जरिए तीन मई से मतदान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अलग-अलग तरह के वोटर तीन चरणों में डालेंगे वोट

अमृत विचार। वैसे तो ईवीएम के जरिए कन्नौज संसदीय क्षेत्र के लिए 13 मई को मतदान होगा, लेकिन पोस्टल बैलेट पेपर से तीन मई से ही मतदान प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसमें तीन अलग-अलग चरणों में वोट करने की छूट दी गई है। निर्वाचन आयोग का मकसद है कि सभी कार्मिकों को मताधिकार का प्रयोग करने का हक दिया जाए।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि जिन मतदानकार्मिकों की ड्यूटी 13 मई के लिए लगी है वह दूसरे चरण की ट्रेनिंग स्थल पर तीन से आठ मई तक सुबह नौ से शाम पांच बजे तक वोट कर सकते हैं। इसके अलावा उनको पहली बार 12क आवेदन का प्रयोग कर बूथ पर भी ईवीएम से मतदान का अधिकार मिल गया है। जहां पर मतदानकार्मिकों की ड्यूटी लगी है, वहीं पर वह वोट कर सकेंगे। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी का कहना है कि ईडीसी के आवेदन अधिक हैं। इसके अलावा सात, आठ व नौ मई को कलक्ट्रेट परिसर में भी पोस्टल बैलेट से मतदान होगा। इसमें बिजली विभाग, पोस्ट ऑफिस, बीएसएनएल, रेलवे, स्वास्थ्य व ईसीआई से मान्यता प्राप्त पत्रकार वोट करेंगे। इनके लिए समय सुबह नौ से शाम पांच बजे तक रहेगा। कलक्ट्रेट परिसर में ही 10, 11 व 12 मई को सुबह नौ से शाम पांच बजे तक ड्राइवर, कंडक्टर, क्लीनर, पुलिस व होमगार्ड को मतदान करने का समय दिया गया है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी का कहना है कि 85 वर्ष से अधिक के बुजुर्ग मतदाता घर पर मतदान कर सकेंगे। इसके लिए बीएलओ घर-घर 12डी फार्म दे रहे हैं। 22 अप्रैल आखिरी तारीख है। उन्होंने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए इस तरह की प्रक्रिया पर जोर दिया गया है।

पांच दिन पूर्व तक मतदाता पर्चियां बांटने के निर्देश

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी का कहना है कि 25 अप्रैल को मतदाता सूची आदि का डॉटा लॉक हो जाएगा। 30 अप्रैल या पहली मई से मतदाता पर्ची का वितरण शुरू कर दिया जाएगा। मतदान की तारीख 13 मई से पांच दिन पहले तक पर्चियां बांटने का निर्देश है।

परिणाम के लिए सरकारी विद्यालयों में नहीं दिखा उत्साह

यूपी बोर्ड

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षाफल यूपी बोर्ड की ओर से 20 अप्रैल को जारी हुआ। परिणाम जारी होने के बाद जहां वित्तविहीन विद्यालयों में उत्साह दिखा तो सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों ने निराश किया। ज्यादातर एडेड विद्यालयों में ताले लगे रहे। निजी स्कूलों ने अपने छात्र-छात्राओं को बुलाकर सम्मानित किया।

शनिवार को जारी हुए परीक्षाफल में ज्यादातर एडेड व राजकीय माध्यमिक विद्यालयों ने खास प्रदर्शन नहीं किया। निजी विद्यालयों ने जरूर नाम रोशन किया। जिन विद्यालय के छात्र-छात्राएं प्रदेश या जिला की मेरिट में आए हैं, वह प्राइवेट विद्यालयों में पढ़ते हैं। जिले के एडेड विद्यालय सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की छात्रा शांभवी मिश्रा ने जरूरी प्रदेश की मेरिट में आठवीं रैंक में अपना स्थान पक्का किया। अन्य एडेड विद्यालयों का पहले की तरह हाल खराब रहा। उन्होंने अच्छे अंकों से पास होने वाले न तो छात्रों को बुलाया और न ही विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट जारी की।

महाराणा प्रताप इंटर कालेज के प्रधानाचार्य रामकृपाल वर्मा के साथ उत्तीर्ण छात्र।

छात्र को मिष्ठान खिलाते प्रधानाचार्य अमित यादव। अमृत विचार

महाराणा प्रताप कॉलेज के छात्रों ने किया नाम रोशन

तिर्वा, कन्नौज। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के छात्रों ने प्रदेश की टॉपर लिस्ट में नाम लाकर कॉलेज का मान बढ़ाया। कस्बे के महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में हाईस्कूल में 206 व इंटर में 205 छात्र पंजीकृत थे। सभी छात्र ससम्मान उतीर्ण हो गए। हाईस्कूल की कंचन राजपूत ने प्रदेश सूची मे छठा, साक्षी ने नौवां, जिले में कशिश ने सातवां, अंजलि राजपूत ने नौवां, दिव्या गुप्ता ने नौवां, योगेश व दीपांशी ने दसवां स्थान लाकर कॉलेज का गौरव बढ़ाया। इंटरमीडिएट में जिले में आकाक्षा ने नौवां, शिवओम ने दसवां स्थान पाया। प्रधानाचार्य रामकृपाल वर्मा, प्रबंधक अजीत भदौरिया ने सभी छात्रों को मिठाई खिलाई।

मेधावी को सम्मानित करते सौरभ गुप्ता। अमृत विचार

घर-घर जाकर मेधावियों को किया सम्मानित

तिर्वा, कन्नौज। कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर, महाराणा प्रताप व महेंद्र नीलम इंटर कॉलेज का शनिवार को आया हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षाफल में प्रदेश व जिले का नाम रोशन करने वाले छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष मिताली गुप्ता के भाई व प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता ने कस्बे में निवास करने वाले मेधावी छात्रो के घर जाकर उन्हे मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

छात्र रोजगारपरक शिक्षा से खोलें सफलता के दरवाजे

गुरसहायगंज, कन्नौज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड प्रयागराज की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में असफल हुए छात्रों को मायूस नहीं होना चाहिए। बल्कि अपनी कमियों को दूर कर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए और अधिक परिश्रम करना चाहिए। उत्तीर्ण छात्रों को भी भविष्य की तैयारियां शुरू कर देनी चाहिए। छात्रों को रोजगारपरक शिक्षा के लिए सतत् प्रयास करना है। अभिभावक बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार अपना क्षेत्र चुनने दें। यह बात जीटी रोड ग्राम तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज के प्रबंधक अशोक कुमार ने कही। इससे पहले प्रधानाचार्य अमित यादव व शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को फूलमालाएं पहना, मिष्ठान खिलाकर उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य ने विद्यालय में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई दी। इण्टरमीडिएट में छात्रा यशी ने 87 .8 प्रतिशत, हर्षित यादव ने 83 .6 प्रतिशत द्वितीय व आकाश कुशवाहा ने 83 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में छात्र सहगल ने 88 प्रतिशत, सोनी ने 85 .16 प्रतिशत व अवंतिका पाल ने 84 .16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान शिक्षक चन्द्रप्रकाश गुप्ता, मनमोहन सिंह, मो. हलीम, विकास कुमार, वीरेन्द्र सिंह, रंजीत कुमार, राशिद खान, नवनीत कुमार, ओमेन्द्र सिंह, अखिलेश यादव, अमन कुमार, विमलेश पाल, शेखर कश्यप, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

इंटरमीडिएट मेधावी

सत्यम शुक्ला, 92 .2 %, आकाश एजूकेशन सेंटर, गुरसहायगंज

प्रियंका, 91 %, एबी गर्ल्स इंटर कॉलेज, गुरसहायगंज।

सोनाक्षी प्रजापति, 90 .4 %, गीता इंटर कॉलेज, रामकृष्ण नगर

हाईस्कूल के मेधावी

शिखर प्रताप सैनी, 89 .6 %, आकाश एजू. सेंटर, गुरसहायगंज

खुशी प्रजापति, 92 .83%, गुरू कृपा इंटर कॉलेज, गुरसहायगंज।



उदित राज, 92 .83%, आकाश एजू. सेंटर, गुरसहायगंज

श्रद्धा बाजपेई, 92 .60 %, गीता इंटर कॉलेज, रामकृष्ण नगर

हर्षित कुशवाहा, 92 .16 %, गुरु कृपा इंटर कॉलेज, गुरसहायगंज

अरशद खान, 91 .33 %, आकाश एजूकेशन सेंटर, गुरसहायगंज

अनुष्का पाल, 91 .16%, गुरु कृपा इंटर कॉलेज, गुरसहायगंज

हिमानी राजपूत 91 .10 %, आकाश एजू. सेंटर, गुरसहायगंज

रक्षा यादव ने 90 %, आकाश एजूकेशन सेंटर, गुरसहायगंज।

आग ने गेहूं किसानों के अरमानों पर पानी फेरा

करीब 16 किसानों की 150 बीघा फसल नष्ट, दो दमकल गाड़ियों ने पाया काबू, तहसील प्रशासन के अधिकारी पहुंचे

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। गेहूं की तैयार खडी फसल मे अचानक आग लग गई। इससे 16 से अधिक किसानों की करीब 150 बीघा फसल जलकर नष्ट हो गई। सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। जानकारी होते ही पहुंचे नायब तहसीलदार समेत लेखपाल, कानूनगो ने किसानो को धैर्य बंधाते हुए आर्थिक मदद का भरोसा दिलाया। साथ ही नुकसान का आकलन भी किया।

थाना इंदरगढ के सुखसैनपुर तथा इससे सटे औरैया जनपद के धर्मंगदपुर गांव के किसानो के खेतों मे गेहूं की फसल तैयार खड़ी थी तो कुछ के खेतों में काटने के बाद गट्ठर बंधे रखे थे। रविवार की दोपहर मे अचानक किसी तरह फसल में आग लग गई। लपटें देखकर किसानों में हड़कंप मच गया। किसान आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। किसानों की सूचना पर जब तक मौके पर दमकल की दो गाड़ियां पहुंचीं तब तक 16 से अधिक किसानों की खेतों में खड़ी 150 बीघा फसल जलकर राख हो गई। सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार अमित पाठक, कानूनगो सुरेंद्र पाल, लेखपाल राकेश कुमार वर्मा ने किसानो से जानकारी लेते हुए उन्हे धैर्य बंधाते हुए दैवी आपदा के तहत आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

तहसीलदार अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि लेखपाल से किसानों के हुए नुकसान का आकलन कराकर उन्हे दैवी आपदा के तहत आर्थिक मदद दिलाई जाएगी। किसान सुखसैनपुर गांव निवासी प्रेमचंद्र ने बताया कि उसकी 80 बीघा फसल जलकर नष्ट हो गई। इसके साथ और भी किसानों की फसलें जली हैं।

खेत में आग लगने से जलती गेहूं की फसल।

मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल। अमृत विचार

पूर्व विधायक समेत 21 किसानों की फसल राख

आग से सुखेंद्र पुत्र गजराज निवासी मंगदपुर की 0 .595 हेक्टेयर, गजेंद्र सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह सुखसैनपुर की 0 .955 हेक्टेयर, प्रदीप व दीपक पुत्रगण रामनरेश, मीरादेवी पत्नी रामनरेश, उमेश चद्र व चंद्रशेखर, अनिल कुमार पुत्रगण मुंशीलाल की 0 .562 हेक्टेयर, वीरेश्वर सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह, ओमवती पत्नी जितेंद्र सिंह सुखसैनपुर की 0 .809 हेक्टेयर, पूर्व विधायक अरविंद प्रताप सिह व आनंद प्रताप सिंह की 4 .869 हेक्टेयर, नगेंद्र सिंह पुत्र घनश्याम सिंह सुखसैनपुर की 0 .611 हेक्टेयर फसल जली है। प्रशासन के आकलन में 21 किसानों की करीब 102 बीघा फसल का नुकसान है। प्रमोद कुमार पुत्र घनश्याम सुखसैनपुर की 0 .243 हेक्टेयर, सतेंद्र बाबु पुत्र घनशयाम सुखसैनपुर की 0 .291 हेक्टेयर, दिनेश सिह पुत्र घनशयाम सिह व रविप्रताप पुत्र नगेंद्र सिह सुखसैनपुर की 0 .300 हेक्टेयर, राजपाल सिह पुत्र प्यारेलाल रिहुआ की 0 .802 हेक्टेयर, जालिम पुत्र प्यारेलाल रिहुआ की 0 . 802 हेक्टेयर, अरिदमन सिह पुत्र मोहन सिह व रूकमणी पत्नी मोहन सुखसैनपुर की 0 .316 हेक्टेयर फसल को नुकसान पहुंचा है।

सभासद मुस्तेहसन फिर बने सपा के नगर अध्यक्ष

कन्नौज। समाजवादी पार्टी के सभासद मुस्ते हसन को पार्टी के कन्नौज नगर अध्यक्ष की पुन : जिम्मेदारी दी गई है। सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम की सहमति पर यह जिम्मेदारी दी गई है।

दुर्घटना में घायल बड़ी बहन ने भी तोड़ा दम

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। चार दिन पहले अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुई बड़ी बहन ने भी कानपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना वाले दिन छोटी बहन की मौत हुई थी जबकि बड़ी को भर्ती कराया गया था। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया।

दिव्या

बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर निवासी आनंद पांडेय की 14 वर्षीय पुत्री वैष्णवी अपनी 17 वर्षीय बड़ी बहन दिव्या के साथ एक साइकिल पर तथा दूसरी मनोज दुबे की पुत्री शिवा कालका देवी मंदिर मेला देखने के लिए जा रही थी। तभी एन एच 34 जीटी रोड स्थित ग्राम सराय सुंदर के पास किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दोनों साइकिलों में जोरदार टक्कर मार दी थी। तीनों किशोरियां गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। सौ शैया अस्पताल में वैष्णवी को मृत घोषित कर दिया गया था, जबकि दिव्या को कानपुर तथा शिवा को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। चार दिन चले उपचार के बाद दिव्या ने भी कानपुर के किसी अस्पताल में दम तोड़ दिया जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि आनंद पांडेय की सिर्फ दो पुत्रियां ही थीम और वह भी दुर्घटना में दुनिया को अलविदा कह गई।

कंटेनर में घुसी कार, महिलाओं सहित चार लोग घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। कानपुर के मंधना निवासी राहुल सिंह पुत्र महेश सिंह का तीन दिन पूर्व विवाह हुआ था। वह रविवार की सुबह पत्नी शिवि, मां गीता सिंह, भाभी नीतू सिंह तथा कल्याणपुर गोवा गार्डन निवासी बुआ मंजू सिंह पत्नी अशोक सिंह प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम माधव नगर स्थित अपनी कुलदेवी मां आनंदी देवी के मंदिर दर्शन के लिए कार से जा रहे थे। कार उनका चचेरा भाई प्रशांत पुत्र राम सिंह चला रहा था। तभी एन एच 34 जीटी रोड स्थित सिकंदरपुर के ग्राम शाहजहांपुर के आगे चल रहे कंटेनर चालक ने अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगा दी। इसमें कार कंटेनर के पीछे जा घुसी। घटना में राहुल, मां गीता सिंह, भाभी नीतू सिंह व बुआ मंजू सिंह घायल हो गई।

पूर्व विधायक आवास मार्ग पर मृत मिला युवक

संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। रविवार को नसरापुर सपा कार्यालय के सामने पूर्व विधायक अनिल दोहरे के आवास मार्ग पर एक युवक का शव पड़ा देखा गया। युवक के परिजन मौके पर पहुंच गये। उन्होंने बताया कि युवक अवनीश सिंह (27) पुत्र रावेंद्र सिंह निवासी माधौ नगर खैर नगर थाना ठठिया सुबह घर से निकला था। वह यहां कैसे पहुंचा इस की जानकारी नहीं है। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जांच के बाद जिला अस्पताल के इमरजेंसी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने मामले की जानकारी ठठिया थाना पुलिस को दी। परिजनों ने पुलिस से पोस्टमार्टम कराने की बात कही है।

प्रतिमा खंडित करने के आरोपी को जेल

तिर्वा, कन्नौज। कोतवाली के पाला गांव मे आंबेडकर जयंती के एक दिन पहले लगी प्रतिमा को खंडित कर दिया गया था। पुलिस ने नई प्रतिमा स्थापित कर मामला शांत कराया था। समिति की अध्यक्ष शशिप्रभा की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस आरोपी की तलाश मे जुट गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रविवार को गांव के ही नंदराम को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

टूटी पाइप लाइन से पानी हो रहा बर्बाद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। शहर के शेखपुरा तिराहे से मकरंदनगर जाने वाले मार्ग पर टूटी पाइप का पानी सीवर लाइन से निकल कर सड़क से होकर नाली में बहता रहता है। इससे आवागमन में लोगों को दिक्कत होती रहती है।

नगरपालिका की पुरानी पाइप लाइन जगह-जगह से नियमित टूट रही है। कर्मचारी मरम्मत कर किसी तरह घरों तक पीने का पानी पहुंचा रहे हैं। एक पेयजल लाइन शेखपुरा मोहल्ला से मकरंदनगर जाने वाले मार्ग पर है। सीबर लाइन निर्माण के दौरान किसी जगह पाइप लाइन टूट गई। कर्मचारियों ने टूटी पाइप लाइन को खोजने का प्रयास किया पर वह सफल नहीं हुए। अब टंकी से पानी की आपूर्ति होते ही सप्लाई वाला अच्छा पानी सीवर लाइन से निकल कर सड़क पर बहने लगता है। पूरे दिन पानी का बहाव होने से उस सड़क से निकलने वाले लोगों को दिक्कत होती ही। इस संबध में नगर पालिका से शिकायत भी की जा चुकी है पर कोई नतीजा नहीं निकला। कुछ भी हो इस पानी के बहाव से सड़क से निकल रहे लोगों को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। बाइक व पैदल निकलने वाले लोग फिसल कर गिर रहे हैं। नियमित हजारों लीटर पानी नाली में बह रहा है।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं था। कर्मचारियों को लगाकर समस्या की जगह देख इसे दूर कराया जाएगा।

किशोरी को कार में डाल कर छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। सिकंदरपुर निवासी एक किशोरी को कस्बे के ही दो युवकों ने जबरन पकड़कर अपनी कार में डालकर छेड़छाड़ की। पीड़ित किशोरी ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बा सिकन्दरपुर निवासी एक किशोरी ने बताया कि वह सुभाष नगर निवासी अपनी दोस्त के घर जा रही थी। तभी रास्ते में एक निजी स्कूल के पास कस्बे के ही निवासी दिलीप पुत्र नरेश राठौर व अक्ष्य पुत्र चिम्मन ने उसे अपनी नीली कलर की कार में खींच कर डाल लिया और करमुल्लापुर की तरफ ले जाते हुए छेड़छाड़ करने लगे। उसके चीखने चिल्लाने पर उक्त दबंगों ने उसे रास्ते में उतार दिया और फरार हो गए।

धर्म-आध्यात्म

शहर में जगह-जगह यात्रा का स्वागत, जैन समाज के संतों व मुनि की झांकी रहीं शामिल

महावीर स्वामी की शोभायात्रा, जियो और जीने दो का संदेश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। भगवान महावीर स्वामी की जयंती शहर के मोहल्ला छिपट्टी में धूमधाम से मनाई गई। इससे पहले पूजा अर्चन के बाद रविवार को नगर में भगवान महावीर की शोभायात्रा निकाली गई। इसमें जैन संतों व मुनियों के चित्रों की झांकियां निकाली गईं। शहर में शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।

शहर के दिगंबर जैन मंदिर छिपट्टी से रविवार की सुबह बैंड बाजों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भगवान महावीर को बैलों से मचे रथ पर विराजमान किया गया था। यात्रा में जैन समाज के संतों व मुनि की झांकी शामिल रहीं। शोभायात्रा में सबसे आगे जैन समाज के ध्वज पताका लेकर बच्चे चल रहे थे वह जयघोष करते हुए चल रहे थे। गर्मी तेज धूप होने के बाद भी बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा छिपट्टी मोहल्ले से निकल कर तलैया चौकी, हाजीगंज, पकड़िया टोला, बलायपुल, छोटा चौराहा, बक्शी चौराहा, सब्जी मंडी, बड़ा चौराहा, पालिका रोड, लाखन तिराहा होते हुए वापस जैन मंदिर छिपट्टी पहुंची, जहां पर भगवान महावीर की आरती की गई। इस मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। यात्रा में बीएसएफ के जवान भी मुस्तैद किए गए थे। शोभायात्रा में प्रमुख इत्र व्यवसाई अतुल कुमार जैन, सुशील जैन, राकेश जैन रक्कू, संजीव जैन, बम्बी जैन, सचिन जैन, कपूर चंद्र जैन, अशोक जैन, सौम्य जैन, दीपक जैन, मनोज जैन, निर्मल जैन, रचित जैन, उदित जैन, कैप्टन वैभव जैन, कर्नल जैन, संदीप जैन, गौरव जैन, नीरज जैन, के अलावा महिला भक्तों में नीतू जैन, जया जैन, संजू जैन, उर्मिला जैन, रीतू जैन, गुंजन जैन, बुलबुल जैन, सोनाक्षी जैन, रोमी जैन समेत बड़ी तादात में महिला भक्त शामिल रहीं।

रथ पर सवार भगवान महावीर।

शोभायात्रा में शामिल जैन समाज की महिला भक्त। अमृत विचार

विधि-विधान से प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने भंडारे में पाया प्रसाद

अमृत विचार। नगर के नंगापुर्वा रोड स्थित सीता राम आश्रम पर चल रहा मां दुर्गा, मां काली व रामलला की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम रविवार को संपन्न हो गया।

रविवार को सीताराम महाराज, पंडित रामानुज, पांडेय, दीनबंधु पाठक, राहुल सहित अन्य प्रकांड विद्वानों ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से संपन्न कराया। इसमें वैदिक मंत्रोच्चार पर यजमान अतुल गुप्ता ने धर्मपत्नी के साथ प्रतिमाओं का शृंगार कर स्थापित कराया और पूजा अर्चना कर आरती वंदना की। बताया कि प्रतिमाओं का पुष्पवास, औषधिवास, अन्नवास, जलवास, फलवास आदि वैदिक पद्धति से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न कराया गया है। आयोजक द्वारा विशाल भण्डारा व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. सुधीर दीक्षित, एडवोकेट सुभाष चंद्र गुप्ता, अजीत मिश्र, ज्ञानेन्द्र गुप्ता, सुशील कुमार, ललित मोहन सिंह, गगन मनीष गुप्ता, गौरव वर्मा, मनोज गुप्ता आदि ने प्रतिष्ठित प्रतिमाओं की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

मां काली का शृंगार करते पुरोहित।

हृदयस्पर्शी आनंद प्रदान कराती गुरु चरणों की सेवा

गुरसहायगंज। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें फर्रुखाबाद के महात्मा संजीव चौहान ने कहा कि गुरु चरणों की सेवा हृदय स्पर्शी आनंद प्रदान करती है। गुरु चरणों की सेवा बहुत ही भाग्य वालों को प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस मनाया जाएगा। इसमें सभी भाई-बहन सद्गुरु की बताई राह पर चलते हुए रक्तदान करेंगे। संतों ने सदैव मनुष्य जाति के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। बाबा गुरु वचन सिंह ने मंसूरी कांफ्रेंस में कहा था कि शादियां दिन में की जाएं जिससे फिजूलखर्ची से बचा जा सके। नशे से भी बचना है। सत्संग में मुखी महात्मा विपिन, विश्राम सागर, अशोक, रामकरण, ईश्वर दयाल, सुशील, आकाश, रामावतार, रामबाबू, पारुल, मिथलेश, सुनीता, मुन्नी, आरती, रजनी, सरोजनी आदि सत्संगी मौजूद रहे।

आलू की खोदाई के बाद खेतों में अब लहलहाने लगा मक्का

किसान मक्का की फसल से कमाते हैं अच्छा मुनाफा, बड़े पैमाने पर होती है खेती

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जिले में आलू खोदने के बाद बोई गई मक्का की फसल खेतों में लहलहा रही है। किसानों को उम्मीद जगी है की इस फसल से उन्हें हजारों रुपया बीघा का लाभ होना तय हो गया है।

बताते चलें कि इस साल जिले भर में 42000 हेक्टेयर भूमि पर आलू की फसल तैयार की गई थी। जिसमें 12 लाख मैट्रिक टन शुद्ध पैदावार हुई है। आलू खोदने के बाद तकरीबन 2000 हेक्टेयर भूमि पर किसानों ने मक्का की फसल बोई है जो इस समय खेतों में लहलहा रही है । प्रगतिशील किसान नारद सिंह कश्यप का कहना है की एक बीघा खेत में मक्का तैयार करने के लिए 400 जुताई ,300 रुपयेबुवाई, 800 बीज,600रुपये फसल सुरक्षा,1000 रुपये सिंचाई,250 थ्रेसिंग,800रुपये लेवर,300 रुपये खाद कुल 4450 रुपये खर्च आता है। गर्मी की सीजन में तैयार की गई मक्का एक बीघा खेत मे 7 कुंतल पैदा होती है।

खेतों में लहलहाती मक्का की फसल। अमृत विचार

प्रगति शील किसान नारद सिंह कश्यप का कहना है कि दो हजार रुपये प्रति कुंतल भाव मिलने से 14000 रुपये की मक्का एक बीघा खेत में पैदा हो जाती है। इस तरह से 9550 रुपये किसानों को प्रति बीघा शुद्ध लाभ होता है।

प्रगतिशील किसान नारद सिंह कश्यप का कहना है कि यह आलू खोदने के बाद मक्का आम के आम और गुठलियों के दाम बाली कहावत को चरितार्थ करती है। किसान नारद सिंह का कहना है कि यहां अधिकांश लोग आलू खोदने के बाद या तो उन खेतों में मक्का की फसल तैयार करते हैं। अथवा उन खेतों में मूंगफली की फसल तैयार कर लेते हैं। जिससे अतिरिक्त फसले उन्हें मिल जाती हैं और कम लागत में किसानों को खासा लाभ हो जाता है। प्रगतिशील किसान नारद सिंह कश्यप का कहना है कि वह पिछले 15 साल से आलू की खुदाई करके अपने खेतों में मक्का की फसल तैयार कर रहे हैं। जिससे उन्हें खासा लाभ हो रहा है।

इस संबंध में जिला आलू विकास अधिकारी रामनारायण वर्मा का कहना है कि आलू खोदने के बाद मक्का की फसल किसानों के लिए

- गर्मी के सीजन में तैयार की गई मक्का का मिलता है अच्छा भाव

बहुत फायदेमंद रहती है। सबसे बड़ी बात तो यह है की इस मक्का की खरीद व्यापारी खेतों से ही कर लेते हैं ।किसानों को मंडी में ले जाने की जरूरत नहीं पड़ती ।आलू के बाद तैयार की गई मक्का की बाहर की मंडियों में मांगअधिक है ।जिसकी खास बात है कि मक्का के अगले भाग से स्टार्च बनाया जाता है और शेष मक्का से तरह-तरह के फास्ट फूड बनाए जाते हैं। जो की पैदावार कम होने की वजह से बियर मक्का से बनाई जा रही है। जिससे मक्का की मांग बाहर की मंडियों में खांसी हो गई है।

जिला आलू विकास अधिकारी का कहना है कि गर्मी की सीजन में तैयार की गई मक्का का भाव 2000 से 2200 कुंतल मिलता है। जिसमें नाके बराबर लागत लगने से किसानों को खासा लाभ होता है। किसानों को चाहिए कि वह आलू की खोदाई करके अपने खेतों में मक्का की फसल तैयार करें।

महिला आरक्षी ने चौकी प्रभारी पर यौन शोषण की रिपोर्ट दर्ज कराई

फर्रुखाबाद। शादी करने के नाम पर महिला आरक्षी का शारीरिक शोषण करने वाले चौकी इंचार्ज के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एसपी के आदेश पर कार्रवाई हुई है। महिला आरक्षी ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि वह एक थाने में तैनात है। नियुक्ति के दौरान थाने पर तैनात उप निरीक्षक दीपक कुमार पुत्र बच्चूसिंह हाल तैनाती चौकी आवास विकास, थाना कादरीगेट जनपद फतेहगढ़ द्वारा 13 दिसंबर 22 से लगातार महिला आरक्षी को शादी करने की बात कहकर शारीरिक शोषण करता रहा। नवावगंज में तैनाती के दौरान उप निरीक्षक दीपक उसे अलग-अलग जगहों पर ले गया। वहां भी उसके साथ शारीरिक शोषण किया। उसके द्वारा शादी करने का दबाव बनाया गया तो दीपक के माता-पिता द्वारा शादी करने की बात को अलग-अलग बहाना बनाकर टाल दिया। मेरे द्वारा इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों पूर्व थानाध्यक्ष नवावगंज जयप्रकाश शर्मा, वर्तमान प्रभारी निरीक्षक आमोद कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक कादरीगेट तथा क्षेत्राधिकारी नगर को भी जानकारी दी। अधिकारियों के बुलाने पर आरोपी शादी का आश्वासन देता। मामले की जांच महिला थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर पूनम अवस्थी को सौंपी गई है।

संदिग्ध परिस्थिति में महिला की हुई मौत

संवाददाता फर्रुखाबाद

- मायके वालों की शिकायत पर शव पोस्टमार्टम को भेजा

अमृत विचार। कायमगंज नगर में पुरानी गल्ला मंडी के निकट एक कारखाने में काम करने वाले श्रमिक विपिन शर्मा की पत्नी 25 वर्षीय रीता शर्मा की रविवार सुबह संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सीएचसी में मृत घोषित होने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने जांच पड़ताल की। पति के मुताबिक महिला ने रात में खाना खाया था। स्वास्थ्य बिगडने पर वह सुबह अस्पताल लेकर गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मायके वालों की शिकायत पर शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

ट्रेन से कटकर रेलयात्री की हो गई मौत

फर्रुखाबाद। कानपुर-कासगंज रेल मार्ग पर शमसाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म के निकट ही करीब 50 वर्षीय अज्ञात रेल यात्री की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। शव से रावतपुर -कायमगंज तक का रेल टिकट व एक अंगौछा ही मिला है। सिर व धड़ अलग मिला है, जिससे व्यक्ति के खुदकुशी का अनुमान है। जीआरपी ने शव का पंचनामा कर शिनाख्त के लिए शव गृह में रखा है।

मार्ग दुर्घटना में वृद्ध की मौत

फर्रुखाबाद। साइकिल से जा रहा वृद्ध मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती किया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना राजेपुर के ग्राम कुईयां निवासी 80 वर्षीय बालक राम अपनी साइकिल से ग्राम गांधी किसी कार्य से जा रहे थे। इटावा-बरेली हाई-वे पर गांधी गांव के निकट किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बालक राम गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती किया गया। सीएचसी में डा. प्रमित राजपूत ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पंहुचे उपनिरीक्षक उदय नारायण शुक्ला ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हादसे में चाचा-भतीजी घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव नगमा निवासी मानसिंह की 18 वर्षीय पुत्री सपना अपने चाचा अच्छे लाल के साथ बाइक से जा रही थी। टेड़ीकोन के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर से चाचा भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गए।

लाइनमैन को लगा करंट, गिरने से घायल

शमसाबाद। बिजली लाइन ठीक करते समय अचानक करंट लगने से लाइनमैन पोल से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। स्वजनों ने विभागीय कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। बिजली उपकेंद्र फैजबाग फीडर के गांव किसरौली की बिजली की आपूर्ति बंद होने की सूचना पर गांव पसियापुर निवासी लाइनमैन धीर सिंह, साथी सुग्रीव व नानकचंद्र के साथ सुबह शट डाउन लेकर पोल पर चढ़ कर आपूर्ति बहाल करने का काम कर रहा था। अचानक बिजली के तार में करंट आने से धीर सिंह पोल से नीचे आ गिरा। साथियों ने धीर सिंह को सीएचसी में भर्ती कराया। सूचना पर मां लाडली देवी सहित परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों ने ब्रेक डाउन होने के बाद भी बिजली की लाइन चालू करने को लेकर कर्मचारियों पर लापरवाही करने का आरोप लगाया। उपकेंद्र पर तैनात एसएसओ रामकिशन ने बताया कि लाइनमैन नानक चंद्र ने बिजली की आपूर्ति सही करने के लिए शट डाउन लिया था। उसके बाद नानक चंद्र की सूचना पर ही बिजली आपूर्ति शुरू की गई। सीएचसी के डॉक्टर अलीम अंसारी ने बताया कि उपचार के बाद लाइनमैन धीर सिंह की हालत में सुधार आया है।

एक नजर

जहरीला दूध पीने से मां-बेटे की हालत बिगड़ी

फर्रुखाबाद। थाना नबाबगंज क्षेत्र के गाँव नगला पूठा निवासी नत्थू सिंह की 25 वर्षीय पूनम और 5 वर्षीय पुत्र शुभम के साथ मायके में आई हुई है। छिपकली पड़ा दूध पूनम और 5 वर्षीय शुभम ने पी लिया। हालत बिगड़ने पर पूनम और 5 वर्षीय पुत्र को घर वालों ने निजी वाहन से जिला अस्पताल लोहिया के इमरजेंसी में भर्ती कराया । ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर भानु प्रताप सिंह ने मामले पर बताया है कि छिपकली पड़ा दूध मां पूनम और उनके 5 वर्षीय पुत्र शुभम ने पी लिया है। दोनों को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।

सैनिक हॉस्पिटल में तैनात पत्नी को पीटा

फर्रुखाबाद। कैंट क्षेत्र स्थित मिलिट्री हॉस्पिटल निवासी महिला कर्मचारी जसविंदर कौर ने राज्य पंजाब जनपद तरनतारन कैरा रोड पट्टी दशमेश नगर निवासी पति कर्मजीत सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें बताया कि 18 अप्रैल को पति कर्मजीत ने अस्पताल के बाहर फोन करके बुलाया। इसके बाद गाली-गलौज कर मारा-पीटा। घसीटकर ले जाने का प्रयास किया। विरोध करने पर पति ने जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल हरिश्याम सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर महिला कर्मचारी का लोहिया अस्पताल में मेडिकल कराया गया है।

30 लीटर शराब के साथ युवक गिरफ्तार, रिपोर्ट

कमालगंज फर्रुखाबाद। कस्बा प्रभारी शंकारानंद शनिवार शाम नगर में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि महरूपुर राबी गांव में एक युवक शराब लेकर जा रहा है। इस पर कस्बा प्रभारी टीम के साथ महरुपुर राबी पहुंचे। उन्होंने एक युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास 30 लीटर शराब बरामद हुई। थाने लाकर कस्बा प्रभारी ने महरुपुर के गोविंद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। बाद में उसे थाने से ही जमानत पर छोड़ दिया गया।

भाविप ने सौंपीं जिम्मेदारियां

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। भारत विकास परिषद महीयसी महादेवी शाखा फर्रुखाबाद का दायित्व ग्रहण समारोह सेनापति स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत भूषण जुनेजा , क्षेत्रीय महासचिव उत्तर मध्य क्षेत्र 2 एवं विशिष्ट अतिथि विवेक कुलश्रेष्ठ शपथ अधिकारी के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। दायित्व ग्रहण में देव कुमार शर्मा अध्यक्ष पंकज वर्मा सचिव, गौरव मिश्रा कोषाध्यक्ष, आशीष कुमार शर्मा संगठन सचिव एवं ज्योति शर्मा महिला संयोजिका के रूप में दायित्व ग्रहण किया। कार्यक्रम में बच्चों ने बहुत ही आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया । 11 नवीन सदस्यों ने महीयसी महादेवी शाखा की सदस्यता ग्रहण की। नवीन सदस्यों में प्रीति गुप्ता, नितिन बंसल, संजय गुप्ता, महेश वर्मा, जितेंद्र वर्मा, सुनीता गुप्ता, श्री राजीव बरतरिया, विष्णु अरोड़ा, श्रीमती चित्रा अग्निहोत्री आदि ने नवीन सदस्यता का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अन्य शाखोओ से आए सदस्यों कन्हैया लाल जैन, अतुल रस्तोगी, अनुपम पुरवार,श्रीमती रीता दुबे, श्रीमतीअनीता पाठक, आशा वर्मा, संजय दुबे, आरके वर्मा, ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में शाखा के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

दायित्व ग्रहण समारोह में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

दलित परिवार की पिटाई पर सपा नेता के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। दलित परिवार की पिटाई करने वाले सपा नेता एवं पूर्व सभासद सुरेंद्र सिंह यादव व उनके परिजनों पर केस दर्ज कराया गया है। थाना मऊ दरवाजा के मोहल्ला रकाबगंज खुर्द निवासी अनूप पुत्र स्व महिपाल जाटव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह 18 अप्रैल को करीब 8.30 बजे शाम अपने घर के बाहर मैजूद था। तभी मोहल्ला बैजनाथ स्ट्रीट निवासी पुष्पेन्द्र पुत्र सरनाम यादव मेरे ऊपर लाल लाइट जिस पर दिल बना हुआ था मारने लगा। जिसका मेरे द्वारा विरोध किया गया तो पुष्पेन्द्र जातिसूचक गालियां देने लगा। इसी दौरान मोहल्ला बैजनाथ स्ट्रीट निवासी सुरेन्द्र यादव पुत्र विशुन दयाल, जितेन्द्र यादव पुत्र सरनाम तथा सुरेंद्र यादव के मित्र मोहल्ला रकाबगंज खुर्द निवासी रतन राठौर एवं उसकी पुत्री राधा भी आ गयी। सभी मिल कर मेरे साथ गाली गलौज के साथ मारपीट करने लगे। जब मेरी मां रामश्री एव भाई नारद कुमार एवं मेरे भाई रवि की पत्नी गीता मुझे बचाने आयी तो दबंगों ने मेरे व मेरे परिवारीजनो के साथ लाठी, डन्डो, लात, घूसो, आदि से मार पीट की। ये लोग मोहल्ले के लोगो द्वारा ललकारने पर धमकी देते हुये भाग गये। जाति सूचक गाली देते हुए कहा कि अगर कही शिकायत की तो जान से मार देंगे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सार-संक्षेप

डूडा पिछले साल बनीं 13 सड़कों की करवा रहा जांच

फर्रुखाबाद। जिला नगरीय विकास अभिकरण कार्यालय (डूडा) की ओर से पिछले वर्ष जनपद में बनवाई गईं 13 सड़कों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करवाई जा रही है। अभी तक लगभग चार सड़कों की जांच हो चुकी है। वर्ष 2023-24 में नगर क्षेत्र फर्रुखाबाद के साथ ही कमालगंज व शमसाबाद आदि ब्लॉकों में लगभग 27 लाख रुपये की लागत से सड़कों का निर्माण कार्य कराया गया था। बीते दिनों डूडा ने इन सड़कों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच शुरू कराए जाने के निर्देश दिए हैं। विभाग अब तक करीब पांच सड़कों की जांच भी करवा चुका है। प्रभारी परियोजना अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि निर्माणाधीन 13 सड़कों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराई जा रही है। अभी तक जिन सड़कों के निर्माण कार्यों की जांच हुई, उसमें गुणवत्ता सही पाई गई है। अन्य सड़कों की जांच भी जल्द करवा ली जाएगी।

छात्र से मारपीट में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

फर्रुखाबाद। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नगलादीना निवासी अविनाश सिंह ने मोहल्ले के विवेक सिंह, मंगल, आर्यन, उत्कर्ष दुबे, प्रांशु यादव, अनुभव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इसमें बताया कि पुत्र आरव सिंह जय नारायण वर्मा रोड स्थित एक कॉलेज में कक्षा दस में पढ़ता है। 9 अप्रैल को कॉलेज से छुट्टी होने के बाद पुत्र आरव वापस आ रहा था। उसी दौरान इन लोगों ने पुत्र के साथ गाली-गलौज किया। विरोध करने पर सभी लोगों ने पुत्र आरव को मारपीट कर घायल कर दिया। राहगीरों के बीच-बचाव करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने छात्र आरव का मेडिकल कराया। कोतवाल हरिश्याम सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



अंकित का सम्मान करते जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

अंकित का लोधी समाज ने किया सम्मान

फर्रुखाबाद। जनपद के विकास खंड शमसाबाद अंतर्गत गांव नगला हरजू निवासी अंकित राजपूत ने सिविल सेवा परीक्षा में 623 वीं रैंक हासिल कर लोधी समाज को गौरवान्वित किया है। बचपन से ही होनहार बेटा भाजपा नेता दामोदर राजपूत के भतीजे ने कठोर तपस्या करके यह सफलता पाई है । लोधी समाज को गौरवान्वित करने वाले अंकित राजपूत के निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है । जिसमें आज अखिल भारतीय लोधी लोध महासभा के जिलाध्यक्ष महेशचंद्र राजपूत , बेचेलाल वर्मा , रामलड़ैते राजपूत , डा पन्ना लाल राजपूत , प्रभाकर राजपूत , अरविन्द राजपूत , वीरेंद्र सिंह राजपूत , डा संजय सिंह राजपूत , अहिवरन सिंह राजपूत , रामनरेश राजपूत फौजी , सुरजीत सिंह राजपूत , बीडीसी सच्चिदानन्द राजपूत , प्रवीन वर्मा , नरेन्द्र सिंह राजपूत , प्रेमपाल सिंह राजपूत एडवोकेट आदि तमाम लोगों ने भव्य स्वागत किया ।

मतदान से 48 घंटे पहले बंद होंगी शराब की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान दिवस से दो दिन पूर्व और मतगणना के दौरान शराब की दुकानें बंद रहेंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीके सिंह ने आदेश पारित करते हुए कहा है कि मतदान से 48 घंटे की अवधि के दौरान संबंधित मतदान क्षेत्र के भीतर शराब की दुकानें बंद रहेंगी। आदेश के अनुसार 11 मई को शाम 6 बजे से 13 मई 2024 को मतदान समाप्ति तक शराब की बिक्री नहीं होगी। इसी तरह मतगणना के दिन 4 जून को पूरे दिन जनपद की देशी-अंग्रेजी शराब की सभी दुकानों को पूर्ण रूप से मतगणना समाप्ति तक बंद रखा जाएगा। इस दौरान मादक पदार्थों की बिक्री और परिवहन पूरी तरह निषिद्ध रहेगा। इसके साथ ही जनपद बदायूं, मैनपुरी, कासगंज में आगामी 7 मई को होंने वाले मतदान के तहत जनपद फर्रुखाबाद में आठ किलोमीटर के दायरें में मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व से शराब दुकानें बंद रहेंगी। आदेश का उल्लंघन करने करने वाले के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जिलाधिकारी वीके सिंह। अमृत विचार

लोहिया अस्पताल की महिला यूनिट में लगा बोर्ड रोगियों को कर रहा भ्रमित

कार्यालय संवादाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। डाक्टर राममनोहर लोहिया अस्पताल की महिला यूनिट में डॉक्टरों की सूची के नाम पर रोगियों को भृमित किया जा रहा है। यहां डाक्टरों की उपलब्धता का जो साइन बोर्ड लगाया गया है। उनमें चार डाक्टर एक अरसे से यहां से चले गए है। एक की कई साल पहले मौत हो चुकी है।

बोर्ड पर अंकित डॉक्टर अर्चना कठेरिया, डॉ नमिता दास, डॉक्टर श्वेता तिवारी, डॉक्टर जूही पाल इन चारों डॉक्टरों की तैनाती महिला यूनिट में नहीं है। उसके बाद भी लोहिया जिला अस्पताल महिला इमरजेंसी गेट के पास डॉक्टरों की सूची का बोर्ड लगा हुआ है। बोर्ड पर अंकित डॉक्टर श्वेता तिवारी की 2 साल पहले मौत हो चुकी है। इस बोर्ड पर इन डाक्टरों के नाम अंकित होने से रोगी भृमित हो रहे हैं।

इस सम्बंध में जब महिला यूनिट के मुख्य चिकित्साधीक्षक डाक्टर कैलाश दलहनी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मेरे से गलती हो गई ।मेरा ध्यान इस ओर नही गया। दो चार दिन में उसे अपडेट करा दिया जाएगा।

गलत जानकारी दे रहा साइन बोर्ड।

- चार डॉक्टरों के ऐसे नाम अंकित जिनकी अस्पताल में तैनाती नहीं
- दो साल पहले स्वर्गवासी हुई डॉक्टर स्वेता तिवारी का नाम भी अंकित

खेती-किसानी | उत्तर प्रदेश के साथ ही अन्य प्रदेशों की मंडियों में यहां के तरबूज की रहती है ज्यादा मांग

गंगा की कटरी में तैयार होने लगा तरबूज

संवाददाता अमृतपुर-फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जिले के अमृतपुर तहसील क्षेत्र के गंगा और रामगंगा नदी के किनारे बसे कई गांवों मे पलेज की फसल की जाती है। यहां की पालेज का तरबूज कई प्रदेशों मे अपनी मिठास बिखेरता है। अमृतपुर तहसील क्षेत्र से गंगा और रामगंगा नदी होकर गुजरी है। यहां का किसान नदियों की रेती मे पलेज की फसल तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी, लौका, लौकी, करेला की फसल तैयार करता है। यहां पर तैयार आस पास के जिलों की मंडी मे बिक्री की जाती है। जबकि तरबूज की फसल उत्तर प्रदेश के साथ साथ अन्य प्रदेशों की मंडियों तक बिकने जाता है। किसान चंद्रपाल,मुकेश,भूरे, बृजपाल आदि लोगों ने बताया अपने यहां के तरबूज की मांग उत्तर प्रदेश के आगरा,मथुरा,मेरठ मध्यप्रदेश के ग्वालियर , झांसी राजस्थान के जयपुर,जोधपुर महाराष्ट्र के नासिक, नागपुर की मंडियों तथा दिल्ली व हरियाणा गुजरात प्रदेश की मंडियों मे रहती है। इन मंडियों मे यहां का तरबूज अच्छी कीमत से बिक जाता है। तथा बाहर से व्यापारी आकर खेतों मे भी तरबूज की खरीद करते हैं। व्यापारी मुनीश शुक्ला ने बताया कि इस समय तरबूज 800 से 1000 रुपए बिक रहा है। ट्रकों पर अंडर लोडिंग व्यवस्था हो जाने से बाहर की मंडियों मे तरबूज जाने से भाड़े का खर्चा अधिक बढ़ गया है। इसलिए खेतों मे तरबूज की बिक्री करने से किसान को फायदा रहेगा। उन्होंने बताया अमृतपुर क्षेत्र का तरबूज कई प्रदेशों के लोगों के मुंह जायका बनता है। यहां का तरबूज मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात की मंडियों मे काफी कदर से बिकता है। जिससे यहां के किसान अपने तरबूज को इन प्रदेशों तक पहुंचाकर मुनाफा कमाने का पूरा प्रयास करते हैं। पलेज मे काम कर रहे अभिराम कुशवाहा ने बताया है कि पलेज मे फसल तैयार करने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है, मजदूरों की मदद लेने से लागत अधिक आ जाती है। किसान हमेशा अच्छी किस्म का मंहगा बीज लाकर तरबूज की फसल तैयार करते हैं जिससे उत्तर प्रदेश के साथ-साथ अन्य प्रदेशों की मंडियों में यहां के तरबूज की मांग रहती है।

पालेज से सब्जियां निकालते किसान। अमृत विचार

चुनाव में गई बसें, यात्रियों को हो रही परेशानी

फर्रुखाबाद। दूसरे जनपदों में होने वाले लोकसभा चुनाव में रोडवेज की बसों के चले जाने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बसें आते ही बैठने को लेकर यात्रियों में धक्का-मुक्की हो रही है। विभाग भी बेबस है। रविवार को रोडवेज बस स्टैंड पर हरदोई, इटावा, कानपुर, मैनपुरी व बदायूं आदि जनपदों के लिए जाने वाली बसों को लेकर यात्रियों में आपाधापी रही। दोपहर करीब 12.30 बजे हरदोई डिपो की बस जैसे ही आई तो लगभग आधा सैकड़ा से ज्यादा यात्री बस में चढ़ने को लेकर दौड़ पड़े। कोई खिड़की से घुसा तो किसी ने खिड़की से अपना सामान सीट पर रखने की कोशिश की। मुख्य गेट पर चढ़ने को लेकर धक्का-मुक्की होने लगी। कुछ महिलाएं व बच्चे भीड़ में फंसने से चीखने लगे। काफी मशक्कत के बाद बस में चढ़ने को मिला। कुछ ही देर में बस में घुसने की जगह नहीं रही।

पूर्व सैनिक ने पत्नी को पीटा,सिपाही से अभद्रता

फर्रुखाबाद। कादरीगेट थाना क्षेत्र के गांव नगला मसेनी सेवानिवृत्त सैनिक कुंअर पाल सिंह ने पत्नी देवकुमारी के साथ शनिवार देर रात मारपीट कर दी। जिससे देवकुमारी बचाव करने को घर के बाहर भाग आई। उन्होंने 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कुंअर पाल को हिरासत में ले लिया, पुलिस उन्हें थाने ला रही थी, तो उन्होंने पुलिस कर्मियों के साथ भी अभद्रता कर दी। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर पूर्व सैनिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

चिकित्सकीय परीक्षण के लिए जाते मारपीट में घायल युवक। अमृत विचार

रोडवेज बस में सीट पर बैठने को लेकर मारपीट

फर्रुखाबाद। थाना कादरीगेट क्षेत्र में रोडवेज बस स्टैंड पर हरदोई डिपो की बस में सीट पर बैठने को लेकर यात्रियों के दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटनाक्रम के अनुसार जिला हरदोई के गांव पिलवान निवासीअसीन मिया का पुत्र फुलमिया और उसका रिश्तेदार सलमान जयपुर से हरदोई जा रहे थे। तभी फर्रुखाबाद रोडवेज बस स्टेशन पर हरदोई बस में सीट पर बैठने को लेकर दो युवकों ने सलमान और फूल मियां के साथ मारपीट कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक व आरोपियों को थाने में ले गई। थानाध्यक्ष अवध नारायण पांडे ने बताया है कि रोड पर बस में सीट पर बैठने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था थाने में लाकर दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

नई मंडी में आग से चार दर्जन दुकानें खाक, लाखों के नुकसान की आशंका

भरथना व सैफई से पहुंचीं दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर पाया गया काबू

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। इटावा-बरेली रोड पर स्थित नई मंडी में रविवार की शाम को आग लग गई। आग लगने की जानकारी मिलने हड़कंप मच गया। लोगों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। दमकल विभाग की टीम को जानकारी दी गई। जब तक दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंचती आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब चार दर्जन दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया।

रविवार की शाम को नई मंडी के सब्जी मंडी की ओर दुकानों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने एक के बाद एक दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। मंडी में आग लगने की जानकारी मिलने से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप गया। आसपास के लोगों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। साथ ही इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए।

दुकानों में लगी आग बुझाते फायरकर्मी और मौके पर जुटे लोग। अमृत विचार

आग बढ़ती देख भरथना व सैफई से गाड़ियां बुलाई थी। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने से लाखों का नुकसान होने की बात बताई जा रही है। आग लगने की जानकारी मिलने पर एडीएम के अलावा मंडी के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अधिकारी नुकसान का आंकलन करा रहे हैं।

दुकानदार अब्दुल महराज ने बताया कि आग मंडी परिसर में पड़े कूड़े करकट से लगी है। उनका कहना है कि सफाई कर्मी कूड़े को वहीं डाल देते हैं और उसमें आग लगा देते हैं। इसकी दुकानदारों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नही दिया। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान के अलावा मुमताज, फूल सिंह, राम जीवन, अजय कुमार निशाद, सकील के अलावा चार दर्जन से अधिक लोगों की दुकानों में आग लगी। आग लगने से उसमें रखा आलू लहसुन के अलावा अन्य सब्जियां जलकर राख हो गई। उनका कहना था कि यदि मंडी प्रशासन शिकायतों पर ध्यान देता तो आग लगने से बचाया जा सकता था।

वाहन की टक्कर से कार हुई क्षतिग्रस्त, विवाहिता की मौत

संवाददाता बसरेहर (इटावा)

- पिता-बेटी गंभीर रूप से घायल आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा

अमृत विचार। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर थाना चौबिया क्षेत्र में चौपला कट प्वाइंट के पास लखनऊ से आगरा जा रही कार ड्राइवर को झपकी आने से आगे जा रहे वाहन से टकरा गई। हादसे में विवाहिता की मौत हो गई, पति, बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कार के परखच्चे उड़ गए और हादसे से यातायात प्रभावित हो गया।

लखनऊ में फैजाबाद रोड पर बक्शी का तालाब न्यू हैदराबाद गोयल फ्लैट में रहने वाले एलआईसी अधिकारी प्रभात कुमार केसरवानी अपनी 52 साल की पत्नी आरती तथा बेटी प्रिया के साथ लखनऊ से कार में सवार होकर आगरा जा रहे थे । उपरोक्त स्थान नींद की झपकी आ जाने के कारण आगे चल रहे किसी अज्ञात वाहन से कार टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि कार के परखच्चे उड़ गए। जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बेटी प्रिया का पैर टूट गया। स्वयं गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को यूपीडा की एंबुलेंस से सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया। एक्सप्रेसवे के सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह ने बताया नींद की झपकी आने से हादसा हो गया, कार को क्रेन से हटवाकर यातायात सामान्य करा दिया गया है।

बाइकों की भिड़ंत, दो घायल

महेवा, इटावा। कस्बा महेवा में दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। कस्बा महेवा में सौरभ स्मृति स्कूल के पास विपरीत दिशा में आ रहीं बाइकें आमने सामने टकरा गई। जिनमें दोनो के चालक सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। चौकी से कांस्टेबल रोहित तोमर व नरेंद्र कुमार ने पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से दोनो घायलों को सीएचसी महेवा भेजा। आधार कार्ड से पता लगा कि एक का नाम इंद्र कुमार निवासी नगला छिड्डी मेंहदीपुर है। दूसरे का नाम पता ज्ञात न हो सका ।

सार-संक्षेप

मेधावी छात्रा को किया गया पुरस्कृत

ऊसराहार। कस्बा ऊसराहार निवासी राष्ट्रवादी खटीक विकास समिति के तहसील अध्यक्ष संतोष कुमार चक की छोटी पुत्री नेंसी ने हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। संत विवेकानंद मिशन पब्लिक इंटर कॉलेज की छात्रा नैंसी सिविल सर्विस में जाकर समाज सेवा करना चाहती है। उनके पिता संतोष कुमार उर्फ गुड्डू चक, मां रूपा देवी चक, भाई अभिषेक चक व अर्पित चक, बहन ईशा चक सहित परिजनों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। खटीक विकास समिति के जिलाध्यक्ष अनिल चक, महामंत्री सचिन चक रघुवंशी, मिजाजी लाल चक, अजय चक निक्की, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजकुमार राजू चक सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिकों ने बधाई दी है।

छात्रा को मिठाई खिलाते संतोष कुमार चक। अमृत विचार

मां नारायणी कॉलेज का परीक्षाफल शत-प्रतिशत

जसवंतनगर। मां नारायणी इंटर कॉलेज के सभी बच्चों का हाईस्कूल व इंटरमीडियट का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। दीपांशी के 95 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले की मेरिट में जगह बनाई। वहीं अशीष 93, आयुष 90 .8, कुमारी वर्षा 90 .4, गुंजन 90 .4 व हाईस्कूल की प्रियंका राजपूत के 91 व शिकांक्षा के 90 .05, दिव्या के 90 .6 व राधिका ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय परिवार का नाम रोशन किया। प्रबंधक एडवोकेट भुजबीर सिंह यादव, एमडी मोहित सनी यादव ने मिठाई खिलाकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

दीपांशी को आशीर्वाद देते माता-पिता एवं एमडी मोहित।

छात्र-छात्राओं ने किया नाम रोशन

महेवा, इटावा। महेवा लोकमान्य रूरल इंटर कॉलेज में अध्यनरत इंटर की छात्रा रोशनी ने 92 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अंजली ने 90 .20, डोली कुमारी ने 86 .80, महक सिंह ने 86 प्रतिशत अंक पाए। 10वीं के छात्र हर्ष कुशवाहा ने 91 .83, प्रबल प्रताप ने 87 .66 एवं केशव तिवारी ने 87 .33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। बिहरी जी इंटर कॉलेज के छात्र प्रयांश ने कुल 86 .2, कशिश ने इंटर में 84 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। निवाड़ीकला स्थित पंडित रमेश चंद्र इंटर कॉलेज के छात्र अक्षित दुबे ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

अतर सिंह शर्मा इंटर कालेज के मेधावी छात्र छात्राएं। अमृत विचार

अतर सिंह कॉलेज का परीक्षाफल शानदार

इटावा। माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल इंटरमीडिएट के घोषित परीक्षाफल में श्री अतर सिंह शर्मा इंटर कॉलेज चितभवन का परिणाम उत्कृष्ट रहा। इंटरमीडिएट की छात्रा दिव्या 95 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले के टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त किया। इंटर की ही छात्रा तनु 86 .4, आशी 84 .6, दीक्षा 83 .6, श्रेया 82 .91 और झलक ने 80 .6 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। हाईस्कूल की छात्रा पल्लवी ने 93 .16, कशिश 86 .13 और साक्षी ने 85 .16 फीसदी अंक प्राप्त किए। कार्यवाहक प्रबंधक लोकेश मिश्रा, प्रधानाचार्य रनवीर सिंह, शिवानी तिवारी, आलोक कुमार, अर्पित सिंह ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नामजदों ने की मारपीट और तोड़फोड़

इटावा। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी के आजाद नगर टीला में रहने वाले साजिद ने इसी क्षेत्र के कन्हैया पंडित, अभिषेक पाल तथा हिमांशु उर्फ छुआरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें कहा है कि जीएलपी हॉस्पिटल के पास पंचर की दुकान है, पंडित ने बाइक सही कराई। रुपये मांगने पर तीनों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट करते हुए दुकान में तोड़फोड़ की। लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। उधर, थाना सिविल लाइन के कोतवाली सदर क्षेत्र में मोहल्ला बेरून टोला के शाह फैसल ने मोहल्ला साबित गंज में डॉक्टर बन्ने मियां वाली गली में रहने वाले सैफी वा शवनूर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कहा गया है कि रेलवे स्टेशन पर जाने के दौरान मशहूर चाय वाले की दुकान के सामने बहन से बदसलूकी की, विरोध करने पर मारपीट करने लगे। पुलिस ने दोनों मामलों की छानबीन शुरू की।

सुंदरकांड पाठ 23 को

इटावा। 23 अप्रेल को हनुमान जंयती के अवसर पर छिपैटी पटीगली स्थित खाटू श्याम मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन शाम 5 बजे से होगा। इसके साथ ही छप्पन भोग भी लगाया जाएगा। यह जानकारी रमेश सक्सेना व राजेश कुमार वर्मा ने दी है।

सपा की नवीन कार्यकारिणी का गठन

भरथना, इटावा। नगर अध्यक्ष सपा भरथना राजीव तिवारी ने नवीन कार्यकारिणी का गठन किया। नवीन कार्यकारिणी में राजकुमार भारती को महासचिव, राजेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष, रोहित यादव व मो वकील लारा को उपाध्यक्ष, सौरभ यादव को सचिव सहित 43 पदाधिकारियों को उपाध्यक्ष, प्रवक्ता, सचिव, सदस्य के पदों पर मनोनीत किया गया है। साथ ही सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों को भी उनके-उनके पदीय दायित्वों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

संदिग्ध हालात में युवक की मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता बसरेहर (इटावा)

- भाइयों से झगड़ा होने पर मारा था थप्पड़
- घर से दूर बंबा के किनारे मिला था अर्ध बेहोश

अमृत विचार। एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पिता ने हत्या का आरोप लगाया है। थाना बसरेहर क्षेत्र में गांव मलपुरा में रहने वाले अमर सिंह जाटव का 35 साल का बेटा मनोज उर्फ रिंकू जाटव शनिवार शाम पांच बजे अपने घर से चार किमी की दूरी पर गांव बनकटी के पास बंबा किनारे अर्ध बेहोश मिला था। राहगीर ने परिजनों से बात कराई जिन्होंने उसे सैफई ले जाकर भर्ती कराया। जहां रविवार सुबह उसने दम तोड़ दिया।

मृतक के पिता ने गांव के दो भाइयों पर मारपीट कर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि बेटे मनोज की शनिवार शाम दो सगे भाइयों से कहासुनी हुई थी जिस पर उन्होंने मनोज को थप्पड़ मारा था जिसके बाद मनोज लापता हो गया। फोन आने पर जानकारी हुई तब ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था।

बसरेहर थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया कि मृतक मनोज उर्फ रिंकू शराब पीने का आदी था जिसके चलते शनिवार शाम गांव के दो लोगों से कह सुनी हुई थी। वहां मौजूद लोगों ने मामले को शांत करा दिया था। वहां से रिंकू अपनी मोटरसाइकिल से चला गया। परिजनों के द्वारा रिंकू को सैफई अस्पताल भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

मुस्लिम समुदाय के युवाओं ने किया पथ संचलन का पुष्प वर्षा से स्वागत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पद संचलन अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत जीआईसी मैदान से होता हुआ शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरा। जगह-जगह उनका फूल माला से स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के माध्यम से मुस्लिम समुदाय के युवाओं ने एकता का संदेश देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पद संचलन पर पुष्प वर्षा की।

पथ संचलन करते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

तहसील चौराहे पर सदर विधायक सरिता भदोरिया के नेतृत्व में राजगंज चौराहे पर उर्मिला भदोरिया के नेतृत्व में जिसमें उषा वर्मा सत्संग प्रमुख सह प्रमुख पुष्पा पाराशर सहसंयोजका आरती शर्मा आदि ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप जिला उपाध्यक्ष हैदर कुरैशी के नेतृत्व में साबित गंज चौराहे पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया कल्लू पहलवान, जुनैद कुरेशी, इमरान कुरेशी, समीम खान, कलीम अब्बासी, रहीम खान, राजा बरसी उर्फ कमल, अफसर कुरैशी, नेम साइकिल वाले, कबीर कुरैशी, सुमित कुमार, जिला संगठन मंत्री अखिलेश शर्मा, युवा नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष सुमित गर्ग, ललित जैन, राजीव पाल, अखिलेश कौशिक, नगर महामंत्री रमेश यादव, विवेक गुप्ता, इनवर्टर बैटरी संगठन के अध्यक्ष सरदार मोहन सिंह, युवा नगर उपाध्यक्ष गोपाल पांडे आदि शामिल रहे।

सड़क हादसे में घायल महिला ने दम तोड़ा

इटावा। सिवल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत कचौरा रोड पर विजय पुरा चौराहे के पास दावत खाकर बाइक से पति बच्चों के साथ घर लौट रहे एक व्यक्ति की बाइक बग्घी से टकरा गई थी। हादसे में पति व दो बच्चों की मौत हो गई थी। पत्नी विनीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसे पीजीआई में भर्ती कराया गया जहां रविवार को उसकी भी मौत हो गई । क्षेत्र के गांव सोखा निवासी राघवेंद्र सिंह अपनी पत्नी विनीता देवी व दो बच्चों कंहैया व कृष्णा के साथ बाइक से दो दिन पूर्व साई मंदिर के पास स्थित एक मैरिज होम में दावत में आए थे। रात को वह वापस घर जा रहे थे तभी विजय पुरा के पास उनकी बाइक एक बग्घी से टकरा गई। हादसे में राघवेंद्र व बच्चे कृष्णा व कंहैया की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि गंभीर रूप से घायल विनीता का उपचार के लिए पीजीआई भेजा गया था जहां इलाज के दौरान रविवार को विनीता की भी मौत हो गई।

बाल संसद ने वोट डालने के लिए किया प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में विद्यालयों में गठित बाल संसद ने डोर टू डोर मतदाताओं से संपर्क कर मैनपुरी लोकसभा में सात मई और इटावा लोकसभा में 13 मई को मतदान दिवस पर वोट डालने के लिए संपर्क अभियान चलाया। वोटिंग के लिए मतदान आमंत्रण पत्र भी दिए।

विद्यालयों में पहले मतदान फिर जलपान, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, घर-घर संदेश दो वोट दो वोट दो स्लोगन के साथ रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जिला स्काउट मास्टर अच्युत कुमार त्रिपाठी ने बताया कि नगला भग धरवार, कुइया, बर्रा, कर्वा बुजुर्ग, मानियामऊ, नौधना, सब्दलपुर, सरसईनावर, नगला पंछी, बकौली, भरतपुर खुर्द, विचारपुरा, नगला उदयसिंह, मलाजनी, बिबौली, जसवंतनगर, बैसौली घाट, अघीनी, कंधेशीपचार सहित समस्त विद्यालयों में मतदाताओं को जागरूक किया।

विद्यालय में रंगोली सजातीं छात्राएं।

मातदाताओं से वोट डालने की अपील की : विकास खंड ताखा के परिषदीय विद्यालयों में चित्रकला एवं रंगोली बनाओ प्रतियोगिता कराई गई। बच्चों ने रंगोली में मतदान का दिनांक लिखकर सभी मातदाताओं से वोट डालने की अपील की। बीईओ सर्वेश कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में कंपोजिट विद्यालय सोरों में संकुल शिक्षक अमित सिंह चौहान एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अघीनी में राजकुमार की देखरेख में प्रतियोगिताएं कराई। रंगोली प्रतियोगिता में प्राची ने प्रथम, अंजली ने द्वितीय, स्वाती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रूबी यादव, अब्दुल हमीद, अवनीश शर्मा, अमित सिंह, राजकुमार, मोहित कुमार द्विवेदी ,शिव कुमार ,अमर सिंह नीलम यादव उपस्थित रहे।

रंगोली बनातीं परिषदीय विद्यालय की छात्राएं। अमृत विचार

शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। एसएसपी संजय कुमार ने बताया कि एसओ ऊसराहार बेचन कुमार सिंह टीम के साथ भरतिया कोठी के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे, तभी मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ लोग गडरियन की मड़ैया को जाने वाली रोड के किनारे खंडहर पड़े मकान में कुछ लोग अवैध रूप से तमंचा बनाने व उनकी मरम्मत करने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने सीओ भरथना को अवगत कराया। बाद में पुलिस ने मुखबिर के द्वारा बताए स्थान की घेराबंदी कर छापा मारा। पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने अपने नाम सरवेंद्र यादव पुत्र विजय बहादुर व ललित उर्फ चिरैया पुत्र विश्राम सिंह निवासी नगला दुली बताया। पुलिस को मौके से 10 अवैध तमंचा 315 बोर, एक तमंचा 12 बोर, एक अधिया राइफल 315 बोर, दो देशी राइफल 315 बोर, चार अधबने तमंचा, नौ जिंदा कारतूस के अलावा तमंचा बनाने के उपकरण बरामद हुए। दोनो आरोपियों को जेल भेजा गया है।

दोनों शातिर अपराधी

एसएसपी ने बताया कि पकडे गए दोनों शातिर किस्म के अपराधी हैं। सरवेंद्र के खिलाफ हत्या, लूट, अपहरण आदि के करीब दो दर्जन मामले इटावा, कन्नौज, औरैया, मैनपुरी आदि जिलों में दर्ज हैं। उसकी आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए ऊसराहार थाना पुलिस ने हिस्ट्री शीट खोल रखी है। वह क्षेत्र का टॉप टेन अपराधी है। जबकि ललित भी हिस्ट्री शीटर है। उसके खिलाफ हत्या आर्म्स एक्ट व गैगस्टर के केस दर्ज है।

आयोजन | धूमधाम से मनाया गया श्री महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

महाराष्ट्र की रंगोली व झांकियों ने मोहा मन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। नगर में श्रीश्री 1008 महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शोभायात्रा के माध्यम से श्री महावीर के जन्म, तप कल्याणक के साथ माता त्रिशला के स्वप्न एवं पिता राजा सिद्धार्थ का दरबार सहित महाराष्ट्र से आये कलाकारों ने नगर के मुख्य मार्गों पर रंगोली का आकर्षक प्रदर्शन किया। प्रातः 10 बजे महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महामहोत्सव की शोभायात्रा बाह अड्डा से शुरूस् हुई। जिसमें अहिंसा परमोधर्मः बैनर के साथ डीसीएम पर लगा साउंड जैन भजनों के वातावरण को भक्ति मय बना रहा था।

कुबेर बने विकास जैन द्वारा रत्नवर्षा, माता के सोलह स्वप्न, राजा सिद्धार्थ का दरबार, ढोल नगाड़ों के साथ शोभायमान लग रहा था। बैंड बाजों की ध्वनि के साथ ऐरावत हाथी, पांडुक शिला पर विराजमान भगवान, सौधर्म इन्द्र का ताडंव, बालक वर्धमान, तप कल्याणयक, मुनिराज कैशलोच, चन्दवाला झांकी, समवशरण झांकी, उपदेश देते महावीर स्वामी, पावापुरी झांकी, माता जिनवाणी, टीले पर गाय, संसार वृक्ष सहित अन्य झांकिया लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी।

शोभायात्रा में शामिल विधायक सरिता भदौरिया, साथ में जितेंद्र जैन हैप्पी व अन्य।

रथ की जगह जगह आरती उतारी गई। पक्की सराय पर सदर विधायक सरिता भदौरिया, सभासद शरद बाजपेई ने भगवान के रथ की आरती उतारी। जिनका महोत्सव समिति ने जैन पटका पहनाकर स्वागत किया। शोभायात्रा डांडा, छैराहा, पचराहा, राजागंज चौराहा, तहसील चौराहा बजाजा लाइन, पक्की सराय, तिकोनिया, नौरंगाबाद, साबितगंज, तहसील चौराहा होते हुए शोरावाल इंटर कॉलेज पर समाप्त हुई। शाम 6.30 बजे से महावीर स्वामी का पालना एवं जिनेन्द्र भक्ति के बाद भव्य रंगारंगा सांस्कृतिक कार्यक्रम सतेन्द्र शर्मा एण्ड पार्टी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

संयोजक जितेन्द्र जैन हैप्पी, अध्यक्ष प्रदीप जैन, महामंत्री अरूण कुमार जैन, वैभव जैन, सुमत जैन, प्रमोद जैन, नितिन जैन, जैकी, अर्पित, विकाश, सुभम, अंकित, प्रीती, अंजू, पुष्पा, अंजलि, ज्योति, पलक, कोमल, गुड़िया, आकाश सहित सकल जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।

धूमधाम से निकली बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर की शोभायात्रा

संवाददाता बकेवर (इटावा)

अमृत विचार। कस्बा लखना में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। भिक्षु संघ धम्म विजय, भंते सत्यशील ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया।

यात्रा के दौरान बाबा साहेब के छायाचित्र को रथ पर सुसज्जित किया गया। साथ ही तथागत गौतम बुद्ध, रमाबाई आंबेडकर, कांशीराम, ज्योतिबा राव फूले के छायाचित्रों को भी अलग अलग रथों पर सुसज्जित किया गया। बाईपास पर अमरचंद दोहरे के नवीन आवास पर सभी साथियों को भोजन दान कराया कराया गया।

डॉ. भीमराव अंबेडकर समिति लखना के प्रबंधक एवं संस्थापक अमरचंद दोहरे, अध्यक्ष जेडी दोहरे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कप्तान सिंह दोहरे, महामंत्री पूरन सिंह, कोषाध्यक्ष भारत सिंह, मीडिया प्रभारी सन्दीप गौतम, अंकित दोहरे, अनिल कुमार, मातादीन दोहरे, जय प्रकाश दोहरे, देवेंद्र दोहरे, बौद्ध भिक्षु धम्म विजय जी, भंते सत्यशील जी, पूजा दोहरे, मन्नू दोहरे, सीमा दोहरे, शकुंतला दोहरे, विक्रम दोहरे, जयवीर दोहरे, शनि दोहरे, अंकित गोयल, प्रदीप दोहरे, सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाते भिक्षु संघ धम्म विजय। अमृत विचार

बैग चोरी कर भाग रहे दो युवक धरे गए

जसवंतनगर। एक महिला जसवंतनगर से कचौरा टेंपो में जा रही थी। उसमें बैठे दो बदमाशों ने महिला का बैग छीन लिया और चक सलेमपुर के पास उतर गए। इसी बीच टेंपो में बैठी महिलाएं चिल्लाई तो आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। ग्रामीणों ने बदमाशों का पीछा कर उन्हें पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने मौके पर पहुंचकर बदमाशों से बैग बरामद कर लिया। पूछतांछ में उन दोनों ने अपना नाम शिवम निवासी अंडावली थाना बलरई, दिनेश उर्फ बच्चा उर्फ़ झींगुर पुत्र वीरेंद्र निवासी नगला नया जगसोरा बताया है। पुलिस ने उनके पास से दो अंगूठी, एक चेन, दो कान के बाले, एक पेंडल तथा 500 नगद बरामद किए। पुलिस ने दोनों अभियुक्त को चोरी तथा माल बरामदी के अभियोग में जेल भेज दिया है।

अकामान् कामयति यः कामयानान् परित्यजेत्।
बलवन्तं च यो द्वेष्टि तमाहुर्मूढचेतसम् ॥

जो व्यक्ति अपने हितैषियों को त्याग देता है तथा अपने शत्रुओं को गले लगाता है और जो अपने से शक्तिशाली लोगों से शत्रुता रखता है, उसे महामूर्ख कहते हैं।

संपादकीय

जलवायु वित्त पर सुस्ती

जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया में आर्थिक असमानता बढ़ती जा रही है। यानि ग्रीन हाउस गैसों के सबसे बड़े उत्सर्जक देश पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन का मुख्य स्रोत अमीर देश हैं। परंतु इसका सर्वाधिक प्रभाव गरीब देशों पर पड़ रहा है। गरीब देश लगातार जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले नुकसान की आर्थिक भरपाई की बात अमीर देशों से करते हैं, पर बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश चुप्पी साध लेते हैं। एक अध्ययन के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण वर्ष 2050 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रत्येक वर्ष औसतन 19 प्रतिशत का नुकसान होगा। अमेरिका और यूरोप में जलवायु परिवर्तन के कारण अर्थव्यवस्था में औसतन 11 प्रतिशत का नुकसान होगा। सर्वाधिक नुकसान, 22 प्रतिशत, अफ्रीका और दक्षिण एशिया में होगा। मार्च-अप्रैल के महीनों में ही दुनिया के तमाम क्षेत्रों में भीषण गर्मी से वैज्ञानिक भी हैरान हैं। देश में दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में गर्मी का कहर जारी है और देश के कई हिस्सों में तो लू भी चल रही है। साथ ही अनेक आपदाएं या उनके प्रभाव वैज्ञानिकों को भी हैरान करती हैं। जाहिर है वैज्ञानिकों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर नए सिरे से अध्ययन करने की जरूरत है। क्योंकि अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए देशों को अपना रवैय्या बदलना होगा वरना शताब्दी के अंत तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में होने वाला नुकसान 60 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। अध्ययन में बताया गया है कि वैश्विक स्तर पर तापमान वृद्धि को रोकने के लिए जितने खर्च की जरूरत है, इससे होने वाला नुकसान लगभग 6 गुना अधिक है, यानि तापमान वृद्धि को नियंत्रित करना इससे होने वाले नुकसान की तुलना में बहुत सस्ता है। आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था ने 2020 से 3,300 अरब डॉलर खो दिए हैं। उन्होंने कहा कि सबसे गरीब देश अपने बजट का 14 प्रतिशत से अधिक ऋण भुगतान पर खर्च करते हैं।

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने उम्मीद जताई कि दानदाता अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (आईडीए) के माध्यम से सबसे गरीब देशों के लिए अतिरिक्त 100 अरब डॉलर की सहायता का इंतजाम कर सकते हैं। शनिवार को विश्व बैंक और आईएमएफ की समाप्त हुई वसंत बैठकों के दौरान जी7 और जी20 के वित्त मंत्रियों के बीच जलवायु और विकास उद्देश्यों के लिए विकासशील देशों को वित्त मुहैया कराने पर चर्चा हुई। चिंताजनक है कि बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं। विडंबना है कि तापमान वृद्धि को रोकने की गंभीर पहल किसी भी देश में नजर नहीं आ रही है।

दक्षिण फतेह करने में भाजपा को योगी-सावंत पर भरोसा

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

नरेंद्र मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सघन दौरे किए। उनकी सभाओं में भारी जनसमूह उमड़ा। उन्हें सुना गया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को विस्तार से दी।

पिछली 19 अप्रैल को तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हो गया। तमिलनाडु में हिंदू आबादी 87 फीसद से अधिक है। इधर भाजपा को इस बार बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा है। भाजपा कोयंबटूर और कन्याकुमारी को छोड़कर राज्य में कहीं कोई बड़ी पकड़ नहीं बना सकी है। जानने वाले जानते हैं कि तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुईं इसका सबसे बड़ा कारण राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है। और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडु का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद द्रविड़ पार्टी के प्रभुत्व वाले दक्षिणी राज्य में भाजपा की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने में काफी हद तक सफल भी हुए हैं।

नरेंद्र मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सघन दौरे किए। उनकी सभाओं में भारी जनसमूह उमड़ा। उन्हें सुना गया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को विस्तार से दी। भाजपा को इस बार तमिलनाडु में मछुआरों, महिलाओं तथा समाज के अन्य वर्गों से वोट मिले हैं। भाजपा मतदाताओं के सामने भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति के मुद्दों को लेकर गई। अन्नामलाई ने पूरे राज्य की पदयात्रा करके भाजपा के लिए माहौल बनाया। सात महीने की लंबी यात्रा का समापन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कोयंबटूर से खुद अन्नामलाई चुनावी मैदान में थे। अमित शाह का दावा है कि 4 जून को देश तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी चौंकाने वाले नतीजे देगी। दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल मिलाकर 130 सीटें हैं। इसमें तमिलनाडु (39), कर्नाटक (28), आंध्रप्रदेश (25), तेलंगाना (17), केरल(20) और पुदुचेरी (1) शामिल हैं।

भाजपा ने दक्षिण का किला फतेह करने के लिए इस बार अपने दो बेहद तेज–तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। यह दोनों ही अपने कुशल नेतृत्व के चलते उत्तर प्रदेश और गोवा को विकास की बुलंदियों पर लेकर जा रहे हैं। प्रमोद सावंत कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में कैंपन कर रहे हैं। वे कर्नाटक में अपना भाषण कन्नड़ में देते हैं। योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत की अखिल भारतीय छवि बन चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ पूर्व में कर्नाटक में कैंपन करते रहे हैं। उन्हें कर्नाटक का युवा, मेहनतकश और महिलाएं बहुत ध्यान से सुनती हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित होते राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। अगर बात प्रमोद सावंत की करें तो वे गोवा की स्थापित छवि को बदल रहे हैं। वे चाहते है कि गोवा को उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक खास तरह की धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा सनातन भूमि है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। बेशक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं।

इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल में लगभग क्लीन स्वीप करने वाली कांग्रेस को इस बार सीपीएम और भाजपा दोनों तरफ से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों की कांग्रेस के वोट बैंक पर नजर है। सीपीएम जहां कांग्रेस के मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ईसाई मतदाताओं को साधने में जी–जान लगा रही है। दोतरफा चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस संभल–संभल कर कदम बढ़ा रही है। 2019 में केरल में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 19 सीटें जीतने में सफल रही थी। सत्तारूढ़ सीपीएम के खाते में सिर्फ एक सीट आई थी। लोकसभा की 20 सीटों वाले केरल में भाजपा अभी तक खाता नहीं खोल पाई है।

अगर बात कर्नाटक की करें तो यहां पर भाजपा बड़ी मौजूदगी है। भाजपा ने पहली बार 2008 में कर्नाटक में अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। भाजपा तटीय कर्नाटक क्षेत्र में मजबूत है। कर्नाटक में भाजपा के मजबूत होने का एक और कारण जाति है। कर्नाटक में लिंगायत और ब्राह्मण हमेशा भाजपा का समर्थन करते हैं जबकि वोक्कालिगा, दलित और अल्पसंख्यक या तो कांग्रेस या जनता दल (सेक्युलर) को वोट देते हैं। कर्नाटक वास्तव में भाजपा के लिए एक गढ़ है। यह भारत के दक्षिण में एक ऐसा राज्य है जहां भाजपा अपनी राजनीतिक पैठ बनाने में अकेले सक्षम है।

केरल में 54 फीसद आबादी हिंदू है। यह दक्षिण भारत का एकमात्र राज्य है जहां किसी भी एक दल को अकेले राज्य विधानसभा में पूर्ण बहुमत नहीं मिलता। केरल का चुनाव गठबंधन से ही जीता जाता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट है तो कम्युनिस्ट पार्टियों के नेतृत्व वाला लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट। भाजपा केरल में अपनी जगह बनाने में लगी है। भाजपा के खिलाफ केरल में यह प्रचार किया गया है कि यह हिंदी पार्टी है। स्थानीय स्तर पर भाजपा कैडर धार्मिक उन्मादियों से लड़ रहे हैं।

केरल में ईसाई समुदाय तेजी से भाजपा की ओर आ रहा हैं। केरल का ईसाई समुदाय कैथोलिक और गैर कैथोलिक के बीच विभाजित है। कैथोलिक वेटिकन के साथ पूरी तरह नहीं जुड़े हैं। केरल में मोटे तौर पर 8 प्रमुख ईसाई समुदाय हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि प्रत्येक ईसाई समुदाय के बीच दूसरे के साथ प्रतिद्वंद्विता है। ऑर्थोडॉक्स और जैकोबाइट के बीच लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच चुकी है। वहां कोई भी एक पार्टी पूरे ईसाइयों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकती और अधिकांश ईसाई ऐतिहासिक रूप से कम्युनिस्ट विरोधी हैं।

कैथोलिकों के भीतर कुछ समुदायों ने धीरे-धीरे भाजपा को एक संभावित विकल्प के रूप में तलाशना शुरू कर दिया है। ईसाई समुदाय परंपरागत रूप से राजनीतिक शक्ति समीकरणों में एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। वे लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहना बर्दाश्त नहीं कर सकते, इसलिए उनसे तालमेल बिठा रहे हैं जिनके पास शक्ति है। पादरी वर्ग के कई सदस्य माकपा से मिले अपमानों को दृढ़ता से याद करते हैं और अपना भविष्य भाजपा के साथ देखते हैं। इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह की सक्रियता देखने लायक है, वह लगातार इन पादरियों के साथ बने हुए हैं। उनकी विशेष भूमिका केरल में भाजपा के लिए वरदान साबित हो सकती है।

इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल में लगभग क्लीन स्वीप करने वाली कांग्रेस को इस बार सीपीएम और भाजपा दोनों तरफ से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों की कांग्रेस के वोटबैंक पर नजर है। सीपीएम जहां कांग्रेस के मुस्लिम वोटबैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ईसाई मतदाताओं को साधने में जी-जान लगा रही है। दोतरफा चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस संभल-संभल कर कदम बढ़ा रही है। 2019 में केरल में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 19 सीटें जीतने में सफल रही थी। सत्तारूढ़ सीपीएम के खाते में सिर्फ एक सीट आई थी। लोकसभा की 20 सीटों वाले केरल में भाजपा अभी तक खाता नहीं खोल पाई है। केरल में मुस्लिम 28 फीसदी और ईसाई लगभग 18 फीसदी हैं। जाहिर है केरल की राजनीति की दशा और दिशा निर्धारित करने में इनकी अहम भूमिका है। ईसाई वोट बैंक मुख्यरूप से कांग्रेस के पास है और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन में मुस्लिम वोट बैंक भी काफी हद तक जुड़ जाता है। बहरहाल तमाम विपरीत परिस्थितियों के भाजपा दक्षिण भारत के राज्यों में 2024 के लोकसभा चुनावों में बड़ी सफलता हासिल करने का ख्वाब देख रही है। अगर उसका ख्वाब सच हुआ तो उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को भी क्रेडिट देना होगा।

व्यंग्य

गुरूर से भरा व्यस्त आदमी

दुनिया में बस एक काम ऐसा है जो करने वालों के सौ फीसदी खुश रहने की गारंटी दे सकता है। वो है गोलगप्पे बेचने का काम। शशि थरूर से कम किस्मत का धनी नहीं होता ये बंदा। ये नाम के साथ साथ झोले भर–भर कर नोट भी कमाता है और पेट भर खुश भी रहता है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

वर्क सेटिस्फैक्शन जैसी चीज देखी सुनी है आपने? शेखचिल्ली जैसी ऐसी मनोकामना जिसे हासिल करना चील के मूत्र की तरह दुर्लभ है। इसका मतलब ये कि आप को अपना पेट पालने के लिए अपना मनपसंद काम करने को मिले। ऐसा काम जिसे करने में आपको मजा भी आए और आप नोट भी छापें। मजे की बात हमारे देश में और पूरी दुनिया में, सौ में से नब्बे इस बात को लेकर ज़िंदगी भर दुखी रहते है। पैसे भले कमा लें पर कसक रहती है उनके मन में। यार मजा नहीं आ रहा लाईफ में। इसके बजाए वो काम कर पाता तो मैं ज्यादा खुश रहता।

अब सत्रह सौ साठ जरिए पेट पालने के। करोड़ों अरबों लोग। हर आदमी को उसका मनपसंद काम करने का मौका हासिल हो ये मुमकिन नहीं। आप बड़े होकर कैसे घर चलाएंगे अपना, क्या जरिया होगा उसका ये आपकी क़ाबिलियत से ज्यादा आपकी किस्मत और संयोगों पर निर्भर करता है। पर कुछ तकदीर वाले होते है ऐसे जो बतौर जॉब, मनपसंद काम कर पाते है, खुश रहते है और बाकी सभी उनसे जलते है।

दुनिया में बस एक काम ऐसा है जो करने वालों के सौ फीसदी खुश रहने की गारंटी दे सकता है। वो है गोलगप्पे बेचने का काम। शशि थरूर से कम किस्मत का धनी नहीं होता ये बंदा। ये नाम के साथ साथ झोले भर भर कर नोट भी कमाता है और पेट भर खुश भी रहता है। जहां वो होता है वहां रौनक होती है और जहां वो पहुंच जाता है, जो उसका ठिया होता है वहां रौनक होती है। वो खुद खुश रहता है और खुशियां बांटने का काम करता है। सच्चे अर्थों में यदि कोई आनंद मंत्रालय है तो वो पानीपुरी बेचने वाला ही है।

पानीपुरी बेचने वाला कभी खुद कभी अपनी पानीपुरी नहीं खाता। वो बस दूसरों को खिलाता है। और दूसरों की तृप्ति देख संतुष्ट बना रहता है। ऐसे परोपकारी लोग मिलते कहां है आजकल। दूसरों की खुशियों के लिए जीता जीसस है वो। मेरा मानना है भगवान पानीपुरी बेचने वालों को स्वर्ग में अलग से कोठियां अलॉट करते होगें। लोक और परलोक दोनों ही सुधारना हो तो पानीपुरी बेचने से अच्छा धंधा और कोई दूसरा नहीं है।

कभी गौर से देखिए उसे। बेहद खुश और गुरूर से भरा, व्यस्त आदमी। इंतज़ार करती भीड़, आकर्षक औरतों और खूबसूरत लड़कियों से घिरा, सबके आकर्षण का केंद्र, वीआईपी बंदा। सभी उससे हाथ फैलाए याचना कर रही होती है और वो मुस्कराते हुए, बारी-बारी से सभी को कृतार्थ कर रहा होता है।

उसकी क़ाबिलियत और किस्मत देख कर कौन न जले। कौन हैरान न हो। तटस्थ भाव से पूरे धीरज से काम करता आदमी। चहकती लड़कियां चाहती हैं कि वो उसकी तरफ ध्यान दे। वो बातें करता रहता है सबसे और खिलाए गए गोलगप्पों की गिनती भी याद रखता है। खूबसूरती उसे उसके टॉरगेट से भटकाने मे कभी सफल नहीं होती, इस मायने में वो विश्वामित्र को भी मात करता है।

पानीपुरी बेचने वाला वह इकलौता आदमी जिससे लड़कियां मिलने आती है, वो मिलेगा यह सोचकर भी खुश हो जाती है। जिसका औरतें इंतज़ार करती है, जिससे मिलने के लिए घड़ी देखती हैं और प्लान करती हैं। पता नहीं आप लोगों में से किस किस ने बचपन में यह सोचा था कि मैं बड़ा होकर पानीपुरी बेचने वाला बनूंगा। जो बने वो किस्मत वाले। सच्ची बात तो यह कि मुझे उन सभी पानीपुरी बेचने वालों से, जिन्होंने सोचा और बने या जो बिना सोचे बने, उन सभी से रश्क है।

महावीर का चिंतन सूक्ष्मग्राही और गंभीर

सुशोभित

जैसे 'गीता' में श्रीकृष्ण और 'धम्मपद' में बुद्ध की वाणी है, उसी तरह से 'समण सुत्त' में भगवान महावीर की वाणी संकलित है।

महावीर जयंती

भारत में जो ब्राह्मण-श्रमण द्वैत रहा है, उसकी प्रखर अभिव्यक्ति आज बुद्ध के माध्यम से बहुजन समाज द्वारा बहुत की जाती है, किन्तु महावीर को भुला दिया जाता है। जबकि जैन धर्म मौलिक श्रमण-धर्म है और अनीश्वरवादी है। आज सनातन के नाम पर भारत में ब्राह्मण-धर्म की विजय-पताका फहरा रही है और धीरे-धीरे फिर से वैसी परिस्थितियां निर्मित होने लगी हैं, जैसी कि बुद्ध और महावीर के कालखंड में थीं। आडंबर, कर्मकांड, मूर्तिपूजा और जीवहत्या का बोलबाला फिर से हो रहा है। धर्म में अशुद्धि चली आई है। ब्राह्मण-धर्म का परिष्कार श्रमण-धर्म से उसके सम्यक् सामंजस्य बिना संभव नहीं है और मेरे निजी मत में वेदांत वह भावभूमि है, जहां पर आकर ब्राह्मण-धर्म की औपनिषदिक-धारा श्रमण-धर्म के आत्म-प्रकाश से जा मिलती है।

जैसे 'गीता' में श्रीकृष्ण और 'धम्मपद' में बुद्ध की वाणी है, उसी तरह से 'समण सुत्त' में भगवान महावीर की वाणी संकलित है। जैनियों में दिगंबर सम्प्रदाय ने महावीर-वाणी का संकलन नहीं किया है, श्वेताम्बरों ने किया है। दिगंबर प्रायः उन वचनों को प्रामाणिक नहीं मानते। जैन आगमों में जो महावीर-वाणी है, उसे श्रुति-परंपरा से कालान्तर में लिपिबद्ध किया गया था। जैसे बौद्धों में संगीतियां हुई थीं, वैसे ही जैनों में वाचनाएं हुई थीं, जिनमें आगमों का संकलन हुआ था। दिगंबरों ने 'षटखण्डागम' को मान्यता दी है, जो कि आगमों पर आचार्य धरसेन के उपदेशों पर आधारित है। किन्तु 'समण सुत्त' का संयोजन अत्यंत अर्वाचीन है। इन्हें वर्ष 1974 में विनोबा की प्रेरणा से क्षुल्लकश्री जैनेंद्र वर्णी ने संकलित किया था। इसमें जैनागमों के सारतत्व को यों संयोजित किया गया है कि यह जैन-गीता तक कहलाया है। इसे समस्त जैन पंथों के द्वारा मान्यता दी गई। आचार्य उमास्वामी के 'तत्वार्थसूत्र' के बाद कोई दो हजार साल में पहली बार ऐसा हुआ था।

'समण सुत्त': यह अर्द्धमागधी भाषा का शब्द है, जो संस्कृत में 'श्रमण सूत्र' कहलावेगा। यहां श्रमण शब्द ध्यातव्य है। ब्राह्मण-धर्म का आधार वैदिक परंपरा है। श्रमण-धर्म का मूल जैन धर्म में है। बौद्ध और आजीवक भी श्रमण हैं। जैनियों ने बौद्धों से पहले अपना श्रमण-आंदोलन आरंभ कर दिया था। जैनियों के 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ तो कृष्ण के चचेरे भाई बतलाए हैं। नेमिनाथ और पार्श्वनाथ (23वें तीर्थंकर): दोनों में ही जीवदया अत्यंत प्रबल थी, जो महावीर की अहिंसा में शिखर पर पहुंची। ब्राह्मण संस्कृति से जैनियों का वैसा तीक्ष्ण मनोवैज्ञानिक संघर्ष नहीं रहा है, जैसा बौद्धों से रहा। इसके अनेक कारण हैं। एक दार्शनिक कारण तो बौद्धों का अनित्य-अनात्म है, जो कि सनातन के मूलाधार पर ही प्रहार करता था। इसका राजनैतिक कारण बौद्धों को मिला राज्याश्रय था, जिसने उन्हें इतिहास के एक कालखंड में भारत में केंद्रीय महत्व का बना दिया था। अशोक से आंबेडकर तक बौद्धों को राजनैतिक प्रश्रय मिलता ही रहा है। शंकर की धर्मध्वजा ने भारत में सनातन की पुनः प्रतिष्ठा की थी। किंतु श्रमणों के बिना भारत कभी पूर्ण नहीं हो सकता है।

डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल ने बहुत सुंदर बात कही है कि श्रमणों के कारण ब्राह्मण-धर्म में वानप्रस्थ और संन्यास को महत्व मिला। अहिंसा और जीवदया के मूल्य भी श्रमणों से ही मिले। वैदिक ऋषि और श्रमण मुनि कालान्तर में ऋषि-मुनि का युग्म बनकर एकाकार हो गए थे। वैदिक संस्कृति में चले आए दोषों का संशोधन श्रमणों ने किया था। इन अर्थों में श्रमण सुधारवादी, प्रगतिशील और संशोधनकारी हैं।

रजनीश ने कहा है कि जहां वैदिक धर्म अनेकता की ओर प्रसारित होता है-एकोऽहं बहुस्याम्!- वहीं श्रमण धर्म एकत्व की ओर लौटता है, बाहर से भीतर प्रतिक्रमण करता है। यह आरोह और अवरोह की तरह है। आधुनिक काल में गांधी और विनोबा श्रमण-संस्कृति से प्रभावित रहे।

भारतीय चेतना की अंतर्वस्तु में श्रमण परंपरा भी उतनी ही अनुस्यूत है, जितनी कि ब्राह्मण परंपरा। इसका संवैधानिक आलंबन यह है कि हिंदू कोड बिल के दिशानिर्देशों में सनातनियों और आर्यसमाजियों के साथ ही बौद्धों और जैनियों को भी सम्मिलित किया गया था। महावीर का चिंतन अत्यंत सूक्ष्मग्राही और गंभीर है। जैन परंपरा के पारिभाषिक शब्दों का अपना ही एक लोक है। समय, धारणा, विचार, अणु, जीव, द्रव्य, चित्त जैसे अनेक शब्दों का हम जो अर्थ निकालते हैं, जैनियों में उनके नितान्त ही भिन्न अर्थ हैं। समय को आत्मा का पर्याय बतलाकर भगवान महावीर ने एक विचार-क्रांति कर दी थी। इस विलक्षण तीर्थंकर की भारतीय चेतना में सम्यक प्रतिष्ठा हो और भोगवाद से क्लान्त भारत और विश्व में श्रमण धर्म का पुनर्भव हो ।

सोशल फोरम

सवेरा दस्तक देगा

कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

लोकतंत्र में किसी नागरिक को न तो डरना चाहिए और न ही निराश होना चाहिए। लोकतंत्र में कोई अजेय नहीं होता। यह नहीं भूलना चाहिए कि कभी-कभी प्रतिपक्ष इतिहास में सत्ता से बड़ा हो जाता है। लोहिया जी या जयप्रकाश जी कहीं सत्ता में रहते हुए प्रतिपक्ष थे क्या? दिक्कत तब खड़ी नहीं होती, जब हर विरोधी खुद को इतिहास निर्माता कहता है, तब होती है जब बिना परखे बुद्धिजीवी और जनता उस पर यकीन करने लगती है। किस महान ने कहा कि हम महान् हैं और हम इतिहास बदलने के लिए पैदा हुए हैं? बताइये तो! अगर तोल्स्तोय, लेनिन, अंबेडकर, भगतसिंह, रवीन्द्रनाथ टैगोर या प्रेमचंद के साथ फोटो टांग कर उनकी तरह हो जाना होता तो नोबेल पुरस्कार हर साल कम पड़ जाते।

गांधी पर देश को यकीन करने में वक्त लगा था। उनको थेथरई वाले तर्कशास्त्रियों की जरूरत न पड़ी थी। संभव है कोई अंदर से छद्म और उच्चका भी तो हो सकता है। बाहर का जासूस हो सकता है। विदेशी पैसे पर पलने वाला पिल्लू हो सकता है। इसलिए ठहरिये, रुकिये, विचार कीजिए। खूब मनन कीजिए। परखिये कि इसके कथन और आचरण में भेद तो नहीं है। विचार और व्यवहार में मेल है या नहीं। नहीं है तो उसे न ढंकिये, न उसका बचाव कीजिए और उससे सटिये तो हरगिज नहीं। अपने भीतर कर सकें तो आलोचनात्मक विवेक पैदा कीजिए और खुलकर कहने का साहस दिखाइये। खुद वही मत बन जाइये। नहीं तो आगे आप जनता को और गहरी हताशा और निराशा में धकेलने जा रहे हैं। यह मत भूलिए कि जाने-अनजाने विरोध में समर्थन और समर्थन में विरोध का भाव छुपा रहता है। मेरे सोचने का तरीका अलग है। इस विशाल देश की विशाल आबादी में कहीं तो सुगबुगाहट होगी? कुछ तो सुलग रहा होगा। 1857 में जो हुआ, वह अचानक न था। 90 साल तक लड़ना पड़ा था। इतिहास समय-समय पर खुद को दुरुस्त करता है। विचार और जज्बा बना रहे बस। इसीलिए खुद को बराबर टटोलते रहिये। वैचारिक विकलांग होकर इतिहास बदलने की हड़बड़ी मत कीजिए। इतिहास में रात कभी-कभी बहुत लंबी हो जाती है लेकिन सवेरा दरवाजे पर जरूर दस्तक देगा। इतना तो तय है।

-फेसबुक वॉल से

सगुन असगुन

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इन ग्रामीण शब्दों को तत्सम रूप में शगुन, अशगुन कहते हैं। आधुनिकतावादी, वैज्ञानिकता की लाठी भांजने वाले भले ही इन्हें अंधविश्वास कहें, किंतु यह होते तो हैं ही। विज्ञ एवं विद्वान पूर्वजों ने अपने सर्वेक्षणों और अनुभवों के आधार पर ही इन्हें मान्यता दी है। अंग्रेजी में भी 'आस्पिशस' और 'ओमिनस' शब्द तो हैं ही, यानी वे भी यह सब मानते हैं। हमारे धर्म ग्रंथों में जगह जगह इन्हें मान्यता दी गई है और विवेचना है। राजा दशरथ जब बारात लिए श्रीराम के विवाह हेतु मिथिला जा रहे हैं, तो उन्हें नाना प्रकार के शकुन होते हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' में कहा है कि बारात के सामने दही, मछली और पुस्तकें लिए दो ब्राह्मण दिखाई पड़े। "सम्मुख आयउ दधि अरु मीना। कर पुस्तक दुइ विप्र प्रवीना"।। अपने दोहावली ग्रंथ में तुलसी बाबा कहते हैं: "नकुल सुदरशन दरसनी, क्षेमकरी चक चाष। दस दिसि देखत सगुन सुभ, पूजहिं मन अभिलाष"।। यानी यदि नेवला, दर्पण, मछली, सफेद चील्ह, चकवा, नीलकण्ठ यदि किसी दिशा में दिख जाएं,तो जिस कार्य से जा रहे हैं, पूरा होगा। श्रीमद्भागवत में जब अक्रूर मथुरा से ब्रज श्रीकृष्ण को लिवाने जा रहे हैं, तो उन्हें तमाम शकुन हुए। गरुड़ पुराण,अध्याय'-46 में शकुन अपशकुनों का वर्णन आया है। आचार्य वराह मिहिर ने "वृहत्संहिता",अध्याय-85 में शकुन अशकुन संदर्भित किए हैं और इन्हें पूर्व जन्म के शुभाशुभ कर्मों से जोड़ा है, यानी ज्योतिष शास्त्र भी यह सब मानता है। चलते समय छींक हो जाय तो अशुभ, किंतु यदि लगातार दो छींकें हों तो शुभ। लोकोक्ति है, "एक नाक दुइ छींक। जहां जाय तहँ नीक"।। बिल्ली और सांप रास्ता काटे, श्रृगाल रोता दिखे, तो अशकुन। राधेश्याम जी अपनी रामायण में ऐसे अशुभ प्रयाण के बारे में कहते हैं, "आगे चल देखे बहुत रोते हुए श्रृगाल। और बढ़े तो रास्ता रोक रहे थे व्याल"।। रास्ते में छूंछे घड़े मिलना, कुत्ते का कान फटफटाना अशुभ है। जनक के धनुष यज्ञ में तमाम राजा आए थे, जो असफल रहे थे। दरबारी एक राजा से पूछता है कि 'महाराज! आप शकुन विचार कर चले होंगे'? तो वह कहता है हां, "छूंछे घट मग में मिले श्वान हिलायेसि कान। ऐसो सगुन विचारि कै तब हम कीन पयान", और फिर उसकी खिल्ली उड़ाई जाती है। स्त्री के बाम अंग फड़कना शकुन, दाहिने अंग फड़कना अशकुन। जब सीता जी ने गौरी पूजन किया और उन्हें पार्वती माता का आशिष मिल गया, तो उनके बायें अंग फड़कने लगे। "मंगल मंजूल मूल बाम अंग फरकन लगे"। ठीक इसके विपरी मेघनाद वध के सभय उसकी पत्नी सुलोचना की दाहिनी भुजा फड़कने लगी थी। "प्रेम सुभाय धुकधुकी धरकी। सूचक अशुभ दहिन भुज फरकी"।। लोमड़ी, गाय-बछड़ा, श्यामा चिड़िया,वैश्या का सामने आ जाना शकुन है। बायीं गदेली में खुजली होना अच्छा होता है। पैसा आने की संभावना बनती है। दाहिनी गदेली की खुजली व्यय की सूचिका होती है। पुच्छल तारा निकलना अशुभ है। वृद्ध बुद्धिहीनता की बातें करें और बच्चे बड़ों की तरह,तो ये बुरी घटना होने के लक्षण हैं। "जूलियस सीज़र" नाटक में शेक्सपियर ने इसका उल्लेख किया है और पश्चात् सीज़र मारा गया और रोम में युद्ध हुआ। स्वप्न में सूखे पेड़, जलाशय, कर्कश पक्षी दिखना, जागृत में ध्रुव तारा न दिखाई पड़ना, दीपक बुझने पर उड़ने वाली गंध न महसूस होना मृत्यु की निकटता के सूचक हैं, ऐसा आयुर्वेद ग्रंथ कहते हैं। महोत्सव या पर्व उपस्थित होने पर किसी स्वजन की मृत्यु असगुन है, कहते हैं 'खोट' हो गई। शिशु जन्म या गाय द्वारा बछड़ा जनना सगुन मान्य है। इनका विस्तार अपार है। इस पर काम होना चाहिए और वैज्ञानिकता से सह-संबंध स्थापित किया जाना चाहिए। ये हमारी संस्कृति के अंगभूत हैं।

पृथ्वी बनाम प्लास्टिक

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल को मनाया जाता है, जो जल जंगल और जमीन के सरक्षण के साथ साथ प्लास्टिक के कचरे को कम कर पृथ्वी को बचाने का भी संदेश देता है, इस बार के पृथ्वी दिवस की थीम भी पृथ्वी बनाम प्लास्टिक है, यह जानकर हैरानी होती है कि प्लास्टिक की औसत प्रति व्यक्ति खपत 20 किलो है आज चलन में प्लास्टिक की खपत बढ़ती ही जा रही है फूड पैकेजिंग, वाटर बाटेल, दैनिक उपयोग की अन्य तमाम वस्तुओं में प्लास्टिक का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। इस प्लास्टिक को नष्ट करना असंभव सा होता है, इससे पर्यावरण तो दूषित हो ही रहा है कचरे के रूप में फेके जा रहे प्लास्टिक से पशु और समुद्री जीवों के पेट में यह पहुंच कर बेहद नुकसान पहुंचा रहा है लेकिन दुर्भाग्य इस बात का है तमाम तरह के प्रतिबंध के बाद भी प्लास्टिक और पन्नियों का प्रयोग प्रचलन में है। बिगड़ते पर्यावरण पर आज नामचीन नेता मौन हैं, क्या पर्यावरण संरक्षण की सारी जिम्मेदारी मात्र आम जनता की है। हमारी सत्ताएं आखिर कब अपनी चुप्पी तोड़ेगी, धन्य है हमारी सुप्रीम कोर्ट जिसने काटे जा गए वृक्षों के लिए माननीयों को दंडित कर समाज को सचेत किया है।

बढ़ती मानवीय आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए जो वन काटे जा रहे हैं उससे समान्तर जिंदगी जीने वाले पशु पक्षियों पर बुरा असर हो रहा है। आखिर इनके रहने का ठिकाना कहां बनेगा, क्या किसी ने सोचा है। यही सही समय है पर्यावरण प्रेमी जल जंगल जमीन को बचाने के लिए आगे आएं और वोट मांगने वाले राजनेताओं से इस विषय में भी प्रश्न करें। अन्यथा देश के तमाम बड़े शहरों को बंगलौर बनने में देर नहीं लगेगी।

सड़क किनारे पड़ा मिला राजमिस्त्री का शव, हत्या का लगाया आरोप

पुलिस ने हादसे में मौत होने की जताई आशंका, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

संवाददाता, अयाना (औरैया)

अमृत विचार। अयाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत भासौन-अयाना मार्ग पर गांव से एक किलोमीटर की दूरी पर रविवार सुबह राजमिस्त्री का शव संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। परिजनों ने पास के ही गांव निवासी एक युवक पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

मनोज दोहरे।

अयाना निवासी मनोज दोहरे (38) राजमिस्त्री का कार्य करते थे। रविवार सुबह गेहूं काटने के लिए खेतों पर गईं महिलाओं ने उनका शव अयाना कस्बे से एक किलोमीटर दूर भासौन मार्ग पर पड़ा देखा। पास में ही क्षतिग्रस्त बाइक पड़ी थी। जानकारी पर पिता करन सिंह, मां कमलेश्वरी व पत्नी प्रीति रोते- बिलखते हुए घटनास्थल पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद सीओ अजीतमल राममोहन शर्मा, थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल, अजीतमल कोतवाल राजकुमार सिंह व फफूंद थाना प्रभारी गंगाराम भारी फोर्स के साथ पहुंच गए और जांच-पड़ताल की।

मनोज की मां राजेश्वरी ने बताया कि बेटे की चार पुत्री अवनी 07 वर्ष, आकांक्षा 5 वर्ष, सुवी 3 वर्ष व दीपाली पांच माह हैं। बेटा रहटौली गांव निवासी एक युवक के यहां मकान का निर्माण कर रहा था। शनिवार शाम छह बजे मकान मालिक घर आया था। उसने बेटे पर हथौड़ा चोरी करने का आरोप लगाया था। इस पर बेटे ने हथौड़ा उसके पास न होने पर 500 रुपये की शर्त लगाई। सामान की बोरी में हथौड़ा न मिलने पर मकान मालिक उसे 500 रुपये देने की बात कहकर 6.48 बजे पर अपने घर ले गया। देर रात तक घर न लौटने पर परिजन रात 12 बजे मकान मालिक के घर पहुंचे तो उसने बताया कि वह वहां से कई घंटे पहले चला गया। आरोप लगाया कि मकान मालिक ने बेटे की हत्या कर शव सड़क किनारे फेंक दिया है। सीओ राममोहन शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टयता मामला हादसे का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

रोते-बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

सड़क दुर्घटना में पुजारी की गई जान

औरैया। दिबियापुर क्षेत्र के गांव सौंधेमऊ स्थित मंदिर में पूजा कर वापस अपने घर ब्रह्मनगर, औरैया लौट रहे बाइक सवार वृद्ध पुजारी की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह सुरान रोड होते हुए भरसेन गेट पर पहुंचे ही थे कि इसी दौरान गड्ढे की चपेट में आकर वह बाइक समेत आगे जा गिरे। सिर पर गहरी चोट आने से खून से लथपथ हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस उन्हें लेकर चिचौली अस्पताल पहुंची। जहां डॉक्टर मृत घोषित कर दिया। ब्रह्मनगर निवासी प्रदीप कुमार बाजपेई (60) रविवार दोपहर गांव सौंधेमऊ में काली माता मंदिर में पूजा के लिए गए थे। जहां से वह बाइक से वापस घर लौट रहे थे। सुरान रोड पर भरसेन गेट के पास सड़क के एक गड्ढे की चपेट में आकर वह बाइक समेत आगे जा गिरे। सिर व चेहरे में गहरी चोटें आईं। मौके पर सदर कोतवाली पुलिस पहुंची। 100 शैया जिला अस्पताल चिचौली ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर घटना की सूचना पर मृतक का बेटा अंबुज मौके पर पहुंचा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सदर कोतवाल भूपेंद्र राठी ने बताया कि गड्ढे में अगला पहिया फंस जाने से बाइक सवार आगे की ओर सिर के बल जा गिरे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

हादसे में एक की मौत दूसरा रेफर

औरैया। अजीतमल कोतवाली के कस्बा मुरादगंज के समीप एक बाइक को किसी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उस पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से युवकों को औरैया के 50 सैया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया जबकि एक की हालत को नाजुक देखकर सैफई रेफर कर दिया गया। जनपद इटावा के महेवा निवासी विकास पुत्र भगवान सिंह अपने साथी ज्ञान सिंह पुत्र गिरधारी लाल के साथ बाइक से औरैया की ओर किसी काम से आ रहा था। जैसे ही वह मुरादगंज के समीप दीपाली रेस्टोरेंट के समीप पहुंचे तभी तेज गति से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलावस्था में सड़क पर पड़े युवकों को राहगीरों ने देखकर घटना की जानकारी पुलिस व एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस के जरिए घायलों को औरैया के 50 सैया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने विकास को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर घायल ज्ञान सिंह सैफई के लिए रेफर कर दिया। पुलिस द्वारा मामले की जानकारी मृतक व घायल के परिजनों को दे दी गई है।

पुण्यतिथि पर कलमकार प्रेम कृष्ण को किया याद

अछल्दा (औरैया)। समाज सेवा कलमकार आसाम मेल रेल रोको आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले प्रेम कृष्ण पोरवाल को तृतीय पुण्यतिथि पर रविवार को उनके चित्र पर माल्यार्पण कर याद किया गया। प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री विनोद यादव कक्का ने कहा कि पिछड़े क्षेत्र व समाज के कमजोर तबके के लोगों की समस्याओं को उठाने और रेल रोको आंदोलन में अहम उन्होंने भूमिका निभाई थी। पत्रकारिता के साथ साथ व्यापारियों के हित में काम किए थे। पूर्व प्रधानाचार्य प्रेम नारायण दुबे, पूर्व चेयरमैन राजेश पोरवाल, मनोज गुप्ता, प्रधुम्न पोरवाल, मंडल अध्यक्ष राजवर्धन सिंह गोर, अरविंद कुमार, चंद्रभान यादव, घनश्याम पोरवाल आदि आदि मौजूद रहे।

घायल सफाईकर्मी की अस्पताल में मौत

संवाददाता अछल्दा, औरैया

अमृत विचार। अछल्दा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपनी ससुराल से शाम को घर आ रहे सफाई कर्मचारी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव गांव में आते ही परिजनों में मचा कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के ग्राम वैसोली निवासी बदन सिंह उर्फ श्रीबाबू पुत्र ब्रजकिशोर राना उम्र करीब 35 वर्ष अपनी ससुराल रामपुर वैश्य से शुक्रवार रात्रि करीब साढ़े 8 बजे अपनी बाइक से वापस अपने घर आ रहा था। द्वारिका की मड़ैया के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर गया। राहगीरों ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे सीएचसी पहुंचाया जहां हालत गंभीर होने पर सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सफाई कर्मचारी के पद पर दिबियापुर क्षेत्र में कार्यरत था। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मां सुधा देवी एवं पत्नी पिंकी का रो-रो कर बुरा हाल है।

मालगाड़ी की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

अछल्दा (औरैया)। अछल्दा थाना क्षेत्र के बलदेव की माड़िया के सामने से डीएफसी रेलवे लाइन गुजरी है। जहां एक बुजुर्ग मालगाड़ी के चपेट म आ गया। लोको पायलट ने सूचना स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर ने घटना की सूचना अछल्दा पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज सुरेश कुमार, उपनिरीक्षक रामस्वरूप शिनाख्त के प्रयास में लगे रहे। थाना क्षेत्र के बलदेव की मड़िया के सामने डीएफसी लाइन गुजरी है। रविवार सुबह लगभग 9 बजे पिलर नंबर 586/34 के पास एक वृद्ध मालगाड़ी के चपेट मे आ गया। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी रोक दी। गाड़ी का इंजन चेक कर लगभग 10 मिनट बाद गंतव्य की ओर रवाना किया गया और स्टेशन मास्टर को घटना की जानकारी दी। स्टेशन मास्टर ने थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। कस्बा इंचार्ज सुरेश कुमार व उपनिरीक्षक रामस्वरूप ने जांच-पड़ताल की। कस्बा इंचार्ज सुरेश कुमार ने बताया शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। वृद्ध ने सफेद रंग का कुर्ता और सफेद पजामा पहना है। उम्र लगभग 70 साल है।

गेहूं खरीद में तेजी लाने को खुलेंगे दो नए केंद्र

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- अब तक 58 केंद्रों पर 9201.1 क्विंटल गेहूं की खरीद

अमृत विचार। एक मार्च से जनपद में गेहूं के खरीद के लिए 64 क्रय केंद्र शुरू हो गए थे। अब प्रशासन खरीद में और तेजी लाने के लिए दो केंद्र और शुरू करने जा रहा है। यह केंद्र औरैया मंडी और बिधूना मंडी में खोले जाएंगे। इस तरह अब जिले में कुल 66 क्रय केंद्र हो जाएंगे।

क्रय केंद्र खुले 51 दिन बीतने के बाद भी अभी तक मात्र 58 केंद्रों में 240 किसानों से 9201.1 क्विंटल गेहूं की खरीद हो सकी है। खरीद में तेजी लाने के लिए जिला खाद्य विपणन अधिकारी बृजेश कुमार यादव ने कई केंद्रों का निरीक्षण किया। वहीं गेहूं की कम खरीद को देखते हुए जिलाधिकारी ने रविवार को भी सरकारी क्रय केंद्र खोलने के निर्देश शुक्रवार को ही दे दिए थे।

खरीद केंद्र पर पसरा सन्नाटा।

2399 किसानों ने पंजीकरण करवाया

गेहूं बेचने के लिए के लिए अब तक 2399 किसानों ने पंजीकरण करवाया है। विभाग की तरफ से लगातार किसानों से गांव-गांव संपर्क किया जा रहा है। लेकिन 51 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक सभी केंद्रों में गेहूं की खरीद नहीं हुई है। जबकि पिछले दिनों जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान गेहूं की खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी बृजेश कुमार यादव ने बताया कि दो और नए केंद्र शुरू किए जा रहे है। अब तक जनपद में 58 क्रय केंद्रों में 9201.1 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है।

घायल की पीजीआई में मौत, रिपोर्ट दर्ज

बिधूना, औरैया। कस्बे के किशोरगंज निवासी रमा कुमारी पत्नी गजेन्द्र सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह अपने पति गजेन्द्र सिंह पुत्र जगमोहन सिंह के साथ बाइक से बिधूना-किशनी मार्ग से कन्नपुर जा रहे थे। तभी साहसपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक ने बिना हार्न बजाये गलत दिशा में आकर उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे उसके पति के सिर में गंभीर चोटें आईं। उन्हें पीजीआई लखनऊ में भर्ती कराया गया जहां उ आठ दिन पूर्व उनकी मृत्यु हो गई है। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता को घटना की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

स्कूल में शरबत पार्टी...

अजीतमल (औरैया)। रविवार को एक्सिस पब्लिक स्कूल बाबरपुर अजीतमल में बच्चों ने रसना पार्टी का लुफ्त उठाया। बच्चो ने बड़े ही आनन्द पूर्वक रसना शर्बत का पान किया और जमकर मस्ती की। स्कूल के डायरेक्टर दीपक दीक्षित व प्रिंसिपल एनके मिश्रा ने बच्चो को गर्मी से बचने के उपाए बताए। कहा कि धूप में बच्चे बाहर न निकलें व पानी अधिक से अधिक पियें। बाहर जाना ही हो तो छतरी का प्रयोग करें व रसीले फलों का सेवन करें। महक, शिफा, अमन, जाहिद आदि मौजूद रहे। ● अमृत विचार

मेधावी अविनश का मुंह मीठा कराया

औरैया। इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज दिबियापुर के छात्र अविनाश ने जनपद में छठवां स्थान और विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। माता शारदा देवी और पिता राम प्रकाश ने बेटे का मुंह मीठा कराया और शुभकामनाएं दीं। अविनाश ने 500 में 476 (95.4%) अंक प्राप्त किए। पेशे से लिपिक पद पर जनता बालिका विद्यालय जूनियर हाई स्कूल दिबियापुर में कार्यरत माता शारदा देवी और राम रतन बालिका इंटा कॉलेज में कार्यालय अधीक्षक पद पर कार्यरत पिता राम प्रकाश ने बेटे की उपलब्धि पर खुशी जाहिर की।

सब्जियों ने बिगाड़ दिया रसोई का बजट

संवाददाता ककोर, औरैया

अमृत विचार। जिले में इस समय सब्जियों पर बेतहाशा महंगाई की मार से आम आदमी परेशान है। अदरक 150 रुपये, टमाटर 50 रु, बैगन 80 रु, तोरई 100 रु के पार पहुंचने के साथ ही आम सब्जियां भी आम लोगों की थाली से दूर हो गईं।

सब्जियों की महंगाई की हालत यह है अदरक 150 रुपये प्रति किलोग्राम, टमाटर 40 रुपये, फूल गोभी 30 रुपये नग, भिंडी 80 रुपये, करेला 50 रुपये, परवल 100 रुपये, हरी मेथी 50 रुपये, लौकी 50 रुपये, शिमला मिर्च 100 रुपये, बैंगन 60 रुपये, कटहल 60 रुपये, आलू 15 रुपये, प्याज 40 रुपये, मिर्च 100 रुपये व कद्दू 50 रुपए प्रति किलो बिक रहा।

सब्जियों की बेतहाशा मूल्य वृद्धि से हालत यह है कि जो लोग 1 किलोग्राम सब्जी खरीदते थे। वह अब 250 से आधा किलोग्राम ग्राम सब्जी खरीदते ही दिख रहे हैं। सब्जी उत्पादक हरिश्चंद्र, राधाकांत, मनोज आदि का कहना है कि समय से बिजली न मिलने से सिंचाई नहीं हो पा रही है जिससे पानी न मिलने से सब्जियां बर्बाद हो गई हैं। इसके चलते उन लोगों को भारी नुकसान हुआ है।

उनका कहना है कि मंडियों में सब्जियों की आमद कम होने और महंगाई बढ़ने के कारण सब्जी खरीदने के लिए ग्राहक नहीं पहुंच रहे हैं। ऐसे में कई कई दिन तक सब्जी ना बिक पाने के कारण महंगी सब्जी भी खराब होकर बर्बाद हो जाती है जिससे सब्जी विक्रेताओं को भारी नुकसान पहुंच रहा है। सब्जी व्यापारियों का कहना है कि फिलहाल सब्जी के दामों में कमी आने से दूर-दूर तक आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

सब्जी मंडी में सजी सब्जी की दुकान। अमृत विचार

- टमाटर 50, मटर 60, मिर्च 100 अदरक 150 रुपये के पार

व्यापारियों की समस्याओं को लेकर भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। रविवार को शहर के पोरवाल धर्मशाला में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें उत्पीड़न पर व्यापारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

जिला अध्यक्ष राजेश बाजपेई बबलू ने कहा कि किसी भी व्यापारी को यदि कोई समस्या आती है वह संगठन को जरूर बताए जिससे कि उसकी समस्या का समाधान हो सके। व्यापारी रानू अवस्थी ने कहा कि व्यापारी समाज उसी पार्टी का समर्थन करेगा जो व्यापारी हितों का समर्थन करते है। रानू अवस्थी, रितेश गुप्ता, मयंक शुक्ला, स्वतंत्र अग्रवाल, मोहम्मद खुर्रम ताज, रामकुमार बिश्नोई, अमर बिश्नोई, माधव तिवारी, मनीष गुप्ता, संदीप शुक्ला, मंजुल पांडे, अमित गुप्ता, रानू पांडेय आदि मौजूद रहे।

रंगोली में रिया की टीम ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की रंगोली बनाई।

स्वयंसेवकों ने विकास की गंगा बहाना है मतदान का फर्ज निभाना है, स्त्री पुरुष दोनों करें मतदान, आदि स्लोगन का प्रयोग करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मतदाताओं को जागरूक किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिया सिंह, सुप्रिया शर्मा और सोनाली की टीम को मिला। द्वितीय स्थान पर लक्ष्मी कुमारी, हनी कुमारी, दीक्षा भारतीय, स्नेहा शुक्ला, नेहा पोरवाल, रिचा की टीम रही। तीसरा स्थान ज्योति को मिला।

मतदाता जागरुकता रंगोली के साथ खड़ी छात्राएं। अमृत विचार

छात्र-छात्राओं को घर जाकर खिलाई मिठाई

ऐरवा कटरा, औरैया। चौधरी वीरेंद्र सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज देइपुर के अध्यापक अतुल यादव ने बताया कि इंटरमीडिएट के छात्र अंकुर यादव ने 96.2 % अंक पाकर जिले में दूसरे स्थान की रैंक पाई। पांच छात्राओं का विद्यालय में दबदबा रहा। कुमारी आकांक्षा चौहान 93.6%, कुमारी वंदना 93.2%, कुमारी निधि 91.4%, शिप्रा व कुनाल श्रेष्ठ ने 90.6% अंक पाकर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। इन पांच छात्राओं के घर-घर जाकर विद्यालय के स्टाफ ने मिठाई खिलाई।

सार-संक्षेप

जैन मंदिर में पूजा करते अनुयायी।

भक्तिभाव से मनाई गई महावीर स्वामी की जंयती

औरैया। राणा नगर दिबियापुर स्थित प्रकाश कॉलोनी के दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को महावीर स्वामी जी की जंयती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। सुबह से ही जैन समाज के लोगो ने मंदिर पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना करते हुए भगवान महावीर जी का अभिषेक किया। इस दौरान महिलाओं और बच्चो ने भजन-कीर्तन किया। मंदिर में शाम को भी पूजा आरती के साथ प्रसाद वितरण हुआ। गुलाब चन्द्र जैन, उग्रसेन जैन, रतन चन्द्र, सुरेश चन्द्र, विजय जैन, पदमचन्द्र, राजेन्द्र जैन, आशीष जैन, पूरनचन्द्र, मनीष जैन, विवेक जैन एडवोकेट, मुनीश जैन, गुड्डू जैन, महेशचन्द्र, प्रशान्त जैन, भूरे जैन एवं रामू जैन आदि मौजूद रहे।

भोले बाबा की पूजा से आती है सुख-समृद्धि

फफूंद (औरैया) कस्बे के मोहल्ला तिवारियान स्थित यक्षेश्वर शिव धाम पर श्रीमद् शिव महापुराण कथा एयं षष्टम विशाल शिव शक्ति महायक्ष समारोह में भक्त कथा श्रवण करने लिए उमड़ रहे है। चित्रकूट धाम से आए आचार्य द्वारा भोले बाबा की महिमा का गुणगान किया जा रहा है। नौ दिवसीय श्री मद् शिव महापुराण कथा एयं षष्टम विशाल शिव शक्ति महायक्ष के दूसरे दिन आचार्य महेश्वरानन्द सरस्वती महाराज ने कहा कि शिव जी ऐसे देवता है जिनकी भक्ती करने वाले व्यक्ति के घर में सुख समृद्वि कायम रहती है। परीक्षित लक्ष्मी देवी अवस्थी ने बताया कि श्री शिव महापुराण कथा 19 से 27 अप्रैल तक चलेगी। 28 अप्रैल को हवन-पूजन के साथ भंडारे का आयोजन होगा।

प्लॉट पर कब्जा करने की शिकायत

ककोर। जिला मुख्यालय के निकट हरी पुरवा गांव में छेदालाल पुत्र बंशलाल ने अपने प्लॉट पर जबरदस्ती कब्जा करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। आरोप है कि गांव की महिला मधु दोहरे पुत्री श्रीराम उसके पैतृक प्लॉट पर जबरन कब्जा कर रही है। थाना अध्यक्ष मुकेश सिंह ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

फतेहपुर चौरासी। थानाक्षेत्र में महिला अपराधों में वांछित लोगों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत दुष्कर्म के आरोपी एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने ही गांव के एक व पड़ोसी गांव के एक युवक पर अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रविवार को एक आरोपी सुभाष को गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जा रही है।

धर्म-अध्यात्म

भक्तों ने उड़ाया गुलाल, डीजे की धुन पर जमकर थिरके, बम-बम भोले के जयकारे से गूंजा विकास कुंज

बैंड-बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा, पुष्प वर्षा से किया स्वागत

संवाददाता ककोर (औरैया)

अमृत विचार। दिबियापुर नगर के विकास कुंज मोहल्ले में निर्माणाधीन नागेश्वर महाराज मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें मोहल्ले के तमाम श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान लोग बैंडबाजा व डीजे पर थिरकते नजर आए। श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, किशन कन्हैया, गणेश और भोले बाबा की मूर्तियों को रथ पर विराजमान करके प्रमुख मंदिरों पर ले जाया गया। रास्ते में लोगों ने भक्तों के लिए विशेष जलपान की व्यवस्था की थी और पुष्प से स्वगत किया।

23 अप्रैल को रामचरितमानस का अखंड पाठ के साथ 24 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस मंदिर के लिए लोग सहयोग दे रहे हैं। मंदिर में राधा-कृष्ण, दुर्गा जी एवं शिव परिवार विराजमान हो रहे हैं। वकील आशुतोष दुबे, उद्यमी सुशील कुमार दुबे, रौनक दुबे, धनंजय दुबे, नीरज दुबे, रमाकांत, योगेश त्रिपाठी, नीतू शुक्ला, देवेंद्र दुबे, परमहंस पांडे, ग्राम विकास अधिकारी अजय मिश्रा, बीनू मिश्रा, विवेक दीक्षित, अनिल दीक्षित, दिवाकर पांडे, कमलाकांत तिवारी कैप्टन योगेश त्रिपाठी आदि सहयोग कर रहे हैं।

शोभायात्रा में थिरकतीं महिलाएं। अमृत विचार

राम का वनवास नैतिकता के प्रति उनका समर्पण

संवाददाता ककोर (औरैया)

अमृत विचार। दिबियापुर के निकट सेहुद धाम में बालयोगी रामप्रियदास जी के मार्गदर्शन में चल रही रघुनाथ कथा में रविवार को राम विवाह से लेकर वन गमन की कथा सुनाई गई। व्यास जी नें कहा कि जब राम का राज्याभिषेक निश्चित हुआ, तब दासी मंथरा ने कैकेयी को भड़काया कि यदि राम राजा बन जाएंगे तो कैकेयी और उसके पुत्र भरत की दरबार में नौकर ही बना रहेगा। मंथरा के उकसाने पर कैकेयी ने दशरथ से दो वरदान मांग लिए। पहला वरदान उसके पुत्र भरत को अयोध्या का राजा बनाया जाए और दूसरा, राम को 14 वर्ष के लिए वनवास में भेजा जाए। श्रीराम ने वनवास स्वीकार कर लिया। कथा व्यास ने कहा कि राम का वनवास न केवल उनके जीवन का एक कठिन समय था, बल्कि उनके चरित्र की परीक्षा और उनके आदर्शों का पालन भी था। यह घटना हिंदू धर्म में धर्म और नैतिकता के प्रति उनके अटूट समर्पण को दर्शाती है। परीक्षित रामकुमार अवस्थी व संध्या अवस्थी, धीरज शुक्ला, श्याम पांडेय, अनुज शुक्ल मौजूद रहे।

महा विकास अघाड़ी और महायुति दोनों गठबंधनों में कुछ सीटों पर दरार, सुलझ नहीं पा रही खींचतान

दो सेना, दो पवार, भाजपा के लिए मैदान तैयार

चुनाव डेस्क

महाराष्ट्र में भाजपा और कांग्रेस के अलावा लोकसभा चुनाव में शिवेसना के दो फाड़, एनसीपी के दो फाड़ हैं। एक धड़ा महा विकास अघाड़ी है, तो दूसरा महायुति। इन दोनों धड़ों के अलावा प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघड़ी और एआईएमआईएम भी चुनावी मैदान में हैं। राज्य में बीते एक-डेढ़ साल में सत्ता की सियासत के लिए बहुत कुछ टूटा और घटा है। लोकसभा चुनाव से पहले भी पिछले दिनों अपनी पार्टी से टिकट नहीं मिलने या राजनीतिक महत्वाकांक्षा के चलते कई नेता पाला बदल चुके हैं, तो कई नाराज़ नेता सही समय के इंतज़ार में बैठे हैं। दोनों बड़े गठबंधनों और उनमें शामिल दलों का लोकसभा चुनाव में बहुत कुछ दांव पर लगा है। 2024 के चुनाव में एनडीए के लिए 400 पार का लक्ष्य रखने वाली भाजपा के सामने इस बार भी महाराष्ट्र में 2019 जैसी सफलता दोहराने का दबाव है, तो कांग्रेस के सामने आधार बचाने का सवाल है। उधर, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी (शरद पवार) के लिए अपने साथ हुई तोड़फोड़ को लेकर सहानुभूति हासिल करने के साथ वोट बैंक सुरक्षित रखने की चुनौती है, तो एकनाथ शिंदे और अजीत पवार और उनके साथ गए नेता भी अपने फैसले पर जनता की मुहर लगवाने के लिए बेकरार हैं। ऐसे में इस बार का लोकसभा चुनाव कई अर्थों में महत्वपूर्ण और राज्य की भावी दिशा तय करने का बैरोमीटर बन गया है।



- कांग्रेस का हाथ भी छोड़ गए कई नेता, प्रकाश अंबेडकर अकेले ही ठोंक रहे हैं चुनावी मैदान में ताल
- राज्य में इस बार लोकसभा चुनाव के कई निहितार्थ, भाजपा का प्रदर्शन 400 पार मुहिम को देगा धार

48 लोकसभा सीटों पर है कड़ा मुकाबला

- लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र राजनीतिक दलों के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्य है, इसका कारण यह है कि यहां लोकसभा की 48 सीटें हैं। महा विकास अघाड़ी में सीट बंटवारा समझौते के अनुसार, उद्धव गुट की शिवसेना 21 सीटों पर, कांग्रेस 17 सीटों और एनसीपी शरद पवार 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। ये तीनों पार्टियां विपक्षी इंडिया गठबंधन में भी शामिल हैं, इसके बावजूद कई सीटों पर मतभेद और तनातनी की स्थिति है। हालांकि महा विकास अघाड़ी को एक साथ रखने में जुटे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) शरद पवार का कहना है कि कुछ सीटों को लेकर इंडिया गठबंधन के दलों में खींचतान जरूर है, लेकिन इस पर ध्यान देने का मतलब नहीं है। उधर भाजपा की अगुवाई वाले महायुति में भी सीट बंटवारे को लेकर सब कुछ ठीक नहीं है।

- भाजपा महायुति में सबसे ज्यादा 30 सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के खाते में 12 सीटें आई हैं। अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी 6 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। लेकिन महायुति गठबंधन में भी रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, औरंगाबाद, ठाणे, पालघर, मुंबई दक्षिण, मुंबई उत्तर पश्चिम और मुंबई उत्तर मध्य सीटों पर रस्साकशी की स्थिति दूर नहीं हो पा रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 25 तो एकीकृत शिवसेना ने 23 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। भाजपा ने 23 और शिवसेना ने 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस बार राज्य में पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को पांच सीटों पर मतदान हो चुका है। पहले चरण में पांचों लोकसभा सीटों पर औसतन 55 प्रतिशत मतदान हुआ था। अब राज्य में दूसरे चरण की वोटिंग 26 अप्रैल, तीसरे चरण की 7 मई, चौथे चरण में 13 मई और पांचवें चरण के लिए 20 मई को वोट डाले जाएंगे। मुंबई की लोकसभा सीटों पर 20 मई को मतदान होगा।

2019 का दलीय जनादेश

दल	सीट	वोट	वोट %
भाजपा	23	14912139	27.6
शिवसेना	18	12589064	23.3
एनसीपी	04	8387363	15.5
एआईएएमएम	01	389042	0.7
कांग्रेस	01	8792237	16.3
निर्दलीय	01	1991492	3.7
अन्य	00	6992908	12.9

31% लगभग मराठा मतदाता

11% ज्यादा मुस्लिम वोटर

10% से अधिक दलित वोटर

भाजपा के सामने कम नहीं चुनौती

- शिवसेना और एनसीपी में टूट का कारण कुछ लोग भाजपा को ही मानते हैं। ऐसे लोग बातचीत में भाजपा को पार्टी और परिवार तोड़ने वाली पार्टी ठहराते हैं। यह बात भाजपा के लिए मुश्किल पेश कर सकती है। भाजपा के सामने यह जिम्मेदारी और चुनौती दोनो है कि उसने सहयोगियों को जो सीटें दी हैं, उन पर वह जीत हासिल कर पाएं। राज ठाकरे के भाजपा को बिना शर्त समर्थन देने से एनडीए के उत्तर भारतीय वोटों के नुक़सान का भी लोग गणित लगा रहे हैं। राज ठाकरे के कारण उत्तर भारतीय भी बंटे हुए हैं। इससे भाजपा को आंशिक नुक़सान उठाना पड़ सकता है। इसी तरह महाराष्ट्र में क़रीब 28 प्रतिशत मराठा वोट गिना जाता है। पिछले कुछ समय से जरांगे पाटिल ने मराठा आरक्षण के लिए आंदोलन छेड़ रखा है। हालांकि उनका कहना है कि महाविकास अघाड़ी और महायुति गठबंधन दोनो ने मराठा आरक्षण पर धोखा दिया है।

महा विकास अघाडी के लिए भी मुश्किलें कम नहीं

- महा विकास अघाड़ी में शामिल दलों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है कि उनके प्रत्याशियों को एक दूसरे दल के वोटों का ट्रांसफ़र आसानी से हो सके। माना जा रहा है कि प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी के उम्मीदवार एक दर्जन सीटों पर महा विकास अघाड़ी गठबंधन के वोट काट सकते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में वंचित बहुजन अघाड़ी ने 47 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए थे और उसे सात प्रतिशत वोट मिले थे। तब उसके प्रत्याशियों ने कांग्रेस को कई सीटों पर नुकसान पहुंचाया था। इसी के साथ पार्टी में विभाजन के बाद शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी (शरद पवार) के सामने चुनौती है कि वो अपने नए चुनाव चिह्न को तेजी से आम मतदाताओं तक पहुंचाएं।

मराठा, दलित और मुस्लिम मतदाता 60 फीसदी सीटों पर निर्णायक भूमिका में

- महाराष्ट्र में करीब 31 फीसदी मराठा समुदाय के लोग हैं। लोकसभा की कुल 48 सीटों में लगभग आधी सीटों पर मराठा वोट निर्णायक भूमिका में रहता है। यही वजह है कि राज्य के 20 मुख्यमंत्रियों में 12 मराठा समुदाय से रहे हैं। राज्य में दलित मतदाता भी करीब एक दर्जन सीटों पर प्रभाव रखता है। राज्य में 10.5 फीसदी दलित आबादी है। विदर्भ में दलित आबादी सबसे ज्यादा 23 प्रतिशत तक है। इसी तरह मुस्लिम मतदाताओं की महत्ता से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। प्रदेश में इनकी आबादी 11 करोड़ से ज्यादा है। कुल आबादी में इनकी हिस्सेदारी भी 11 प्रतिशत से अधिक है। प्रदेश के उत्तरी कोंकण, खानदेश, मराठवाड़ा और पश्चिमी विदर्भ की कुछ लोकसभा सीटों पर मुस्लिम मत किसी भी प्रत्याशी की हार या जीत करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। मुंबई की कुछ सीटों पर भी मुस्लिम वोट का प्रभाव रहती है। परंपरागत रूप से लगभग हर चुनाव में मुस्लिम मत कांग्रेस और एनसीपी के बीच में ही बंट जाते हैं।

'हिंदू' और 'जय भवानी' को पार्टी गीत से नहीं हटाएंगे

उद्धव ठाकरे

- निर्वाचन आयोग ने दिया है शिवसेना उद्धव गुट को दोनों शब्द हटाने का नोटिस
- सभाओं में 'जय भवानी' और 'जय शिवाजी' कहने की परंपरा जारी रखेंगे ठाकरे

मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति में हिंदुत्व और बाल ठाकरे के बिना बात पूरी नहीं होती है। हालांकि पिछले 10 साल में भाजपा ने यह विमर्श काफी कुछ बदल दिया है। लेकिन महाराष्ट्र में एक बड़ा वर्ग अभी भी बाल ठाकरे को हिंदुत्व का सबसे बड़े योद्धा मानता है। यही वजह है कि शिवसेना (उद्धव बाल ठाकरे) निर्वाचन आयोग में अपना चुनाव चिह्न और रुतबा गंवाने के बाद लोकसभा चुनाव में बाल ठाकरे के नाम पर हिंदुत्व का असली पैरोकार होने का दावा करते हुए खोयी जमीन वापस पाने की लड़ाई लड़ रही है। अब इसमें पार्टी के हाल ही में लांच किए गए नये गीत को लेकर विवाद जुड़ गया है। इस गीत में इस्तेमाल किए गए 'जय भवानी' और 'हिंदू' जैसे शब्द निर्वाचन आयोग ने हटाने के लिए कहा है। लेकिन शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने साफ कह दिया है वह अपनी पार्टी के नये गीत से 'जय भवानी' और 'हिंदू' जैसे शब्द नहीं हटाएंगे।

निर्वाचन आयोग ने शिवसेना (यूबीटी) को नोटिस जारी करके पार्टी गीत से दोनों शब्द हटाने के लिए कहा है। इसके जवाब में उद्धव का कहना है कि वह आयोग की नसीहत का पालन नहीं करेंगे। उद्धव ठाकरे का कहना है कि पार्टी के गीत से 'जय भवानी' हटाने की मांग करना महाराष्ट्र का अपमान है। ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी ने अपने नये चुनाव चिह्न 'मशाल' को लोकप्रिय बनाने के लिए यह गीत तैयार किया है, जिसमें निर्वाचन आयोग को 'हिंदू' एवं 'जय भवानी' जैसे शब्दों पर आपत्ति है। ठाकरे ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने देवी तुलजा भवानी के आशीर्वाद से हिंदवी स्वराज की स्थापना की। हम देवी या हिंदू धर्म के नाम पर वोट नहीं मांग रहे हैं। यह अपमान है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वह अपनी जन सभाओं में 'जय भवानी' और 'जय शिवाजी' कहने की परंपरा जारी रखेंगे। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने कहा कि अगर निर्वाचन आयोग हमारे खिलाफ कार्रवाई करता है, तो उन्हें हमें बताना होगा कि उन्होंने उस समय क्या किया जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करते हुए लोगों से 'जय बजरंग बली' कहने और ईवीएम का बटन दबाने के लिए कहा था। इसी तरह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोगों से कहा था कि वे अयोध्या में रामलला के दर्शन मुफ्त में करने के लिए भारतीय जनता पार्टी को वोट दें। उद्धव ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) ने निर्वाचन आयोग से पूछा है कि क्या अब कानून बदल दिए गए हैं और क्या अब धर्म के नाम पर वोट मांगना ठीक है। लेकिन आयोग ने हमारे पत्र और हमारे द्वारा भेजे गए स्मरण-पत्र का जवाब नहीं दिया है। स्मरण-पत्र में हमने कहा था कि अगर कानून बदले गए हैं तो हम अपनी चुनावी रैलियों में 'हर-हर महादेव' भी कहेंगे।

असली बात दूसरे चरण की सीटों पर पवार और उद्धव के अस्तित्व की

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में महाराष्ट्र की आठ सीटों बुलढाणा, अकोला, अमरावती, वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी में 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। इन सीटों पर लड़ाई एनसीपी (पवार) और शिवसेना (यूबीटी) के लिए सम्मान और राजनीतिक भविष्य की मानी जा रही है। इन लोकसभा क्षेत्रों में शरद पवार और शिवसेना की परंपरागत पकड़ मानी जाती है। ऐसे में शरद पवार और उद्धव ठाकरे दोनों अपने दलों के दो फाड़ होने के बाद इन सीटों पर जीत हासिल करके अपने गुट की ताकत दिखाना चाहते हैं। लेकिन एनसीपी (पवार) और शिवसेना (यूबीटी) अगर इन सीटों पर हार जाती है, तो यही संदेश जाएगा कि मराठा और शिवसेना की राजनीति में अब शिंदे और अजित पवार के रूप में दो नए ध्रुव स्थापित हो चुके हैं, जिन्हें मतदाताओं ने भी मान्यता प्रदान कर दी है।

भाजपा बना रही निशाना मैं और अभिषेक सुरक्षित नहीं : ममता बनर्जी

चुनाव डेस्क

कुमारगंज (बंगाल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को यहां एक सभा में यह कहकर सनसनी फैला दी कि भाजपा उन्हें और उनके भतीजे तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को निशाना बना रही है। वे दोनों सुरक्षित नहीं हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक दिन पहले कहा था कि सोमवार को एक बड़ा धमाका होगा, जो तृणमूल और उसके शीर्ष नेतृत्व को हिला कर रख देगा।

बलूरघाट लोकसभा क्षेत्र के कुमारगंज में टीएमसी उम्मीदवार और राज्य में मंत्री बिप्लब मित्रा के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि हम सुरक्षित नहीं हैं, लेकिन हम केंद्र भाजपा सरकारी की साजिश से नहीं डरते हैं।

'एक गद्दार जिसने अवैध संपत्ति बचाने के लिए मिला लिया हाथ'

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुभेंदु अधिकारी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एक गद्दार है, जिसने अपने परिवार और अवैध संपत्ति को बचाने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया। मैं उन्हें बता दूं कि चॉकलेट बम धमाका करने की उनकी धमकी को तवज्जो नहीं देते हैं। हम पटाखे फोड़कर उनका मुकाबला करेंगे। वे केवल झूठ फैलाते हैं।

धर्म आधारित वोट बैंक की राजनीति कर रही है भाजपा

- ममता ने भाजपा पर धर्म आधारित वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए सवाल किया कि दूरदर्शन का 'लोगो' अचानक भगवा क्यों हो गया? सेना के जवानों के आधिकारिक आवासों को भगवा रंग में क्यों रंगा गया? काशी (विश्वनाथ मंदिर) में पुलिस की वर्दी भगवा रंग की क्यों कर दी गई? यह भाजपा के निरंकुश शासन का एक और उदाहरण है। यदि वह सत्ता में बनी रहती है तो भविष्य में कभी चुनाव नहीं होंगे। विभिन्न समुदायों के धार्मिक अधिकार खतरे में पड़ जाएंगे।

नाक की लड़ाई बन चुकीं दूसरे चरण की तीनों सीटें

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में पश्चिम बंगाल की तीन सीटों रायगंज, बालुरघाट और दार्जिलिंग में मतदान होना है। उत्तर बंगाल की इन तीनों सीटों पर पिछली बार भाजपा ने जीत दर्ज की थी। पार्टी इस बार भी पिछला प्रदर्शन दोहराने के लिए जी-जान लगाए है, तो टीएमसी तीनों सीटें छीनने के लिए जोर लगा रही है। रायगंज और बालुरघाट में सभा करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बंगाल में घुसपैठ, भ्रष्टाचार और संदेशखालि की गुंडागर्दी के खिलाफ हुंकार भरने के साथ अपनी गारंटी और बंगाल में केंद्र सरकार के विकास कार्य बता गए हैं।

दार्जिलिंग में टीएमसी ने भूमिपुत्र का नारा उछाल भाजपा को घेरा

- दार्जिलिंग सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद राजू बिष्ट को दूसरी बार टिकट देकर टीएमसी को 'भूमिपुत्र' की खोज का मौका दे दिया है। पिछले तीन चुनाव से यहां भाजपा जीत रही है, लेकिन कभी स्थानीय प्रत्याशी नहीं उतारा है। तृणमूल इस सीट पर भूमिपुत्र के रूप में क्षेत्र में लंबे समय तक तैनात रहे अधिकारी गोपाल लामा को टिकट देकर स्थानीय बनाम बाहरी का नारा गढ़ रही है। कांग्रेस ने भी इसी तर्ज पर स्थानीय डॉक्टर मुनीष तामांग को उतारा है। रायगंज सीट पर भी भूमिपुत्र का मुद्दा गर्म था। यहां से भाजपा की देबश्री राय चौधरी सांसद थीं, जो स्थानीय नहीं थीं। भाजपा ने इस बार उनकी जगह कार्तिक चंद्र पाल को मौका दिया है। टीएमसी ने यहां भाजपा के विधायक रहे कृष्ण कल्याणी को मैदान में उतारा है।

विरोधियों पर हमला

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने रविवार को बालुर घाट लोकसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान भारी संख्या में वहां कार्यकर्ता पहुंचे। ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के साथ ही कांग्रेस और वामदलों पर जमकर प्रहार किया।

सूरत सीट पर कांग्रेस हुई मुकाबले से बाहर

सूरत। सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुंभाणी का नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में विसंगतियां पायीं। यही नहीं, सूरत से कांग्रेस के वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला का नामांकन पत्र भी अमान्य हुआ। अब कांग्रेस यहां चुनाव मैदान से बाहर हो गई है। निर्वाचन अधिकारी सौरभ पारधी ने आदेश में कहा कि कुंभाणी और पडसाला के चार नामांकन फॉर्म को प्रस्तावकों के हस्ताक्षरों में प्रथम दृष्टया विसंगतियां पाए जाने के बाद खारिज कर दिया गया। ये हस्ताक्षर असली नहीं लग रहे हैं।

कांग्रेस मामले में अदालत का दरवाजा खटखटाएगी। भाजपा उम्मीदवार के चुनाव एजेंट ने कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन पत्र पर आपत्ति जताई थी। आदेश में कहा गया है कि कांग्रेस उम्मीदवार के वकील के अनुरोध पर जांच किये गए वीडियो फुटेज में भी प्रस्तावकों की उपस्थिति नहीं पाई गई है। भाजपा ने सूरत लोकसभा सीट पर मुकेश दलाल को मैदान में उतारा है।

उधर, भावनगर लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार उमेश मकवाणा और अमरेली सीट से कांग्रेस उम्मीदवार जेनी थुम्मर के नामांकन दोनों पक्षों को सुनने के बाद संबंधित निर्वाचन अधिकारियों द्वारा स्वीकार कर लिए गए हैं।

सियासत | चुनाव आयोग की तमाम कोशिशों के बाद भी पहले चरण में हिंदी बेल्ट का कम मतदान छोड़ गया तमाम सवाल

उनका 400 पार, इनका फीका प्रचार, इसलिए नहीं लगी बूथों पर कतार?

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का हिंदी बेल्ट उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और राजस्थान में कम मतदान अगले चरणों में होने वाले मतदान के लिए तमाम सवाल छोड़ गया है। आखिर ऐसा क्या हुआ कि चुनाव आयोग की तमाम कोशिशों के बाद भी कई राज्यों या करीब पचास सीटों पर पिछली बार से भी कम लोग वोट देने के लिए बूथों पर पहुंचे। भीषण गर्मी अगर इसका बड़ा कारण रही, तो अगले चरणों के मतदान में मुश्किल और बढ़ने वाली है, क्योंकि मौसम विभाग इस बार अप्रैल के अंतिम सप्ताह से मई के अंत तक मौसम बेहद गर्म रहने की संभावना जता रहा है। हालांकि राजनीतिक जानकार इससे इतर कारण भी बयां कर रहे हैं, उनका कहना है कि यह भी हो सकता है कि भाजपा ने मिशन-400 पार का जो नारा देकर धुंआधार प्रचार अभियान किया है, उसके कारण बहुत संभव है कि पार्टी का कैडर अति आत्मविश्वास का शिकार हो गया हो और उसके पन्ना प्रमुखों या बूथ प्रभारियों ने उतनी मेहनत नहीं की, जितनी उनसे अपेक्षित थी। बड़ी संख्या में विपक्षी मतदाता और समर्थक यह देख रहे हैं कि इस चुनाव में उनके लिए उत्साहजनक कुछ नहीं है। ऐसे में मतदान केंद्रों का रुख नहीं किया।

देश भर में 102 सीटों पर पहले चरण में औसतन 65.5 फीसदी मतदान हुआ, जबकि पिछले चुनाव में यह 70 फीसदी था। हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक मतदान प्रतिशत कम होने से किसी तरह के ट्रेंड का पता नहीं लगता है, सिर्फ अनुमान लगाया जा सकता है। उत्तर प्रदेश में पहले चरण की आठ लोकसभा सीटों पर औसतन 60 फीसदी मतदान हुआ। सहारनपुर, नगीना, कैराना, रामपुर, पीलीभीत, मुजफ्फरनगर, बिजनौर और मुरादाबाद में प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो चुका है। इन आठ में पांच लोकसभा सीटें ऐसी हैं जहां 2019 और 2014 के मुकाबले इस बार कम वोट पड़े हैं।

कुछ राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि कम मतदान से भाजपा को इस बार थोड़ा नुकसान हो सकता है। भाजपा ने राम मंदिर, मोदी की गारंटी, सुरक्षा और हिंदुत्व के मुद्दे पर डोर टू डोर कैंपेन किया था। अगर इसके बाद भी लोग वोट करने नहीं निकले तो इसका मतलब है कि कहीं ना कहीं लोगों में किसी बात पर उदासीनता या नाराजगी है। बिहार में भी वोट प्रतिशत कम रहा। इसका कारण वहां भी उदासीनता और पलायन बताया जा रहा है। बड़ी संख्या में मतदाता ऐसे थे, जो रोजगार के लिए राज्य से बाहर हैं और उनमें इतना उत्साह नहीं था कि वोट देने के लिए घर आएं। राजस्थान में भी कई लोकसभा सीटों पर मतदाताओं में निराशा देखी गई। राज्य में पिछले चुनाव में 64 फीसदी वोटिंग हुई थी और इस बार पहले चरण में 57 फीसदी वोट ही पड़े। सबसे कम मतदान करौली-धौलपुर में 50 फीसदी, झुंझुनूं में 52 फीसदी और भरतपुर में 53 फीसदी हुआ। इन सीटों पर मतदाताओं में उत्साह नजर नहीं आया। ऐसे में माना जा रहा है कि पिछली बार का जो जीत का अंतर था वो इस बार कम होगा। इस बार चुनाव में स्थानीय मुद्दे और जातिगत राजनीति ज्यादा हावी होती नजर आई। मध्य प्रदेश में 2019 की तुलना में प्रथम चरण में करीब आठ फीसदी कम वोट डाले गए।

प्रदेश की छह सीटों पर 67 फीसदी वोट पड़े जबकि 2019 में इन सीटों पर औसतन 75 फीसदी वोट पड़े थे। सबसे कम सीधी में 55.19 फीसदी वोट पड़े। यह पिछली बार से 14 फीसदी कम रही। हालांकि छिंदवाड़ा में पिछली बार के मुकाबले सबसे कम 2.8 फीसदी मतदान हुआ। यहां करीब 80 फीसदी मतदान हुआ। जबलपुर में लगभग नौ फीसदी कम मतदान हुआ।

यूपी की पांच सीटों का हाल

लोकसभा	2014 (%)	2019 (%)	2024 (%)
सहारनपुर	74.24	70.83	66.65
मुजफ्फरनगर	69.41	68.24	59.29
कैराना	73.10	67.44	61.17
बिजनौर	67.88	65.40	58.21
नगीना	63.27	63.53	59.54

- अगर गर्मी के कारण वोटर घर से नहीं निकला तो अगले चरणों में और बढ़ेगा सूरज का सितम और तापमान
- विश्लेषकों के मुताबिक मतदान प्रतिशत कम होने से किसी ट्रेंड का पता नहीं लगता, सिर्फ अनुमान लगा सकते

एक नजर

पीडीएम मोर्चे ने घोषित किए सात प्रत्याशी

अमृत विचार, लखनऊ : अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने असदुद्दीन ओवैसी के साथ बनाये पीडीएम मोर्चे से सात लोकसभा प्रत्याशी और घोषित कर दिये हैं। पीडीएम मोर्चे का गठन सपा गठबंधन से अलग होने के बाद पल्लवी पटेल ने असदुद्दीन ओवैसी के साथ बनाया था। पल्लवी पटेल ने रविवार को प्रत्याशियों की दूसरी सूची में उन्नाव से धनीराम पाल, कन्नौज से दानिश अली, कानपुर नगर से राम आसरे पाल, गाजीपुर से सूबेदार बिंद, घोसी से प्रेमचंद उर्फ कांति निषाद, सीतापुर से काशिफ अंसारी और प्रयागराज से हंसराज कौल को उतारा है। पल्लवी पटेल का कहना था कि अखिलेश व राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे इंडी गठबंधन में पिछड़े, दलित और मुस्लिमों के साथ न्याय नहीं हो रहा है।

हादसों और मौतों में लखनऊ छठे और बरेली दसवें स्थान पर

टॉप-20 जिलों की सूची में कानपुर नगर अव्वल, प्रयागराज दूसरे और बुलंदशहर तीसरे नंबर पर

नीरज मिश्र, लखनऊ

- करीब 42 प्रतिशत मौतें इन्हीं जिलों में
- पिछले तीन साल से सूची में हैं सबसे आगे

अमृत विचार : परिवहन विभाग ने हादसों और मौतों में अव्वल रहने वाले जिन टॉप-20 जिलों की सूची जारी की है, अगर जिम्मेदार उन्हीं पर गंभीर हो जाएं तो हादसों और मौतों का ग्राफ धड़ाम से नीचे आएगा। करीब 42 प्रतिशत से अधिक मौत इन्हीं जिलों में होती हैं।

सड़क सुरक्षा टीम का 4-ई कॉन्सेप्ट (इंजीनियरिंग, इनफोर्समेंट, एजुकेशन, इमरजेंसी केयर) का दावा भी काम नहीं आया है। हाल यह है कि पिछले तीन साल से हादसों और मौतों की सूची में इन 'कुख्यात' जिलों ने अपना स्थान तक नहीं बदला है। दिलचस्प यह है कि प्रदेश में जो ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए गए हैं, उनमें से 35 फीसद से ज्यादा इन्हीं जिलों में से हैं।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा सोमवार से शुरू हो रहा है यानी पिछले करीब एक दशक से जारी जागरूकता कार्यक्रमों का एक और दौर। विभाग इस बार आंध्र प्रदेश की तर्ज पर एक नया प्रयोग करने की तैयारी में है, जिसमें चालक के परिवार की तस्वीर यात्री वाहन के डैशबोर्ड पर लगवाई जा रही है जिससे रैश ड्राइविंग और रफ्तार बढ़ाते वक्त उसे अपने परिवार का ख्याल रहे और चालक अपने वाहन की गति नियंत्रित रखे।

अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी ने बताया कि इन सभी जिलों में सुधार के लिए नई कार्ययोजना पर तेजी से काम शुरू कर दिया गया है। इस बार कई यात्री वाहनों में चालकों को रैश ड्राइविंग और रफ्तार पर नकेल कसने के लिए उन्हें मानसिक तौर पर संवेदनशील बनाए जाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके लिए उनके परिवार की तस्वीर डैशबोर्ड पर लगा उन्हें सचेत किया जा रहा है। यह प्रयोग आंध्र प्रदेश में कारगर रहा है। इसके अलावा सभी एजेंसियां निरंतर त्रैमासिक मॉनीटरिंग करेंगी। बैठकों में जानकारियां साझा कर आगे कदम उठाए जाएंगे।

कोशिश है कि इन जिलों का क्रम बदले और वहां हादसों और मौतों की संख्या में सुधार आए। इसके अतिरिक्त इन जिलों में मॉडल सेफ रोड बनाए जाने पर भी काम किया जा रहा है। मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, परिवहन आयुक्त समेत सभी उच्चाधिकारी आए नए आंकड़ों पर चिंतित हैं और नए सिरे से काम किया जा रहा है।

पिछले तीन वर्ष के आंकड़े

जिला	औसत वार्षिक मौतें		
कानपुर नगर	625	बरेली	486
प्रयागराज	573	गोरखपुर	472
बुलंदशहर	546	सीतापुर	447
आगरा	532	फतेहपुर	425
हरदोई	513	गौतमबुद्धनगर	425
लखनऊ	512	बाराबंकी	416
उन्नाव	503	कुशीनगर	409
मथुरा	497	फिरोजाबाद	386
अलीगढ़	496	जौनपुर	385
		शाहजहांपुर	375
		गाजियाबाद	374

शारजाह से नौ लाख की सिगरेट लाने पर मिलते थे 20 हजार रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शारजाह में सलीम नामक व्यक्ति करता था मैनेज

अमृत विचार : शारजाह से अवैध रूप से सिगरेट लाकर भारत में बेचने का धंधा लंबे समय से फलफूल रहा है। अवैध सिगरेट लाने के लिए चिन्हित लोग बड़ा रिस्क लेकर शारजाह से लखनऊ तक लाखों रुपये कीमत की सिगरेट लाते थे और एयरपोर्ट के बाहर ही चिन्हित लोगों को ही सौंप देते थे। बदले में उन्हें 20 हजार रुपये कैरिंग चार्ज के रूप में मिलता था। बाद में यह सिगरेट बिकने के लिए विभिन्न स्थानों पर पहुंचाई जाती थी और लाखों की कमाई होती थी।

गौरतलब हो कि पहली अप्रैल को उड़ान संख्या 6ई-1424 से शारजाह से लखनऊ के लिए 33 तस्करों द्वारा लाई गई विदेशी मूल की सिगरेट एयरपोर्ट पर पकड़ी गई थी। इस दौरान 27 तस्कर मौका देख फरार हो गए थे, जबकि छह तस्करों को माल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। इन तस्करों के पास से तीन करोड़ तीन लाख 63 हजार रुपये कीमत की सिगरेट बरामद हुई थी। कस्टम अधिकारियों द्वारा पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि शारजाह में सलीम नामक व्यक्ति यह सब मैनेज करता था। उससे होटल में मुलाकात होती थी। सभी तस्कर एक संगठित गिरोह के तहत जुड़े हुए हैं। इनको शारजाह तक भिजवाने और इनके माध्यम से विदेशी मूल की सिगरेट एयरपोर्ट तक लाने की जिम्मेदारी इनपर रहती थी।

परीक्षा केंद्र से ही पेपर आउट कराने की थी योजना

आरओ-एआरओ परीक्षा 2023 : पेपर पेपर लीक मामले में निजी स्कूलों के खेल का खुलासा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ के जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल का प्रबंधक भी शामिल
- प्रयागराज के एसपी ब्लू स्टॉर स्कूल और विशप जानसन गर्ल्स कॉलेज का भी नाम

अमृत विचार : एसटीएफ की गिरफ्त में आए चारों आरोपी डॉ शरद सिंह पटेल, कमलेश कुमार उर्फ केके, अर्पित विनीत यशवंत व अभिषेक शुक्ला ने पूछताछ में बताया कि डॉ शरद सिंह पटेल ने सौरभ शुक्ला (प्रबन्धक, जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल पारा लखनऊ) के साथ मिलकर आरओ-एआरओ परीक्षा 2023 का पेपर परीक्षा केन्द्र से आउट कराने की योजना बनाई। सौरभ शुक्ला ने कमलेश कुमार पाल, प्रबंधक एसपी ब्लू स्टार पब्लिक स्कूल झूसी प्रयागराज, को इस योजना में शामिल किया। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए कमलेश कुमार पाल ने कई बार लखनऊ आकर सौरभ शुक्ला व डॉ शरद सिंह पटेल से मुलाकात की।

कमलेश कुमार पाल ने बताया कि विशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज प्रयागराज का परीक्षा कार्य देखने वाले अर्पित विनीत यशवंत से उसकी सेटिंग हैं। जो परीक्षा केन्द्र पर पेपर पहुंचने के बाद पेपर आउट कर व्हाटसएप पर भेज देगा। अर्पित विनीत यशवंत ने कमलेश कुमार पाल उर्फ केके से पांच लाख रुपये में पेपर आउट कराना तय किया था तथा एक लाख रुपये परीक्षा से पूर्व एडवांस प्राप्त किया। शेष धनराशि कार्य होने के बाद देना तय हुआ था। पूर्व योजना के अनुसार बीते 11 फरवरी को सुबह कमलेश कुमार पाल उर्फ केके करीब 6.30 बजे पर परीक्षा केन्द्र विशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज के बाहर आ गया था। परीक्षा केन्द्र पर 6.45 बजे पेपर प्राप्त होने व सेक्टर मजिस्ट्रेट के जाने के तत्काल बाद अर्पित विनीत यशवंत ने कमलेश कुमार पाल उर्फ केके को फोन करके अन्दर बुला लिया।

गार्ड दो बंडल तो आरोपी एक-एक बंडल स्ट्रांग रूम में ले गए थे

अमृत विचार : पेपर के कुल चार बंडल थे, जिसमें से दो बंडल गार्ड, व एक-एक बंडल अर्पित विनीत यशवंत व कमलेश कुमार पाल उर्फ केके लेकर नीचे से प्रथम तल पर स्थित स्ट्रांग रूम में ले गये। गार्ड व अर्पित विनीत यशवंत अपने बंडल स्ट्रांग रूम में रखे, लेकिन पूर्व योजना के अनुसार कमलेश कुमार पाल उर्फ केके अपना बंडल स्ट्रांग रूम के ठीक बगल में स्थित मेडिकल रूम में लेकर चला गया तथा वहां पहले से रखे कटर की सहायता से बंडल खोलकर चारों सिरीज के पैकेट खोलकर अपने मोबाइल से फोटो खींचा तथा पैकेट व बंडल को पुन: उसी तरह टेप की सहायता से चिपका दिया। कमलेश कुमार पाल ने आउट पेपर की चारों सिरीज व्हाटसएप पर सौरभ शुक्ला को भेज दिया तथा इसके बाद वहां से चला गया। सौरभ शुक्ला ने उक्त पेपर डॉ शरद सिंह पटेल व अरुण सिंह को भेजा। शरद सिंह पटेल ने आउट पेपर राजीव नयन मिश्रा को भेजा और बताया कि एक दिन पूर्व जो पेपर आपने भेजा था, वही पेपर सेन्टर से भी आया है, दोनों पेपर समान है। एजेंसी या प्रेस से पेपर आउट कराने वाले गिरोह में राजीव नयन मिश्रा जो वर्तमान समय में जेल में निरुद्ध है तथा सुभाष प्रकाश पुत्र योगेन्द्र पंडित का नाम भी प्रकाश में आया है।

योगी की अपील, वोट देकर जताएं मोदी का आभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बोले, गैर भाजपा शासित राज्यों में हिंसा असल में तुष्टिकरण की नीतियों का दुष्परिणाम

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव को सुअवसर बताते हुए जनता से भाजपा उम्मीदवारों को वोट करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करने की अपील की है। रविवार को अपने आवास पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए योगी ने गैर भाजपा शासित राज्यों में होने वाली हिंसा को तुष्टिकरण की नीतियों का दुष्परिणाम बताया है।

उन्होंने दावा किया कि प्रचंड बहुमत के साथ मोदी के नेतृत्व में फिर से भाजपा नेतृत्व की एनडीए की सरकार बनने जा रही है। इसमें कोई संदेह होना ही नहीं चाहिए। जनता-जनार्दन के द्वारा विपक्ष के झूठ का पर्दाफाश भी किया जा रहा है।

भारतीय भावना को सम्मान देने का मौका

रविवार को छत्तीसगढ़ में चुनावी दौरे पर निकलने से पहले योगी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से ही रामलला का 500 वर्षों बाद अयोध्या में आगमन संभव हुआ। देशवासियों के लिए मोदी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है। देश के लिए, भारतीय भावना को सम्मान देने और गरीब कल्याण की योजनाओं को बढ़ाने के लिए जो प्रयास हुए हैं, आभार के रूप में वोट के माध्यम से मोदी तक पहुंचाने का यह अवसर है।

50 हजार का इनामी मुंबई से गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ की वाराणसी इकाई ने रविवार को गाजीपुर जिले के 50 हजार के इनामी अपराधी को मुंबई के चेंबूर से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ इस अपराधी को 2017 से ही तलाश कर रही थी। अपराधी पुलिस के डर से मुंबई चला गया था, ऐसे हालात में अपराधी के घर वालों ने दो ग्रामीणों के खिलाफ इसके अपहरण का मुकदमा भी दर्ज करा दिया।

गाजीपुर के बहरियाबाद के रहने वाले सद्दाम हुसैन के खिलाफ कोतवाली में गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज है। लंबे समय तक जब सद्दाम पुलिस के पकड़ में नहीं आया तो पुलिस ने सद्दाम पर 50 हजार का इनाम घोषित कर दिया। सद्दाम भागकर गाजीपुर से मुंबई पहुंचा और वहां पर जीवन यापन के लिए आटोरिक्शा चलाने लगा और बाद में हुंडई के वर्कशाप में काम करने लगा।

161.11 लाख रुपये की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

अमृत विचार, लखनऊ : आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई के तहत 161.11 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई, जबकि एक मार्च से अब तक कुल 31537.07 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक 2963.79 लाख नकद, 4137.59 लाख कीमत की शराब, 21121.15 लाख रुपये की ड्रग, 2158.15 लाख रुपये की बहुमूल्य धातुएं व 1156.38 लाख कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई है। इसके अलावा अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये हैं।

4298 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये गये हैं। 19,64,008 लोगों को पाबंद किया गया है। पुलिस विभाग के जरिये 7325 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 376 बम बरामद किये गये हैं, जबकि अवैध शस्त्र बनाने वाले 140 स्थलों को सीज कर दिया गया है। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में सार्वजनिक व निजी स्थानों से अब तक कुल 1,11,23,581 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है।

अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं को खास पैकेज

इम्पावर्ड कमेटी की मंजूरी के बाद कैबिनेट की मंजूरी भी लेनी होगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इन्वेस्ट यूपी के सीईओ की अध्यक्षता में गठित कमेटी की अनुशंसा पर दिया जाएगा प्रोत्साहन

अमृत विचार : राज्य सरकार की ओर से अल्ट्रा मेगा श्रेणी की विशेष महत्व वाली परियोजनाएं स्थापित करने पर उन्हें केस टू केस कस्टमाइज पैकेज दिया जाएगा। औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 में इसका प्राविधान किया गया है। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की ओर से इन प्राविधानों में कुछ संशोधन किया गया है।

इसके अंतर्गत नोडल संस्था की जगह सीईओ इन्वेस्ट यूपी की अध्यक्षता में गठित कमेटी को ऐसी परियोजनाओं के परीक्षण और विशेष पैकेज की अनुशंसा की जिम्मेदारी दी गई है। इस कमेटी की अनुशंसा के बाद हाई लेवल इम्पावर्ड कमेटी और कैबिनेट की मंजूरी के बाद ऐसी बड़ी परियोजनाओं को कस्टमाइज पैकेज प्रदान किया जा सकेगा।

इम्पावर्ड कमेटी की संस्तुति के आधार पर मंत्रिपरिषद का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा। नीति में किए गए संशोधन के अनुसार औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के अंतर्गत विशेष महत्व की अल्ट्रामेगा श्रेणी की परियोजनाओं को आवश्यकतानुसार राज्य सरकार द्वारा केस टू केस आधार पर प्रोत्साहन का विशेष रूप से कस्टमाइज्ड पैकेज प्रोत्साहन के रूप में प्रदान किए जाने पर विचार किया जा सकता है।

पहले समझौता समिति का होना था गठन

दरअसल, नीति के अंतर्गत पहले प्राविधान किया गया था कि इस प्रकार के आवेदन नोडल संस्था को प्रस्तुत किए जाएंगे और आवेदनों की उनकी आवश्यकता एवं विशेष महत्व की दृष्टि से समीक्षा की जाए। इसके लिए अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक समझौता समिति गठित की जाएगी, जिसके सदस्य सचिव सीईओ इन्वेस्ट यूपी होंगे। हालांकि अब इस प्राविधान में संशोधन किया गया है। अब नामित सदस्यों वाली समझौता समिति ऐसी परियोजनाओं को विशेष पैकेज दिए जाने के लिए अंतिम स्वीकार्यता के लिए मुख्यमंत्री को संस्तुति करेगी।

वर्ग पहेली-47

बाएं से दाएं

1. घाव का मवाद, पीब।
5. 1. नाम जाप करने की सत्ताईस दानों की छोटी माला, जपमाला 2. हाथ में पहनने का एक प्रकार का आभूषण।
6. रोकने का भाव, अवरोध का उपक्रम।
7. व्यवहार में छलपूर्ण चालें चलने की क्रिया, धोखाधड़ी, कपट, धूर्तता, चालाकी, छल।
10. 1. चार पैरों वाला पशु, चौपाया 2. एक प्रकार का छंद।
11. रचा या बनाया हुआ।
12. 1. आंच पर चढ़ाकर गाढ़ा किया गया दूध 2. ईंट पाथने का गारा।

ऊपर से नीचे

2. 1. चसका लगना, आदत लगना, किसी विषय या कार्य में ढीठ बनना 2. हिलना-मिलना।
3. (पुराण) वह जिनका धनुष कुसुम या पुष्प का माना जाता है, कामदेव।
4. उबलते दूध में चावल
8. 1. लादने का कार्य 2. लादने के बदले मिलने वाली मज़दूरी।
9. 1. सितारे, तारे, ग्रह-नक्षत्र 2. ज्योतिष।



वर्ग पहेली -46 का हल

1 आ	दी	■	2 उ	दुं	ब	3 र
हा	■	■	थ	■	■	च
■	4 पे	5 श	ल	■	■	क
■	■	6 नि	पु	ण	7 ता	■
■	8 आ	■	थ	■	म	■
■	9 सु	त	ल	■	ले	■
■	ति	■	■	10 भें	ट	ना

सुडोकू-126

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

2			9	3	7	6		
				8		2		
5		9				1		
			5	6		7		
7								8
		8						3
		2				9		6
		4		5				
3		6		2	9			5

सुडोकू -125 का हल

7	9	8	1	6	3	5	2	4
4	2	5	7	8	9	3	6	1
3	6	1	5	4	2	8	9	7
8	3	2	4	9	5	7	1	6
9	5	7	6	3	1	2	4	8
6	1	4	8	2	7	9	5	3
1	7	9	3	5	6	4	8	2
5	8	6	2	7	4	1	3	9
2	4	3	9	1	8	6	7	5

यूपी में चुनावी प्रचार से आम आदमी पार्टी हुई दूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश की सभाओं में सांसद संजय सिंह का शामिल होना प्रस्तावित

अमृत विचार : दिल्ली व पंजाब में सत्तासीन आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का समर्थन करने का दावा हवाहवाई साबित हो रहा है। पार्टी प्रमुख व दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के जेल में जाते ही पार्टी की रणनीति बदल गई और स्थानीय स्तर पर संगठन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार से दूरी कायम कर ली।

केजरीवाल ने दावा किया था कि उप्र. में पार्टी उम्मीदवार नहीं उतारेगी, मगर पार्टी इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में जोरदार प्रचार करेगी। दिल्ली के गृहमंत्री मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह के बाद मुखिया केजरीवाल की गिरफ्तारी होते ही पार्टी की प्राथमिकताएं बदल गईं। हालांकि पार्टी प्रवक्ता दिनेश सिंह पटेल का कहना है कि जेल से छूटने के बाद सांसद संजय सिंह ने सपा के अखिलेश यादव से मुलाकात भी की थी, नगीना सीट पर साथ में प्रचार करने गए थे। इसके अलावा 23 अप्रैल को बागपत और अमरोहा में होने वाली सभाओं में अखिलेश के साथ मंच साझा करेंगे।

गोमांस सप्लाई का इनामी आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : हैदराबाद तक अवैध रूप से प्रतिबंधित पशु का मांस सप्लाई करने के आरोप में फरार आरोपी की जब अचानक गिरफ्तारी हुई तो उसके पास से रुद्राक्ष और ताबीज जैसी चीजें बरामद हुई। बरामदगी की वस्तुएं देखकर स्वयं एसटीएफ भी चकित रह गई।

25 हजार के इस इनामी अभियुक्त पर जालौन में गोमांस सप्लाई करने के आरोप में एफआईआर दर्ज है। एसटीएफ ने अंबाला निवासी जनकराज शर्मा को आगरा एक्सप्रेस पर टोल प्लॉजा के पास से गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ दिनेश कुमार सिंह के मुताबिक जनकराज शर्मा के खिलाफ जालौन में एफआईआर दर्ज थी। फरार होने के कारण जनकराज पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 03 .25 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 20 .00 तक तत्पश्चात चित्रा।

मेष — आज आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। आपके मित्र आपको कुछ उपहार दे सकते हैं। अपनी बातों को दूसरों के ऊपर न थोपें। निर्माण कार्यों से जुड़े कारोबार में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। खोयी हुई वस्तु आपको वापस मिल सकती है।

वृष — आज परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर तरोताजा महसूस करेंगे। बनते कार्यों में आ रही रुकावटें दूर होंगी। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रेमी जन से विवाह को लेकर सम्भावना बन रही है। गलत प्रवृत्ति के लोगों से आपको दूरी रखनी चाहिए।

मिथुन — आज करियर में काफी अस्थिरता रहेगी। कटु भाषा बोलने के कारण लोग आपसे नाराज रहेंगे। कानूनी मामलों में छोटी गलतियां भारी पड़ सकती है। लोग पीठ पीछे आपकी आलोचना करेंगे। मौसमी बीमारियों के शिकार हो सकते हैं।

कर्क — आज सरकारी काम थोड़े प्रयासों से पूर्ण हो जायेंगे। अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग कर पायेंगे। नौकरी में बदलाव करने की योजना बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार हो सकता है।

सिंह — आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आयात-निर्यात संबंधी कारोबार में लाभ हो सकता है। आपके जन-सम्पर्क का दायरा विस्तृत होगा। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। परिजनों की सलाह लेकर काम करना हितकर होगा।

कन्या — आज आप समय का सार्थक प्रयोग अपने लाभ के लिए कर पायेंगे। प्रेम संबंधों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी से सलाह लेकर नया काम शुरू करें। कार्यक्षेत्र में आपकी पदोन्नति की चर्चा चल सकती है। घर में प्रियजनों का आगमन हो सकता है।

तुला — आज दोपहर में सिर में दर्द और भारीपन की समस्या हो सकती है। कुछ समय प्रकृति के सानिध्य में बितायें। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने में मुश्किल आयेगी। बजट को ध्यान में रखते हुए ही धन निवेश करें। किसी नकारात्मक विचार के कारण आपका मन खराब हो सकता है।

वृश्चिक — आज नया व्यवसाय शुरू करना चाह रहे हैं, तो उसकी योजना बना सकते हैं। दोस्तों से भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। लेखन कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। उत्तम भोजन का आनन्द उठा सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को यश मिलेगा।

धनु — आज अविवाहित लड़कियों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचें। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। उत्तम कार्यशैली के कारण आपको सफलता मिलेगी।

मकर — आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा। खर्चों के मुक़ाबले आपकी आय ज्यादा रहेगी। आज पूरा दिन आनन्द में व्यतीत होगा। बच्चों को लेकर आपकी चिन्ता दूर होगी। अधिकारी आपको ताने मार सकते हैं। सोच-समझकर ही आपको निर्णय लेना चाहिए।

कुंभ — आज कार्यक्षेत्र में काफी सारी रुकावटें आ सकती है। छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। व्यवसाय में गुस्से के कारण नुकसान हो सकता है। नए कार्यों की शुरुआत न करें। पुराना रोग वापस उभर सकता है।

मीन — आज साझेदारी वाले व्यापार में धन लाभ होगा। घर का वातावरण काफी सकारात्मक रहेगा। राजनैतिक संबंधों का उत्तम लाभ उठा पायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका पूरा नियंत्रण रहेगा। विदेशों से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। मन लगाकर के अपना काम करें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- होते होते प्यार हो गया — सुबह : 08 .39
- सिंह इज किंग — रात : 09 .43

&pictures
- रंगबाज — सुबह : 11 .02
- गुल मकई — रात : 08 .00

SONY PIX
- द वॉक — सुबह : 11 .52
- द वॉक — रात : 09 .07

ZEE CINEMA
- ड्रीम गर्ल — दोपहर : 12 .46
- द मास्क — शाम : 05 .47

colors CINEPLEX
- बेटिंग राजा — सुबह : 11 .14
- गॉडफादर — शाम : 06 .40

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर पर रात :08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पिता - पेपर कैसा गया?
बेटा - पहला सवाल छूट गया,
तीसरा आता नहीं था,
चौथा करना भूल गया,
पांचवां नजर नहीं आया!
पिता - और सवाल दो?
बेटा - बस सिर्फ वो ही गलत हो गया...

पुलिस (चोर से) : तुम एक ही दुकान में तीन बार चोरी करने क्यों गए?
चोर : सर चोरी तो मैंने पहली बार में ही अपनी पत्नी के लिए ड्रेस चुराकर कर ली थी,
बाकी दो बार तो मुझे सिर्फ उसे बदलने के लिए जाना पड़ा...

अपनी ढपली अपना राग

ये वही कांग्रेस है जिसने काका कालेलकर की रिपोर्ट को दबा कर रखा, मंडल कमीशन का विरोध किया।
– अमित शाह

वे डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को भी खत्म कर देंगे। वोट के अधिकार को बरकरार रखना होगा।
– मल्लिकार्जुन खरगे

400 पार का मतलब देश का गरीबी से मुक्ति, भ्रष्टाचार से मुक्ति है और ऐसा कोई कर सकता है तो वह मोदी की ही कर सकते हैं।
–केशव प्रसाद मौर्या

फ्री राशन से गरीबों का भला नहीं होने वाला। आप जो टैक्स देते हैं ये राशन उससे मिलता है। भाजपा आप पर कोई अहसान नहीं कर रही है। – मायावती

प्रधानमंत्री ने ऐसे काम किए, सोचा न होगा। गरीबों के लिए ये काम केवल वही कर सकता है जिसने गरीबी देखी है।
–दलीप सिंह राणा उर्फ खली

तीसरा चरण: जयवीर व डिंपल समेत कई की प्रतिष्ठा दांव पर

चुनावी रण के लिए तस्वीर लगभग साफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। तीसरे चरण के चुनाव रण में महारथियों की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। इस चरण की दस सीटों पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी मैनपुरी सांसद डिंपल यादव, शिवपाल सिंहस यादव के पुत्र आदित्य व मंत्री जयवीर सिंह समेत दिग्गज प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। चुनाव में जीत को लेकर इनकी प्रतिष्ठा दांव पर लग गई है।

इस चरण की दस सीटों के चुनाव में 104 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें सम्भल में 13, हाथरस (अजा) में 10, आगरा (अजा) में 11, फतेहपुर सीकरी में 10, फिरोजाबाद में सात, मैनपुरी में आठ, एटा में 10, बदायूं में 12, ऑवला में नौ व बरेली में 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं।

2019 में संभल लोकसभा सीट पर सपा के प्रत्याशी डॉ शफीर्कुरहमान बर्क ने 1,74,826 मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी। उन्हें 6,58,006 वोट मिले थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर राव सैनी को हराया था, जिन्हें 4,83,180 वोट मिले थे। इस बार बहुजन समाज पार्टी से शौकत अली, भारतीय जनता पार्टी से परमेश्वर लाल सैनी और समाजवादी पार्टी से डॉ शफीकुर रहमान बर्क प्रमुख उम्मीदवार हैं।

- ऑवला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी से धर्मेन्द्र कश्यप व सपा से नीरज मौर्या चुनावी रण में उतरे हैं। बसपा प्रत्याशी आबिद अली का नामांकन निरस्त हो चुका है।
- हाथरस लोकसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी से अनूप वाल्मिकी, समाजवादी पार्टी से जसवीर बाल्मीकि व बहुजन समाज पार्टी से हेमबाबू धनगर चुनाव मैदान में हैं।
- मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के लिए सपा से डिम्पल यादव दोबारा चुनाव मैदान में उतरी हैं, तो भाजपा ने मंत्री जयवीर सिंह को चुनाव मैदान में उतार दिया है। बहुजन समाज पार्टी से शिव प्रसाद चुनाव मैदान में हैं।
- फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी से राजकुमार चाहर, कांग्रेस से रामनाथ सिंह सिकरवार व बसपा से रामनिवास चुनाव मैदान में हैं।
- एटा क्षेत्र के लिए भाजपा ने राजवीर सिंह को प्रत्याशी बनाया है। सपा से देवेश शाक्य व बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद इरफान एडवोकेट प्रत्याशी हैं।

जयवीर सिंह | डिंपल यादव | आदित्य यादव | राजीव सिंह

- बरेली लोकसभा क्षेत्र में भाजपा व सपा के बीच सीधे मुकाबला है। भाजपा से छत्रपाल सिंह गंगवार, सपा से प्रवीण सिंह ऐरन चुनाव मैदान में हैं, जबकि बसपा के छोटे लाल गंगवार का नामांकन निरस्त हो चुका है।
- बदायूं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा ने दुर्विजय सिंह शाक्य को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि सपा से शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य को चुनाव मैदान में उतारा है। बहुजन समाज पार्टी से मुस्लिम खां प्रत्याशी हैं।
- आगरा (अजा) क्षेत्र के लिए भाजपा ने एसपी सिंह बघेल को चुनाव मैदान में उतारा है। समाजवादी पार्टी से सुरेश चन्द्र कर्दम व बसपा से पूजा चुनाव मैदान में हैं।

2014 में भाजपा ने जीती थी सभी आरक्षित 17 सीटें

आरक्षित सीटों पर कद बढ़ाने की फिराक में बसपा

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जाति बाहुल्य 17 आरक्षित सीटों पर बसपा अपना कद बढ़ाने के लिए दो दशक से प्रयासरत है। इस दौरान संपन्न लोकसभा चुनावों में बसपा कभी भी पांच सीटों से ज्यादा नहीं जीत सकी है। वहीं, 2009 में सपा ने 10 सीटें और 2014 में मोदी लहर के दौरान भाजपा ने सभी 17 सीटों पर अपना वर्चस्व जमाया था। हालांकि 2019 के चुनाव में बसपा ने भाजपा की झोली से दो सीटें झटकी थीं, इसबार सीटों की संख्या बढ़ाने की कोशिश में है।

एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच हो रहे लोकसभा चुनावों में बसपा, आरक्षित सीटों के भरोसे तीसरे मोर्चा बनाने की फिराक में है। हालांकि इसकी धमक बसपा द्वारा प्रत्याशी घोषित होते ही सुनाई भी देती है। बसपा के प्रत्याशी से कुछ सीटों पर एनडीए और सपा-कांग्रेस गठबंधन के तैयार समीकरणों को बिगड़ते नजर आ रहे हैं। इसी रणनीति मोर्चे की सफल बनाने के लिए मायावती ने पश्चिम उप्र. में सभाएं शुरू कर दी हैं। वहीं भाजपा की ओर से पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ ही मुख्यमंत्री योगी की सभाएं ताबड़तोड़ जारी हैं।

बसपा ने प्रदेश की अधिकांश आरक्षित सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं, नगीना सीट से सुरेन्द्र पाल सिंह हैं, जहां पहले चरण में मतदान संपन्न हो चुके हैं। अन्य प्रत्याशियों में बुलंदशहर सीट से गिरीश चंद्र जाटव, शाहजहांपुर में डॉ. दोदराम वर्मा, हाथरस से हेम बाबू धनगर, आगरा से पूजा अमरोही, इटावा से सारिका सिंह बघेल, जालौन में सुरेश चंद्र गौतम को उम्मीदवार घोषित किया गया है। वहीं मोहनलालगंज से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान, कौशाम्बी से शुभ नारायण, राबर्ट्सगंज से धनेश्वर गौतम, लालगंज से डॉ.इंदु चौधरी, मिश्रिख से बीआर अहिरवार, मछलीशहर से कृपा शंकर सरोज, हरदोई से भीमराव आंबेडकर चुनाव मैदान में डटें हैं। बाराबंकी, बहराइच, बांसगांव में प्रत्याशी घोषित होना बाकी हैं।

किसी के साथ भेदभाव नहीं: आंबेडकर

बसपा में लखनऊ मंडल के प्रभारी व हरदोई प्रत्याशी भीमराव आंबेडकर का कहना है कि बसपा के लिए सभी जातियां समान हैं, किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है। आरक्षित सीटों पर अनुसूचित व अनुसूचित जनजाति मतदाताओं की संख्या ज्यादा होती है। पार्टी का प्रयास है कि यह वर्ग कम शिक्षित होता है, इसलिए इन्हें कोई बरगला न सके, इनके वोट की खरीद फरोख्त न हो सके, इसके लिए बसपा सुप्रीमो मायावती वोट के अधिकार को लेकर जनमानस को सजग करती रहती हैं। वहीं देवीपाटन मंडल प्रभारी दिनेश चंद्रा का कहना है हर सीट के लिए अलग रणनीति रहती है, हर सीट पर पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशानुसार कार्यकर्ता मतदाताओं के साथ संवाद कायम किये हुए हैं। जिन सीटों पर प्रत्याशियों की अधिकारिक घोषणा नहीं हुई हैं, वहां भी प्रचार अभियान जारी है।

सपा के गढ़ में पहली बार ईवीएम में नहीं दिखेगी साइकिल

पार्टी के नेता, कार्यकर्ता इंडी गठबंधन के प्रत्याशी का कर रहे प्रचार

इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के खाते में गई है सीट

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार: समाजवादियों का गढ़ कहे जाने वाले बाराबंकी जिले के किसी भी चुनाव में पहली बार ऐसा होने जा रहा है कि ईवीएम में साइकिल चुनाव निशान नहीं दिखेगा।

कभी जिले की छह विधानसभा सीटों को जीतने वाली समाजवादी पार्टी ने इस बार इंडिया गठबंधन के तहत बाराबंकी लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में दी है। ऐसे में यह पहली बार होगा, जब ईवीएम में सपा का चुनाव निशान साइकिल नहीं होगा। हालांकि प्रत्यक्ष रूप से सपा अपने चुनाव चिह्न के साथ मैदान में नहीं है, लेकिन पार्टी के नेता, कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के लिए वोट मांगते नजर आ रहे हैं।

बाराबंकी में वर्षों तक सपा का वर्चस्व रहा। सपा के कर्णधार व कद्दावर नेताओं में शुमार रहे रामसेवक यादव दूसरे लोकसभा चुनाव में 1957 में भले ही निर्दल के रूप में चुनाव जीते थे, लेकिन उन्होंने बाद में सपा को बुलंदियों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। 1996 और 1999 के लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र के लोगों ने रामसागर रावत को सांसद चुना। वहीं कई लोकसभा चुनाव में रनर के रूप में भी सपा के प्रत्याशी रहे। जिनका जीत-हार का अंदर ज्यादा नहीं रहा। परिणाम जो भी रहा हो, सपा हर चुनाव में कोई न कोई प्रत्याशी जरूर उतारती रही है।

भले ही इंडिया गठबंधन के तहत सपा ने प्रदेश भर में अपने 63 प्रत्याशी उतारे हों लेकिन कभी सपा का गढ़ कहे जाने वाली बाराबंकी सीट पर इस बार सपा प्रत्याशी नहीं है। गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के सामने चुनाव लड़ रहे हैं।

कभी सपा ने जीती थी सभी विधानसभा सीटें

2012 के विधानसभा चुनाव में जिले की रामनगर, जैदपुर, हैदरगढ़, कुर्सी, बाराबंकी और दरियाबाद सीट पर साइकिल ने कब्जा जमाया था। जबकि वर्तमान समय में बाराबंकी सीट पर धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव मोदी-योगी लहर में भी लगातार तीसरी बार विधायक बने। रामनगर और जैदपुर सीट पर भी अभी सपा का ही कब्जा है।

2019 में बसपा से गठबंधन में रामसागर थे रनर

पिछले लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी रामसागर रावत रनर रहे थे। इस चुनाव में बसपा से सपा का गठबंधन था। जिसमें यह सीट सपा के खाते में गई थी। उस चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी रामसागर रावत भाजपा के उपेंद्र रावत से 1,10,140 वोटों से पराजित हुए थे। जबकि कांग्रेस तीसरे स्थान पर थी। कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत तक जब्त हो गई थी।

खीरी में जनता ने कभी बाहरी को नहीं दिया महत्व

रोचक रहा है खीरी संसदीय क्षेत्र का इतिहास

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: खीरी संसदीय सीट का इतिहास काफी रोचक रहा है। यहां के मतदाताओं ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों को अलग-अलग समय पर कुल मिलाकर नौ बार मौका दिया। इस क्षेत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यहां की जनता ने कभी किसी बाहरी प्रत्याशी को महत्व नहीं दिया। केन्द्रीय मंत्रिमंडल में अब तक सिर्फ दो नेताओं को ही स्थान मिल सके।

आजादी के बाद इस क्षेत्र से चुने गए कांग्रेस सांसद बाल गोविंद वर्मा को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में स्थान मिला और वर्तमान में अजय मिश्र टेनी को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। अन्य किसी को केन्द्रीय मत्रिमंडल में स्थान नहीं मिल सका।

आजादी के बाद वर्ष 1951 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के रामेश्वर प्रसाद नेवटिया चुनाव जीतकर सांसद बने। वर्ष 1957 के चुनाव में कांग्रेस को पराजय का मुंह देखना पड़ा और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के कुं. खुशवक्त रॉय सांसद बने। इसके बाद वर्ष 1962 से लेकर 1972 तक के चुनावों में कांग्रेस ने अपना वर्चस्व कायम रखा। आपातकाल के बाद वर्ष 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की बुरी तरह हार हुई। कांग्रेस उम्मीदवार बाल गोविंद वर्मा जनता पार्टी के सुरथ बहादुर शाह से चुनाव हार गए।

वर्ष 1980 में फिर लोकसभा चुनाव हुए, जिसमें कांग्रेस के बाल गोविंद वर्मा चुनाव जीते, लेकिन चंद दिनों बाद ही उनका निधन हो गया। उनके स्थान पर कांग्रेस ने उनकी पत्नी ऊर्षा वर्मा को टिकट दिया। ऊषा वर्मा भी लगातार तीन बार सांसद बनीं। 1991 और 1996 के दो चुनावों में लगातार भाजपा उम्मीदवार गेंदनलाल कनौजिया चुनाव जीते। 1998 में बाल गोविंद वर्मा के पुत्र रवि प्रकाश वर्मा सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे और लगातार तीन बार सांसद रहे।

वर्ष 1999 का चुनाव उस समय रोचक हो गया था, जब सीतापुर से वरिष्ठ भाजपा नेता और वित्त मंत्री रहे राजेंद्र प्रसाद गुप्ता चुनाव मैदान में उतरे, लेकिन लोकल को अपनाओ और बाहरी को भगाओ के नारे के बाद वह पराजित होकर सीतापुर लौट गए थे। वर्ष 2004 में भाजपा ने फिर कद्दावर नेता विनय कटियार को चुनाव मैदान में उतारा, लेकिन उस समय भी पैराशूट से उतारे गए प्रत्याशी का मुद्दा बना और वह भी पराजित हो गए थे। वर्ष 2009 के चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस की वापसी हुई और जफरअली नकवी पहली बार चुनाव जीतकर सांसद बने। वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव में लगातार भाजपा के अजय मिश्र टेनी सांसद बने।

स्थानीय को अपनाया

खीरी के मतदाताओं ने हमेशा स्थानीय नेताओं को पसंद किया। हालांकि 1991 और 1996 के दो चुनावों में लगातार जीते भाजपा उम्मीदवार गेंदनलाल कनौजिया शाहजहांपुर के मूल निवासी थे, लेकिन वह लंबे समय तक सीएमओ रहकर जनता के टच में रहे। सेवानिवृत्ति से पहले ही जिले में मकान बिना लिया और बाद में कृषि भूमि खरीदकर खेती करने लगे। इस तरह उनके बाहरी होने का मुद्दा भी नहीं उठाया जा सका था।

नौ बार एक ही परिवार के बने तीन सांसद, इस बार मैदान से बाहर

खीरी लोकसभा चुनाव में तीसरे लोकसभा चुनाव से संसद में प्रवेश करने वाले बाल गोविंद वर्मा समेत उनके परिवार तीन सदस्य कुल मिलाकर नौ बार एक ही संसदीय क्षेत्र से सांसद रहे। बाल गोविंद वर्मा खुद तीन बार, उनकी पत्नी ऊषा वर्मा तीन बार और उनके पुत्र रवि प्रकाश वर्मा तीन बाद लोकसभा सदस्य रहे। कुल मिलाकर नौ बार सांसदी एक ही परिवार में रही, लेकिन इस बार उनका परिवार चुनाव मैदान से बाहर है। हालांकि रवि प्रकाश वर्मा की पुत्री डॉ. पूर्वी वर्मा सपा से टिकट मांग रही थी, लेकिन चुनाव से पहले वह पिता के साथ कांग्रेस में चली गईं। लेकिन गठबंधन के कारण सपा यह सीट छोड़ने को तैयार नहीं हुई। बहरहाल, अब अगर उनका परिवार चुनाव मैदान में नहीं उतरता है तो 62 साल में पहली बार चुनावी लड़ाई के बाहर रहेगा।

2019 के चुनाव का लेखा जोखा



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	अजय मिश्र टेनी	3,98,578
बसपा	अरविन्द गिरि	2,88,304
कांग्रेस	जफर अली नकवी	1,83,940
सपा	रवि प्रकाश वर्मा	1,60,112

2014 में किसको कितने वोट



2014 नोटा 12,031 | 2019 नोटा 8,750

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1951	रामेश्वर प्रसाद नेवटिया	कांग्रेस
1957	कुशवक्त राय	प्रजा सोशलिस्ट पार्टी
1962,67 व 71	बालगोविंद वर्मा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	सुरथ बहादुर शाह	जनता पार्टी
1980	बालगोविंद वर्मा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1980, 84 व 89	उषा वर्मा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1991 व 96	गेंदन लाल कनौजिया	भारतीय जनता पार्टी
1998, 99 व 04	रवि प्रकाश वर्मा	समाजवादी पार्टी
2009	जफर अली नकवी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2014 व 19	अजय मिश्र टेनी	भारतीय जनता पार्टी

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	जफर अली नकवी	184,982
बसपा	इल्यास आजमी	176,205
भाजपा	अजय कुमार	162,850
सपा	रवि प्रकाश वर्मा	153,491

2024

कुल मतदाता	18,62,469
पुरुष मतदाता	9,87,644
महिला मतदाता	8,74,783
थर्ड जेंडर	42



गेहूं की जगह देंगे मुफ्त आटा : राजेन्द्र चौधरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं को आश्वासन दिया है कि वह मुफ्त राशन में गेहूं की जगह आटा देंगे। यह आटा देश की सबसे अच्छी कम्पनियों के आटे के मुकाबले का होगा। इसके लिए मंडियों के पास ही अत्याधुनिक तकनीकी वाला 'आटा प्लांट' लगाएंगे जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार भी मिलेगा। रविवार को जारी एक बयान में राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि, सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा आटा-डाटा का अधिकार शीर्षक से अपने चुनावी घोषणा पत्र में यह भी दावा किया है कि हर राशनकार्ड धारक परिवार को 500 रुपये का मोबाइल डाटा भी मुफ्त दिया जाएगा। इस तरह हर राशन कार्ड धारक को आटा के साथ डाटा का अधिकार भी मुफ्त मिलेगा।

इलेक्शन बायस्कोप

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों का प्रचार राजधानी में दिन प्रतिदिन तेज होता जा रहा है, इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी का प्रचर करता वाहन ।

नुक्कड़ सभाओं में गिनाईं भाजपा सरकार की उपलब्धियां

लखनऊ: लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के पक्ष में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में प्रचार शुरू कर दिया है। रविवार को विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर सरकार की उपलब्धियां बताईं। राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा ने प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने की बात कही। शर्मा ने पश्चिम विधानसभा और नौबस्ता में सभाएं की। जबकि लोकसभा संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा ने पूर्व विधानसभा के शंकर पूर्व द्वितीय वार्ड में, विधायक डॉ. नीरज बोरा ने महामंत्री राम अवतार कनौजिया के साथ उत्तर विधानसभा के त्रिवेणी नगर वार्ड स्थित 60 फुटा रोड पर और हुसैनाबाद वार्ड में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस दौरान नौबस्ता सभा में अंजनी श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, पार्षद अनूप कमल सक्सेना, मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा, कृष्ण प्रताप सिंह, अरविंद शुक्ला आदि मौजूद रहे।

सात बार बदले महावत . . .

फिर भी अमेठी में मंजिल पर नहीं पहुंचा बसपा का हाथी

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर रायबरेली

अमृत विचार। अमेठी में 'हाथी' ने आगे बढ़ने की कोशिश तो बहुत की, उसकी चाल को तेज करने के लिए हर चुनाव में 'महावत' भी बदले गए, लेकिन 'हाथी' मंजिल तक नहीं पहुंच सका। यहां अब तक बहुजन समाज पार्टी से चुनावी रणभूमि में उतरे सभी प्रत्याशियों को पराजय ही मिली है।

अमेठी में अब तक 07 बार चुनावी रणभूमि में उतरी बसपा ने कोशिश तो बहुत की लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। यहां तक कि बसपा संस्थापक कांशीराम 1989 के चुनाव में राजीव गांधी से मुकाबला करने के लिए स्वयं चुनावी रणभूमि में उतरे। लेकिन 25400 वोट पाकर वो तीसरे नंबर पर रहे। उसके बाद 1996 के चुनाव में बसपा ने चौधरी मोहम्मद ईशा, 1998 में मोहम्मद नईम, 1999 में पारस नाथ मौर्य को उतारा गया लेकिन तीनों ही चुनाव में बसपा तीसरे नंबर पर रही। 2004 के चुनाव में बसपा तीसरे से दूसरे नंबर पर गई। राहुल गांधी का मुकाबला करते हुए बसपा प्रत्याशी चंद्र प्रकाश मिश्रा मटियारी को 99326 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे। 2009 में भी बसपा प्रत्याशी आशीष शुक्ला भी 93997 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे।

स्मृति के आने पर तीसरे नंबर पर पहुंची बसपा

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। 2004 और 2009 के चुनाव में राहुल गांधी को चुनौती देकर दूसरे नंबर पर रही बसपा 2014 में भाजपा से केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी के आने से फिर तीसरे नंबर पर पहुंच गई। 2014 में मुख्य लड़ाई भाजपा और कांग्रेस में हो गई जिससे बसपा प्रत्याशी धर्मेंद्र प्रताप सिंह 57716 वोट पाकर फिर तीसरे नंबर पर चले गए। वहीं 2019 में बसपा ने अपना प्रत्याशी ही नहीं उतारा।

- पार्टी के संस्थापक कांशीराम भी उतर चुके हैं 1989 के चुनाव में, तीसरे नंबर पर रहे

बसपा प्रत्याशी की नहीं हुई घोषणा

2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भले कुछ ही दिन बचे हैं लेकिन अभी तक बसपा ने अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। बसपा अपना प्रत्याशी उतारेगी या नहीं, ये आने वाले समय में ही पता चलेगा।

चुनावी चक्कर

- **भाजपा पर मायावती के तेवर देख बजी तालियां :** लोकसभा चुनाव में का मौका हर राजनीतिज्ञ को इतना मुखर कर देता है कि खुलकर उसकी मनोभावनाएं सामने आने लगती हैं। चुनाव से पहले कई मौकों पर चुप्पी साध लेने के कारण भाजपा की बी टीम होने आरोप झेल चुकी बसपा की मुखिया मायावती इन दिनों चुनाव प्रचार करते हुए भाजपा पर भी तीखे हमले से करने से पीछे नहीं हट रहीं। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि गरीबों और किसानों का जो हाल कांग्रेस के समय था, वही भाजपा के समय है। जैसे कांग्रेस ने इनका अहित किया वैसे भाजपा भी कर रही है। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा की करनी और कथनी में भी बड़ा अंतर है।
- **आखिर कहना क्या चाहते हैं जयंत चौधरी? :** यहां भी चुनाव के मौके पर नेता के मुखर हो जाने वाला उदाहरण है। राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी जब मथुरा से भाजपा की उम्मीदवार हेमा मालिनी का प्रचार करने पहुंच तो उन्होंने कहा, मैं भी बचपन से हेमा मालिनी जी का फैन था। फिर हेमा जी 2009 में मेरे चुनाव प्रचार में आईं, मुझे नहीं पता था कि हम फिर आमने-सामने होंगे। 15 साल हो गए तो अगर मेरी और हेमा जी की कोई फिल्म बनती तो उसका टाइटल होता ''15 साल बाद'' क्योंकि आज फिर से 15 साल बाद मैं इनके लिए प्रचार करने आया हूं।

एक नजर

गुरुग्राम में दीवार गिरने से दो लड़कियों समेत पांच लोगों की मौत

गुरुग्राम। हरियाणा के गुरुग्राम में शनिवार रात श्मशान घाट की दीवार गिरने से दो लड़कियों सहित पांच लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को बताया कि दीवार के सहारे लकड़ियां खड़ी थी, जिस कारण कल रात दीवार झुककर गिर गई। दीवार के गिरने से उसके समीप बैठे कुछ लोग और पास में खेल रहे बच्चे इसमें दब गए। मृतकों की पहचान तान्या (11), खुशबू (10), देवी दयाल (70), मनोज गाबा (54) और कृष्ण कुमार (52) के रूप में की गई है। घटना की जानकारी प्राप्त होती ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

हिमाचलः डरावने वीडियो दिखाकर नाबालिग से दुष्कर्म, सोशल मीडिया पर डाली अश्लील फोटो

ऊना। हिमाचल प्रदेश के थाना अंब के गांव की 17 वर्षीया नाबालिग को डरावने वीडियो को दिखाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं युवक ने नाबालिग की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह किराए की दुकान में सिलाई करती हूं। दुकान के पास एक युवक भी काम करता था। आरोप है कि उसकी गैरमौजूदगी में युवक ने बेटी को डरावने वीडियो दिखाकर शारीरिक संबंध बनाए। तीन वर्षों से आरोपी बंदूकों की तस्वीरें व चाकू आदि दिखाकर, डरा-धमकाकर व प्रताड़ित करके गलत काम किया। हजारों रुपये भी पुत्री से लिए हैं। आरोपी ने गलत काम करते हुए फोटो भी ली थी। जब बेटी ने युवक को रोका, तो उसने शनिवार को इंस्टाग्राम पर बेटी की अश्लील फोटो डाल दी। अंब एसपी वसूधा सूद ने बताया कि शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पुंछ में सरकारी शिक्षक हैंड ग्रेनेड, पाक निर्मित पिस्तौल साथ गिरफ्तार

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आगामी चुनाव से पहले पुलिस ने सरकारी शिक्षक को ग्रेनेड और पाकिस्तान निर्मित पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि सूचना पर कार्रवाई करते हुए सेना, पुलिस और पुंछ के विशेष ऑपरेशन समूह की टीम ने हरि बुद्ध इलाके में संयुक्त अभियान चलाया। कमरउद्दीन नामक पंजीकृत ओवर-ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू), जो सरकारी स्कूल में हेडमास्टर है, उसके घर से पाक निर्मित पिस्तौल और ग्रेनेड के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि जब्त हथियारों का उपयोग आगामी चुनाव में गड़बड़ी फैलाने के लिए किए जाने का संदेह है। पुलिस ने कहा कि अभी तलाशी चल रही है।

ऋण अधिकारी सहित दो गिरफ्तार

भरतपुर। राजस्थान में धौलपुर के आंगई थाना क्षेत्र में निजी फाईनेंस कंपनी की जमा राशि को हड़पने के लिए लूट की झूठी साजिश रचने वाले ऋण अधिकारी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। स्पन्दना स्फूर्ति फाईनेंस लिमिटेड शाखा बाड़ी में ऋण अधिकारी के पद पर काम करने वाले सायपुर, डहरा मोड थाना लखनपुर जिला भरतपुर निवासी लोकेश जाटव ने 16 अप्रैल को आंगई क्षेत्र के कुछ गांवों से फाइनेन्स का पैसा जमा कर आंगई से बाडी आते समय चिलाचैद टोल से आगे अपने साथ बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों द्वारा एक लाख पांच हजार 750 रुपयों को लूट ले जाने की सूचना कम्पनी को दी गई। कम्पनी के प्रबंधक प्रदीप नरूका ने पुलिस में मामला दर्ज कराया था।

1.40 करोड़ की अफीम के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

चतरा (झारखंड)। झारखंड के चतरा जिले में 50 वर्षीय व्यक्ति और उसके बेटे को 1.40 करोड़ मूल्य की अफीम के साथ पकड़ा गया है। सिमरिया के पुलिस उपाधीक्षक अजय कुमार ने रविवार को बताया कि गिद्धौर पुलिस थाना क्षेत्र के बारली टोला में मवेशियों को रखने के स्थान पर छिपा कर रखी 28 किग्रा अफीम जब्त कर महेंद्र डांगी और उसके बेटे दीपेंद्र को गिरफ्तार किया गया है।

भाजपा संविधान बदलना चाहती है: प्रियंका

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव ने किया केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार

राजनांदगांव, एजेंसी

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने रविवार को कहा कि संविधान हमें सभी अधिकार देता है और भाजपा संविधान को बदलना चाहती हैं। गांधी ग्राम मोहड़ में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पांच साल तक यह कांग्रेस की सरकार रही, भूपेश बघेल ने काम किया। कांग्रेस सरकार में भूमिहीन लोगों को न्याय मिला, आगनबाड़ी की मितानिनों का मानदेय बढ़ाया गया, गोबर खरीदा गया। कांग्रेस सरकार में किसानों का कर्ज माफ किया गया। धान का समर्थन मूल्य बढ़ा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाया गया।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में बेरोजगारी, महंगाई बढ़ रही है। कांग्रेस की सभी योजनाओं को भाजपा सरकार ने बन्द कर दिया। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में बेरोजगारी क्यों खत्म नहीं की, 10 सालों में महंगाई क्यों कम नहीं हुई, महिलाओं पर आत्याचार हुआ, अपने क्यों कुछ नहीं किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इतने बड़े नेता हैं कि चुटकी बजाकर युद्ध रोक देते हैं तो महंगाई कम क्यों नहीं करते है। मोदी सरकार ने बड़े- बड़े उद्योगपतियों के 16 हजार करोड़ माफ़ कर दिया, किसान रो रहा था। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता कहते हैं हमें पांच साल और दो संविधान बदल देंगे, इसका क्या मतलब है, संविधान हमें अधिकार देता है, आजादी देता है, इस लोगों ने संविधान के लिए खून बहाया है, ये नेता इसी संविधान को बदलना चाहते हैं।

रेलवे बचाना है तो मोदी को हटाना होगाः राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार रेलवे को अयोग्य साबित कर उसे अपने मित्रों को बेचने का बहाना खोज रही है। उन्होंने रेलवे को बचाने के लिए मोदी को हटाने का अनुरोध किया। राहुल ने सरकार पर निशाना साधने के लिए 'एक्स' पर वीडियो साझा किया, जिसमें लोग ट्रेन के शौचालयों में और फर्श पर बैठकर यात्रा करते दिख रहे हैं। उन्होंने पोस्ट में कहा कि नरेन्द्र मोदी के राज में रेल का सफर सजा बन गया है। ट्रेनों से जनरल डिब्बे कम कर सिर्फ एलीट ट्रेनों का प्रचार कर रही मोदी सरकार में हर वर्ग का यात्री प्रताड़ित है। उन्होंने दावा किया कि लोग कन्फर्म टिकट लेकर भी सीट पर चैन से बैठ नहीं पा रहे, लोग जमीन पर और शौचालय में छिपकर यात्रा करने को मजबूर हैं। अगर आम आदमी की सवारी को बचाना है तो रेलवे को बर्बाद करने में जुटी मोदी सरकार को हटाना होगा।

मोदी सरकार में मजदूरों के वेतन में अभूतपूर्व गिरावट, गठबंधन में होगी उच्च वृद्धिः कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में महंगाई को समायोजित करने के बाद मजदूरों के वेतन में अभूतपूर्व गिरावट हुई है। इंडी गठबंधन देश को उच्च वृद्धि पथ पर वापस ले जाएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार के आधिकारिक आंकड़ों सहित आंकड़ों के कई स्रोत एक मत से इस तथ्य को दर्शाते हैं कि श्रमिकों की खरीद क्षमता आज 10 साल पहले की तुलना में कम है। धीमी वेतन वृद्धि और महंगाई से मजदूरी में अभूतपूर्व गिरावट हुई है। श्रम ब्यूरो का वेतन दर सूचकांक (सरकारी आंकड़ा) के अनुसार 2014 और 2023 के बीच, मजदूरी स्थिर रही है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में वास्तविक मजदूरी में स्पष्ट रूप से गिरावट आई है।

मंडल आयोग का विरोध करने वाली कांग्रेस से राजद ने मिलाया हाथः शाह

कटिहार, एजेंसी

● कटिहार में अमित शाह ने कांग्रेस और राजद पर साधा निशाना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने पिछड़े समुदायों को आरक्षण देने के लिए गठित मंडल आयोग की सिफारिशों का विरोध करने वाली कांग्रेस से हाथ मिला लिया है।

कटिहार से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार दुलाल चंद्र गोस्वामी के समर्थन में चुनावी रैली में शाह ने कहा कि कांग्रेस ने पिछड़े वर्ग का अपमान किया है। कांग्रेस ने वर्षों तक मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध किया। अब राजद ने कांग्रेस से हाथ मिला लिया है, लेकिन हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे संवैधानिक मान्यता दी और पिछड़े वर्ग के लोगों को सम्मान दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने परिवारवाद, जातिवाद, तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म किया। उन्होंने कांग्रेस और राजद दोनों को विकास विरोधी बताते हुए आरोप लगाया कि राजद जंगलराज का प्रतीक है। कांग्रेस और राजद को वोट देने का मतलब है कि लोगों को दंगों का सामना करने के लिए तैयार रहना.... जबकि डबल इंजन सरकार को वोट देने का मतलब विकास है।

क्या कांग्रेस अपने झंडे से भगवा रंग हटाएगीः मोहन

भोपाल। दूरदर्शन न्यूज के लोगो का रंग बदले जाने पर विपक्षी दलों की आपत्तियों के बीच, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को सवाल किया कि क्या कांग्रेस अपने झंडे से भगवा रंग हटाने की हिम्मत करेगी। वामपंथी और विपक्षी दल यह नहीं समझते कि भगवा त्याग का प्रतीक है और सूर्य संस्कृति का वाहक है। दूरदर्शन न्यूज के लोगोका रंग लाल से नारंगी (रंग) करने पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष ने इसे पूरी तरह से अवैध बताया है।

उलगुलान न्याय महारैली में दो गुटों के कार्यकर्ता आपस में भिड़े

रांची, एजेंसी

● घटना में घायल हुए कांग्रेस उम्मीदवार के भाई ने कहा- मारपीट करने वाला भाजपा का एजेंट

झारखंड के रांची में इंडी गंठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली में कार्यकर्ताओं की भीड़ में दो गुटों में झड़प हो गयी है, जिसमें चतरा से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई घायल हो गए। घटना के बाद उनको अस्पताल ले जाया गया।

इंडी गठबंधन के दिग्गज नेताओं के मंच पर आने के बाद संबोधन शुरू हुआ तभी विभिन्न इलाकों से आए दो गुटों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए और हाथ में जो आया उसी से दे मारा। कार्यकर्ताओं ने कुर्सियों को भी तोड़ डाला। इस घटना में केएन त्रिपाठी के भाई समेत कई लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि जिन्हें चोट लगी है उसका नाम गोपाल है। इस दौरान जब उन्हें घटनास्थल से बाहर ले जाया जा रहा था तब उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मारपीट करने वाला भाजपा का एजेंट है। मारपीट करने वाले को भी पुलिस ने पकड़ लिया है।

इस रैली में यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, भाकपा माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य, सांसद संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल की पत्नी, पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुला, प्रियंका चतुर्वेदी के अलावा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना के साथ कई नेता उपस्थित थे।

भाजपा ने गठबंधन की रैली में हुई झड़प को जंगल राज बताया

नई दिल्ली। भाजपा ने रांची में विपक्षी गठबंधन की रैली में हुई झड़प को लेकर कटाक्ष करते हुए इसे जंगल राज का प्रदर्शन करार दिया और कहा कि विपक्षी दलों के कार्यकर्ता इसलिए भिड़े क्योंकि उनके पास देश के लिए कोई साझा दृष्टिकोण नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने वीडियो संदेश में लोगों से चुनाव में मतदान करते समय उम्मीदवारों को अपनी पसंद से चुनने में बहुत सावधान रहने के लिए कहा। प्रवक्ता ने कहा रांची में की रैली में उनके कार्यकर्ताओं द्वारा एक-दूसरे पर कुर्सियां, मेज, स्टूल और लाठियां फेंकी गईं।

आरोपी के पिता ने नेहा के परिजनों से माफी मांगी

हुबली छात्रा नेहा हत्याकांड

हुबली (कर्नाटक), एजेंसी

हुबली में कॉलेज परिसर में कांग्रेस के पार्षद की बेटी की हत्या करने वाले फैयाज के पिता ने पीड़ित परिवार से माफी मांगी है और अपने बेटे को सख्त सजा देने की मांग की है।

स्कूल शिक्षक एवं फैयाज के पिता बाबा साहेब सुबानी ने कहा कि उन्हें घटना के बारे में पता चला और वह अपने बेटे के कृत्य से टूट गए हैं। उन्होंने कहा कि फैयाज को ऐसी सजा दी जाए कि भविष्य में कोई भी ऐसी हरकत करने की हिमाकत न करे। मैं हाथ जोड़कर नेहा के परिवार से माफी मांगता हूं। वह मेरी बेटी की तरह थी। वह और उनकी पत्नी छह साल से अलग रह रहे हैं और फैयाज अपनी मां के साथ रहता था तथा जब भी उसे पैसों की जरूरत होती थी तो वह उन्हें फोन करता था। उन्होंने तीन महीने पहले अपने बेटे से बात की थी।

पुलिस ने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर दो युवकों को पकड़ा

हुबली। पुलिस ने नेहा हिरेमथ की फैयाज खोंदुनाइक द्वारा हत्या किए जाने को सोशल मीडिया पर न्यायोचित ठहराने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों धारवाड़ के रहने वाले हैं। हिंदू समर्थक कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि दोनों ने सोशल मीडिया पर दावा किया है कि नेहा और फैयाज में प्रेम संबंध था। दोनों आरोपियों ने नेहा और फैयाज की तस्वीरें पोस्ट कीं और लिखा, नेहा फैयाज का सच्चा प्यार, प्यार के लिए न्याय। हुबली-धारवाड़ नगर निगम के कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ (23) की 18 अप्रैल को बीवीबी कॉलेज के परिसर में कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। वह एमसीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी जबकि फैयाज उसका पूर्व सहपाठी है। पुलिस ने घटनास्थल से फरार हुए फैयाज को गिरफ्तार कर लिया था। इस घटना से उत्पन्न आक्रोश के बीच हुबली, धारवाड़ और कई अन्य स्थानों पर लोगों ने प्रदर्शन किया।

मणिपुर के 11 केंद्रों पर 22 को पुनर्मतदान

इंफाल, एजेंसी

चुनाव आयोग ने मणिपुर संसदीय क्षेत्र के 11 केंद्रों पर 22 अप्रैल को फिर से मतदान का आदेश दिया है। इंडिया समूह की अगुवाई कर रही कांग्रेस ने आयोग से शिकायत दर्ज की थी और 47 केंद्रों पर पुनर्मतदान करने की मांग की थी। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि हथियारबंद लोगों ने चुनाव अधिकारियों पर हावी होकर एक खास उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया था। खुरई विस क्षेत्र में मोइरंगकम्पु साजेब उच्च प्राथमिक विद्यालय, एस इबोबी प्राथमिक विद्यालय, खुरई थांगजाम लीकाई, क्षेत्रीगाओ विस क्षेत्र में बामन कंपू उच्च प्राथमिक विद्यालय, पायनियर अकादमी, बामन कंपू, रिलबुंग उच्च विद्यालय (उत्तरी विंग), बामन कंपू (दक्षिण पश्चिम), इरिलबुंग उच्च विद्यालय, बामन कंपू, थोंगजू एसी में नेशनल चिल्ड्रेन स्कूल, खोंगमान जोन, उरीपोक विस क्षेत्र में इरोइसेम्बा उच्च प्राथमिक विद्यालय, इरोइसेम्बा यूपीएस और इरोइसेम्बा यूपीएस और कोंथौजम विस क्षेत्र में खैदेम प्राथमिक विद्यालय, खैदेम माखा केंद्र शामिल हैं। मणिपुर में पहले चरण में दोनों सीटों के 47 विस क्षेत्रों में 72.17 प्रतिशत मतदान हुआ।

कांग्रेस ने वाडियार के खिलाफ आयोग में दर्ज कराई शिकायत

बेंगलुरु। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भाजपा के मैसुरु-कोडागु लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। कमेटी ने उन पर आचार संहिता के उल्लंघन और रिश्वतखोरी का आरोप लगाया है। शनिवार को कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में कमेटी ने आरोप लगाया कि वाडियार ऐसे कार्यों में संलिप्त रहे हैं जो आचार सहिंता का उल्लंघन करते हैं और जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता के लिए गंभीर खतरा पैदा होता है। वाडियार ने समर्थन के लिएसोशल मीडिया मंचों पर बातचीत की।

कारोबार/कृषि

यूएसएफडीए ने की नैटको फार्मा की खिंचाई

नई दिल्ली। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक के अनुसार नैटको फार्मा अपने तेलंगाना स्थित संयंत्र में उचित अंतराल पर साफ-सफाई रखने, उपकरणों और बर्तनों को कीटाणुरहित करने में विफल रही। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने कंपनी को भेजे पत्र में कहा कि उसके जांचकर्ताओं ने तेलंगाना के कोथुर गांव में स्थित दवा संयंत्र में विभिन्न उल्लंघन देखे हैं।

अल्ट्राटेक ने ग्राइंडिंग यूनिट का किया अधिग्रहण

नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट से 315 करोड़ में ग्राइंडिंग यूनिट का अधिग्रहण की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि वह दो इकाइयों की क्षमता बढ़ाने के लिए 504 करोड़ का निवेश करेगी। अल्ट्राटेक ने शेयर बाजार को बताया कि 315 करोड़ में इंडिया सीमेंट से महाराष्ट्र के परली में कैप्टिव रेलवे साइडिंग के अलावा 11 लाख टन क्षमता वाली ग्राइंडिंग के अधिग्रहण को मंजूरी दी है।

प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.7% बढ़कर 19.58 लाख करोड़, अनुमान से कहीं अधिक

कर विभाग ने कहा- बजट से 1.35 लाख करोड़ और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ अधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये हो गया। कर विभाग ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है। आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपये अधिक रहा। प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है।

वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही। प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी हुआ। 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया। अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है।

सकल संग्रह 23.37 लाख करोड़ रुपये

रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपये रहा। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है। 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपये हो गया। 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये से 10.26 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है।

हाइब्रिड म्यूचुअल फंड की वापसी, 1.45 लाख करोड़ का निवेश आया

नई दिल्ली। हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाओं में 2023-24 में वापसी की। इसमें बीते वित्त वर्ष 1.45 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया। इससे पहले वित्त वर्ष 2022-23 में शुद्ध निकासी देखी गई थी। परिसंपत्ति में वृद्धि निवेशकों की संख्या बढ़ने से हुई। मार्च, 2024 में निवेशकों की संख्या 1.35 करोड़ तक पहुंच गई, जो इससे एक साल पहले 1.21 करोड़ थी। इससे हाइब्रिड कोषों के प्रति निवेशकों के रुझान का पता चलता है। हाइब्रिड फंड, म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं जो आमतौर पर इक्विटी और ऋण प्रतिभूतियों के संयोजन में और कभी-कभी सोने जैसी अन्य परिसंपत्ति श्रेणियों में निवेश करती हैं। 2023-24 की शुरुआत से ऋण वाले कोषों के लिए कराधान में बदलाव के बाद से ये श्रेणी नियमित निवेश को आकर्षित कर रही है।

निवेशकों ने 5,200 करोड़ से अधिक की इक्विटी बेची

नई दिल्ली, एजेंसी

● मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव के कारण बढ़ी चिंता

मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव को लेकर चिंताओं के कारण विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ रुपये से अधिक की घरेलू इक्विटी बेच दी है। मॉरीशस अब उसके माध्यम से यहां किए निवेश की पड़ताल करेगा।

मार्च में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का चौंका देने वाला शुद्ध निवेश आया था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (19 अप्रैल तक) भारतीय इक्विटी में 5,254 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के सहायक निदेशक (शोध प्रबंधक) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि एफपीआई की निकासी का प्रमुख कारण मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव था, जो अब उसके माध्यम से भारत में किए गए निवेश की अधिक जांच करेगा।

उन्होंने कहा कि दोनों देश दोहरे कराधान बचाव समझौते (डीटीएए) में संशोधन करने वाले एक प्रोटोकॉल पर आम सहमति पर पहुंच गए हैं। प्रोटोकॉल निर्दिष्ट करता है कि कर राहत का उपयोग किसी अन्य देश के निवासियों के अप्रत्यक्ष लाभ के लिए नहीं किया जा सकता है। वास्तव में, मॉरीशस की संस्थाओं के माध्यम से भारतीय बाजारों में निवेश करने वाले अधिकांश निवेशक अन्य देशों से हैं। कुल मिलाकर, इस वर्ष अब तक इक्विटी में कुल निवेश 5,640 करोड़ रुपये और ऋण बाजार में 49,682 करोड़ रुपये रहा है।

विश्व बैंक, आईएमएफ बैठकों में जलवायु वित्त पर सुस्त प्रगति

नई दिल्ली, एजेंसी

● अजरबैजान में सीओपी-29 में सामूहिक मात्रात्मक पर होनी है चर्चा

विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं।

इस साल अजरबैजान में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (सीओपी-29) में सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) या नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर चर्चा होनी है। एनसीक्यूजी वह नई राशि है, जिसे विकसित देशों को 2025 से हर साल विकासशील देशों में जलवायु कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जुटाना होगा। अमीर देशों से उम्मीद की जा रही है कि वे 2020 से हर साल 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक जुटाएंगे, लेकिन वे विफल रहे। विश्लेषण से पता चला है कि विकासशील देशों में वित्तीय प्रवाह 2023 में नकारात्मक हो गया। बैठकों के दौरान जी7 और जी20 के वित्त मंत्रियों के बीच जलवायु और विकास उद्देश्यों के लिए विकासशील देशों को वित्त मुहैया कराने पर चर्चा हुई।

यूपीआई बाजार 30% तक सीमित किए जाने का उद्योग जगत को इंतजार

नई दिल्ली। भुगतान उद्योग को एनपीसीआई द्वारा यूपीआई बाजार हिस्सेदारी को 30 प्रतिशत तक सीमित करने का इंतजार है। ऐसा करने की विस्तारित समय सीमा एक जनवरी के पास आने के साथ ही उद्योग जगत की अन्य कंपनियां बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की तैयारी कर रही हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने दिसंबर 2022 में तीसरे पक्ष के यूपीआई डिजिटल भुगतान लेन-देन में 30 प्रतिशत की समयसीमा को दो साल बढ़ाकर दिसंबर 2024 कर दिया था। गूगल पे और फोनपे जैसे तीसरे पक्ष के ऐप प्रदाताओं (टीपीएपी) के पास यूपीआई आधारित लेन-देन में 85 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एनपीआई एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) का संचालन करता है। सूत्रों ने कहा कि एक विकल्प यह हो सकता है कि यूपीआई लेनदेन में 30 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी रखने वालों के लिए नए ग्राहकों को जोड़ना बंद कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि इसे चरणबद्ध तरीके से किया जा सकता है ताकि उपयोगकर्ताओं पर कोई प्रभाव न पड़े।

बीमा नियामक इडराई ने स्वास्थ्य बीमा उत्पाद पर आयु प्रतिबंध को हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारतीय बीमा नियामक का लक्ष्य अधिक समावेशी और सुलभ पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना

बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा नियामक इरडाई ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है।

स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को खरीदने पर अधिकतम आयु प्रतिबंध को समाप्त करके भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) का लक्ष्य अधिक समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है, जो अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करता है। पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। गजट अधिसूचना में इरडाई ने कहा कि बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बीमा उत्पादों की पेशकश करें। बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं। चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य पॉलिसियां प्रदान करने का आदेश दिया गया है।

एप्पल भारत में तीन साल में पांच लाख लोगों को दे सकता है रोजगार

नई दिल्ली। आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल अपने विक्रेताओं के माध्यम से अगले तीन साल में भारत में पंच लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे सकती है। फिलहाल एप्पल के विक्रेता और आपूर्तिकर्ता 1.5 लाख लोगों को रोजगार देते हैं। एप्पल के लिए दो संयंत्र चलाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि एप्पल भारत में नियुक्तियों में तेजी ला रहा है। पुराने अनुमान के अनुसार, यह अपने विक्रेताओं और कलपुर्जे आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से अगले तीन साल में पांच लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है। इस संबंध में एप्पल ने कोई बयान नहीं दिया। एप्पल की अगले चार-पांच साल में भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (3.32 लाख करोड़) करने की योजना है। बाजार शोध कंपनी काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, एप्पल ने पहली बार 2023 में सबसे अधिक राजस्व के साथ भारतीय बाजार में सबसे आगे रही, जबकि सैमसंग मात्रा के मामले में शीर्ष पर रही।

संसदीय चुनाव में मुइज्जू की साख दांव पर

माले एजेंसी

- मालदीव में मतदान पर भारत की करीबी नजर, केरल में बने 3 बूथ

मालदीव में आज संसदीय चुनाव हो रहे हैं। ये चुनाव मौजूदा राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के लिए काफी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि, मुइज्जू की भारत विरोधी नीति को लेकर वहां के लोगों की राय भी सामने आएगी। मालदीव के चुनाव पर भारत और चीन की भी नजर है, क्योंकि दोनों देश द्वीपसमूह राष्ट्र में प्रभाव जमाना चाहते हैं। संसदीय चुनाव के लिए 3 बूथ भारत में भी बनाए गए हैं।

मुइज्जू ने चुनाव 'इंडिया आउट' के अभियान के तहत लड़ा था। बता दें कि मालदीव के चुनाव के नतीजे देर रात आ सकते हैं। मालदीव हिंद महासागर में रणनीतिक तौर पर अहम जगह पर स्थित है, जिस कारण भारत और चीन दोनों इस पर प्रभाव जमाना चाहते हैं। पिछले साल राष्ट्रपति के रूप में मुइज्जू ने भारत

रविवार को मतदान केंद्र पर वोट डालते राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू।

और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता को तेज कर दिया था।

मुइज्जू ने चीन समर्थक रुख अपनाया था और देश के एक द्वीप पर तैनात भारतीय सैनिकों को हटाने का काम किया। संसद में बहुमत हासिल करना मुइज्जू के लिए कठिन होगा, क्योंकि उनके कुछ सहयोगी अलग हो गए हैं और अधिक पार्टियां दौड़ में शामिल हो गई हैं। छह राजनीतिक दल और स्वतंत्र समूह संसद की 93 सीटों के लिए 368 उम्मीदवार मैदान में उतार रहे हैं। जनसंख्या वृद्धि के समायोजन के बाद यह पिछली संसद की तुलना में छह सीटें अधिक है।

चुनाव में लगभग 2 लाख 84 हजार लोग मतदान करेंगे और देर रात नतीजे आ सकते हैं। राष्ट्रपति पद के लिए मुइज्जू के चुनाव अभियान का विषय "इंडिया आउट" था, जिसमें उन्होंने पिछले राष्ट्रपति पर भारत को बहुत अधिक प्रभाव देकर राष्ट्रीय संप्रभुता से समझौता करने का आरोप लगाया। मालदीव में कम से कम 75 भारतीय सैन्यकर्मी तैनात थे, जिन्हें मुइज्जू ने हटा दिया। सैनिकों का काम भारत द्वारा दान किए गए दो विमानों का संचालन करना और समुद्र में फंसे या आपदाओं का सामना करने वाले लोगों के बचाव में सहायता करना था।

श्रीलंका में रेसिंग के दौरान कार ने दर्शकों को कुचला, 7 की मौत

कोलंबो। श्रीलंका के उवा प्रांत में रविवार को एक मोटर कार रेसिंग कार्यक्रम के दौरान बड़ा हादसा हो गया। इस दौरान एक कार ने दर्शकों को कुचल दिया। दुर्घटना में एक बच्चे सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। इस दौरान 23 अन्य गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना तब हुई, जब दियाथलावा के सेंट्रल हिल रिसॉर्ट में रेसिंग आयोजित किया जा रहा था। इस दौरान इसमें हिस्सा लेने वाली एक बार ट्रैक से उतर गई और दर्शकों को कुचलते हुए आगे बढ़ गई। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और 23 गंभीर रूस से घायल हैं। पुलिस प्रवक्ता निहाल थल्डुवा ने कहा कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नाबालिग की गर्भावस्था को समाप्त करने की मांग...सुप्रीम सुनवाई आज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को 14 वर्षीय कथित दुष्कर्म पीड़िता की 28 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ सोमवार को पहले मामले पर सुनवाई करेगी।

- मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए 24 सप्ताह रखी गई है। इनमें बलात्कार पीड़िताओं और कुछ अन्य महिलाओं जैसे कि विकलांग और नाबालिग को शामिल किया गया है।
- अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी कोर्ट में केंद्र सरकार की ओर से पेश हुईं। पीठ ने मुंबई के सायन अस्पताल से पीड़िता की शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति के बारे में रिपोर्ट मांगी थी। पीठ ने कहा था कि अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एक मेडिकल बोर्ड का गठन करेंगे और मामले पर सोमवार को 10 .30 बजे सुनवाई होगी।

19 को दिए थे जांच के आदेश

इससे पहले, 19 अप्रैल को शीर्ष अदालत ने पीड़िता की मां द्वारा दायर याचिका पर उसकी मेडिकल जांच का आदेश दिया था। दरअसल, बॉम्बे हाई कोर्ट ने अपने फैसले में पीड़िता को गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इस फैसले को मां ने सुप्रीम कोर्ट ने चुनौती दी थी। बता दें कि मुंबई के सायन अस्पताल से लड़की की संभावित शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति के बारे में रिपोर्ट मांगी गई थी।

28 सप्ताह की गर्भवती है नाबालिग

पीठ ने अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को मेडिकल बोर्ड का गठन करने और उसकी रिपोर्ट सुनवाई की अगली तारीख 22 अप्रैल को अदालत के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वकील ने कहा कि नाबालिग 28 सप्ताह की गर्भवती है और फिलहाल मुंबई में है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने मामले में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत, गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए 24 सप्ताह है, जिनमें दुष्कर्म पीड़िताएं और अन्य कमजोर महिलाएं, जैसे कि विकलांग और नाबालिग शामिल हैं।

एक नजर

पाकिस्तान में महिला ने एक साथ 6 बच्चों को दिया जन्म, 4 लड़के

रावलपीडी। पाकिस्तान के रावलपिंडी में एक महिला ने एक साथ 6 बच्चों को जन्म दिया है। इनमें 4 लड़के और 2 लड़कियां हैं। डॉक्टरों का कहना है कि एक साथ 6 बच्चों का होने की घटना को सेक्स्टुपलेट्स कहा जाता है। यह 470 करोड़ लोगों में से किसी एक को होता है।

अमृतसर में युवक ने गर्भवती पत्नी को जिंदा जलाया, गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर के बाबा बकाला इलाके के बुल्ले नांगल गांव में युवक ने कथित तौर पर अपनी 23-वर्षीया गर्भवती पत्नी को बिस्तर से बांधकर जिंदा जला दिया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को सुखदेव सिंह ने अपनी पत्नी से झगड़े किया, इसके बाद घटना को अंजाम दिया। मृतक पिंकी छह महीने की गर्भवती थी और उसे जुड़वा संतान होने की उम्मीद थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को पिंकी घर पर मृत मिली। पुलिस ने कहा कि सुखदेव को गिरफ्तार कर उस पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

तारे में विस्फोट के 11 हजार साल बाद भी निकल रही गैस

वाशिंगटन। नासा वेला तारामंडल में 11 हजार साल पहले एक तारे में हुए विस्फोट के बाद उसकी बाहरी परत एक शॉकवेव के साथ अंतरिक्ष में फैल गई। तारे से निकलने वाली गैस अंतरिक्ष में विभिन्न पदार्थों के साथ क्रिया करके रंगबिरंगी रोशनी का निर्माण करती है। यह तस्वीर नासा ने ली है।

खैबर पख्तूनख्वा में बारूदी सुरंग में धमाका, दो किशोरों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से दो किशोरों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने बताया है कि, ये किशोर खैबर जिले में तिराह घाटी की पहाड़ियों में मशरूम खोज रहे थे, तभी उनमें से एक का पैर बारूदी सुरंग पर पड़ गया, जिससे एक भयानक विस्फोट हुआ। दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हुआ है।

भारतवंशी तरुण लड़ेंगे लंदन का मेयर चुनाव, पाकिस्तानी सादिक को देंगे चुनौती

निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतरेंगे, 2 मई को होगा मतदान

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के लंदन में मेयर पद पर पाकिस्तान मूल के सादिक खान तीसरी बार जीत हासिल करने के लक्ष्य के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि, इस बार उन्हें भारतीय मूल के एक उम्मीदवार से चुनौती मिलने वाली है। दिल्ली में जन्मे तरुण गुलाटी ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। तरुण का कहना है कि लंदन के नागरिकों को सभी राजनीतिक पार्टियों ने दुखी किया है। उन्होंने आगे कहा कि वह लंदन को अनुभवी सीईओ की तरह चलाना चाहते हैं, जिससे सभी को लाभ मिल सके। उनका मानना है कि एक व्यवसायी और निवेश विशेषज्ञ के रूप में उनका अनुभव लंदन को लाभ पहुंचाने में मददगार साबित होगा।

दो मई को होने वाले मेयर चुनाव में 63 वर्षीय भारतीय मूल के तरुण गुलाटी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतरेंगे। मेयर पद के लिए उनकी लड़ाई 13 अन्य उम्मीदवारों से होने वाली है। उन्होंने सिटीबैंक और एचएसबीसी के साथ छह देशों में काम किया है। एचएसबीसी में वह एक अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधक (आईएम) थे। तरुण गुलाटी ने कहा, "मैं लंदन को एक अनोखे वैश्विक शहर के तौर पर देखता हूं। यह विश्व के वैश्विक बैंक की तरह है, जहां दुनियाभर के लोग एकत्रित होते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा, "मेयर के तौर पर मैं लंदन की बैलेंस शीट इस तरह से तैयार करूंगा कि यह निवेश के लिए एक प्रमुख विकल्प बन सके। इसमें सभी निवासियों के लिए सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित हो। मैं एक अनुभवी सीईओ की तरह लंदन को प्रभावी ढंग से बदलूंगा। यहां लाभप्रदत्ता का मतलब सभी के लिए लाभ होगा। इस यात्रा में आप सभी शामिल होंगे। इसे अपने लंदन और अपने घर के लिए करें। लंदन की सड़कों में सुरक्षा उनके मुख्य एजेंडा में प्रमुख है।

इन नीतियों को खत्म करना चाहते हैं तरुण गुलाटी

लेबर पार्टी के मौजूदा नेता सदिक खान की कुछ अलोकप्रिय नीतियों को खत्म करना भी तरुण गुलाटी का प्रमुख एजेंडा है। सादिक खान की इन नीतियों में अल्ट्रा लो एमिशन जोन (यूएलईजेड) शुल्क और लो ट्रैफिक नेबरहुड (एलटीएन) से जुड़ी उच्च लागत को खत्म करना शामिल है। तरुण गुलाटी ने कहा, हम यूएलईजेड, एलटीएन जैसी खराब नीतियां नहीं चाहते हैं। जलवायु परिवर्तन हो रहा है और हमें इसके प्रभावों को कम करने की जरूरत है। हमें जो भी परिवर्तन करना होगा, वह जनता की राय के अनुरूप होना चाहिए। तरुण गुलाटी ने मेयर पद के लिए कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार सुजैन हॉल पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कई वर्षों तक लंदन असेंबली के सदस्य होने के बावजूद वह इन नीतियों को रोकने में नाकाम रही हैं। उन्होंने आगे कहा, "अगर राजनीतिक उम्मीदवार वह करते जो उन्हें करना चाहिए था, तो मैं मेयर पद की दौड़ में कभी शामिल नहीं होता। तरुण किफायती आवासीय व्यवस्था, लंदन में पर्यटन को बढ़ावा देना, मुफ्त स्कूल भोजन सुनिश्चित करना और काउंसिल टैक्स को कम करने जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

अमेरिका इजराइल की एक सैन्य बटालियन पर लगाएगा प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका ने एक तरफ इजराइल की मदद के लिए हाथ बढ़ाए तो दूसरी तरफ आंखें टेढ़ी कर दी। अमेरिकी संसद ने इजराइल के लिए 13 अरब डॉलर की नई सैन्य सहायता को मंजूरी दी है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका इजराइल की एक सैन्य बटालियन पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहा है।

ये प्रतिबंध बटालियन द्वारा फलस्तीनी लोगों के खिलाफ किए गए मानवाधिकार उल्लंघन के लिए लगाया जा सकता है। हालांकि, इस कदम की इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने निंदा की है।

फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक में इजराइली सेना पर मानवाधिकार उल्लंघन के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में अब अमेरिका वहां आम लोगों को निशाना बनाने के आरोप में नेत्जाह येहुदा बटालियन पर प्रतिबंध लगाने का एलान कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो किसी इजराइली सैन्य टुकड़ी के खिलाफ बाइडन प्रशासन की पहली कार्रवाई होगी। अमेरिका के इस संभावित कदम से इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू खासे नाराज दिख रहे हैं।

चुनाव ड्यूटी के लिए ले जा रही बस पलटी, 10 घायल

जगदलपुर (छत्तीसगढ़), एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में रविवार को चुनाव ड्यूटी के लिए ले जा रही एक बस के पलटने से मध्य प्रदेश पुलिस के कम से कम 10 कर्मी घायल हो गए। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने पहले कहा है कि घायल कर्मी सीआरपीएफ के थे। वहीं जगदलपुर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल जवान मध्य प्रदेश पुलिस के थे। यह घटना गीदम थाना क्षेत्र के अंतर्गत गीदम-जगदलपुर रोड पर रायकोट गांव के पास हुई।

बस्तर लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को हुए मतदान में चुनाव ड्यूटी के बाद सुरक्षाकर्मी फरसपाल (दंतेवाड़ा) से महासमुंद संसदीय क्षेत्र के गरीबंद जा रहे थे, जहां 26 अप्रैल को मतदान होना है। उन्होंने

बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस के 36 कर्मियों वाली बस उस समय सड़क से फिसलने से बस पलट गई। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में बस में सवार 10 लोगों को चोटें आईं हैं। उन्होंने बताया कि अलर्ट होने के बाद एंबुलेंस को मौके पर भेजा गया और घायल कर्मियों को जगदलपुर के डिमरापाल स्थित एक मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित किया गया।

नेपाल के मनासलु पर्वत पर भयानक हिमस्खलन

काठमांडू। नेपाल के मनासलु पर्वत क्षेत्र में रविवार को भारी हिमस्खलन हो गया। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार इस हादसे में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। दरअसल, मानसलू पर्वत पर हिमस्खलन हुआ। मानसलू पर्वत से बीरेंद्र झील की तरफ हिमस्खलन हुआ, जिससे झील में उफान आ गया। झील में उफान आने से उसका सारा पानी बुढीगंडकी नदी में बह गया। रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं, सुरक्षा अधिकारियों ने बूढ़ीगंडकी नदी में संभावित बाढ़ को लेकर चिंता जताई है।

ग्लेशियर गश्ती दौड़

स्विट्जरलैंड: एरोला और वर्बियर के बीच स्विस आल्प्स में 24वीं ग्लेशियर गश्ती दौड़ के दौरान प्रतियोगी त्सेना रिफियन पास पर चढ़ते हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन हर साल होता है। पिछले सप्ताह प्रतिकूल मौसम के कारण आयोजन को टाल दिया गया था। इसके बाद रविवार को प्रतिभागी आयोजन का हिस्सा बने। ● एजेंसी

अमेरिका में एक पार्टी के दौरान गोलीबारी, दो की मौत, 14 घायल

वाशिंगटन। अमेरिका में टेनेसी के मेमफिस में एक ब्लॉक पार्टी के दौरान गोलीबारी दो लोगों की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में 14 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस ने बताया कि इस पार्टी में करीबन 300 लोग मौजूद थे। उनमें से 16 लोगों पर गोलीबारी की गई।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया है कि, घटनास्थल पर पांच लोगों को गोली लगी थी। उनमें से तीन को अस्पताल ले जाया गया, जबकि अन्य दो की मौत हो गई। फिलहाल अभी तक इस मामले में किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस ने कहा घटना की जांच चल रही है, फिलहाल टीम आरोपियों की तलाश जुटी है।

चुनाव में हस्तक्षेप को लेकर कनाडा-चीन में बढ़ा तनाव

टोरंटो, एजेंसी

- चीन के राजदूत कांग पेइवु पद छोड़कर वतन लौटे

कनाडा के चुनानों में चीन हस्तक्षेप के आरोपों के बीच चीन के राजदूत कांग पेइवु ने करीब पांच साल बाद अपना पद छोड़ दिया है और पेइवु चीन लौट आए हैं। पेइवु 2019 से कनाडा में चीन के राजदूत थे। उनके पद संभालने से पहले ही चीन और कनाडा में तनाव था।

दोनों देशों ने एक-दूसरे के कई लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा, कनाडा के चुनावों में चीन के संभावित दखल को लेकर चिंताएं जाहिर की गईं। पिछले हफ्ते कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस मामले पर सुनवाई के दौरान गवाही दी थी। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि चीन ने 2019

व 2021 के चुनावों के नतीजे प्रभावित कर पाया था। हालांकि, कनाडा फिर भी चीन के साथ रिश्ते सुधारने की कोशिश में लगा है। उप मंत्री डेविड मॉरिसन दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए चीन में हैं। कनाडा के विदेश मंत्री मेलानी जोली के कार्यालय ने भी इसकी पुष्टि की है।

जज बनकर अपराधियों को जमानत देने वाले शातिर कार चोर की मौत

नई दिल्ली। न्यायाधीश बनकर अपराधियों को जमानत देने से लेकर लग्जरी कार चुराने में माहिर अपराधी धनीराम मित्तल की 85 साल की उम्र में मौत हो गई।

दशकों तक अपराध की दुनिया में सक्रिय रहे मित्तल स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों से जूझ रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब और राजस्थान में चोरी के 150 मामलों में मित्तल 90 से अधिक बार जेल गया था। उन्होंने कहा, मित्तल के अपराधों की सूची लंबी है, वह अपने जीवनकाल में चोरी, धोखाधड़ी और जालसाजी के एक हजार से अधिक मामलों में सीधे तौर पर शामिल था। पुलिस ने कहा- लंबी बीमारी के चलते मित्तल की गुरुवार को मौत हो गई।

मौसम हिमाचल में हिमपात और ओलावृष्टि के चलते ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी, कश्मीर घाटी में भी हुई बारिश

मैदानी हिस्सों में गर्मी से हाल-बेहाल, पहाड़ों पर लुढ़का पारा

नई दिल्ली, एजेंसी

मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी धीरे-धीरे चरम पर पहुंचने लगी है। हर दिन तापमान बढ़ रहा है, जिससे लोगों को रात में भी सुकून नही मिल रहा है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को देश के अधिकतर हिस्सों में सामान्य मौसम रहने की संभावना है, जबकि बुधवार तक अधिकतम तापमान 45 के पार जा सकता है।

देश में रविवार को ओडिशा का बौध 44.3 डिग्री के साथ सबसे गर्म शहर रहा। वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी और बारिश का दौर फिर से देखने को मिला है, हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में रविवार को प्रशासन ने हिमपात और ओलावृष्टि के चलते ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी दी है।

दूसरी तरफ कश्मीर घाटी में पिछले 24 घंटों में हुई बारिश

लाहौल और स्पीति के राशेल गांव में बर्फबारी से बिछी सफेद चादर।

के कारण रविवार को तापमान सामान्य से नीचे रहा जिससे सामान्य गतिविधियां प्रभावित हुईं है। श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि पिछले 24 घंटों के दौरान श्रीनगर में 3.0 मिमी और कई हिस्सों में बारिश हुई है। जबकि हिमाचल के लाहौल स्पीति की तमाम ऊंची चोटियों पर शनिवार रात को बर्फबारी हुई है। कोकसर में 19, गोंदला में 16, केलांग में 8.5 और कुमकुमसेरी में 2 सेमी ताजा हिमपात हुआ है। वहीं शिमला सहित प्रदेश के माध्यम से मैदानी क्षेत्र में जमकर बारिश हुई है। भरमौर, चंबा में 25, तीसा में 24, सोलन में 25, राजगढ़ में 20, कल्पा में 21, रेणुका, रिकांगपिओ, डलहौजी, कोकसर शीलारू में 1919, नादीन में 18 शिमला में 13 और रोहड़ू में 15 एमएम बारिश हुई है।

इससे अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 से 3 सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। जिला शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में कहीं-कहीं पर भारी ओलावृष्टि हुई है जिससे सेब की फ्लोरिंग को नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग में 26 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम के इसी तरह खराब बने रहने की संभावना जताई है। इस बीच 22 और 23 अप्रैल को भारी बारिश और ओलावृष्टि का फिर से बलो अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को शिमला में भी धूप खिलने के साथ हल्के बादल छाए रहे।

मनाली-केलांग मार्ग में फिर भूस्खलन, रास्ता बंद किया

मनाली-केलांग एनएच-03 में सिस्सू सेल्फी पॉइंट के पास भूस्खलन के चलते मार्ग यातायात के लिए बंद हो गया है। इस मार्ग में लाहौल स्पीति के सिस्सू सेल्फी पॉइंट में पहाड़ी से सड़क पर काफी मात्रा में मलबा सड़क पर आ गया है, इस कारण मार्ग यातायात के लिए बंद कर दिया है। बीआरओ और प्रशासन की टीम ने मार्ग से मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया है। पुलिस और प्रशासन के अनुसार यहां सड़क भी लगातार धंस रही है जिस कारण यहां से गुजरने वाले वाहनों को खतरा बना हुआ है। यहां पर्यटकों के लिए बनाया गया सेल्फी पॉइंट भी क्षतिग्रस्त हो गया है। एसपी लाहुल स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि इस मार्ग में सेल्फी पॉइंट सिस्सू के पास सुबह के समय पहाड़ी से भूस्खलन हो गया है जिसके चलते एनएच पर भारी मलबा आ गया है जिसे हटाने का काम चल रहा है।

तालिबान को आतंकी सूची से हटाने की तैयारी कर रहा रूस

न्यू कैसल (ब्रिटेन)। रूस फिलहाल तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटाने पर विचार कर रहा है। इस संबंध में अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन उनके बढ़ते सौहार्दपूर्ण संबंधों का एक संकेत मई में रूस के कजान शहर में आयोजित होने वाले एक अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मंच के लिए तालिबान का निमंत्रण है।

रूसी अधिकारियों ने संकेत दिए है कि, रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने पहले भी तालिबान के साथ चर्चा शुरू की है, और जब संगठन ने अफगानिस्तान पर नियंत्रण किया तो रूस एक राजनयिक को मान्यता देने वाले कुछ देशों में से एक था। अफगानिस्तान के राजनीतिक और आर्थिक संकट और यूक्रेन युद्ध के कारण रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों का मतलब है कि दोनों पक्षों को मजबूत रिश्ते से हासिल करना होगा।

पाकिस्तान: सैन्य निगरानी में हुआ 21 सीटों पर उपचुनाव

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तान के पंजाब-पख्तूनख्वा में इंटरनेट सेवा पर पाबंदी

पाकिस्तान में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पंजाब और बलूचिस्तान के विशिष्ट जिलों में कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को 21 प्रांतीय सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान हुआ। पाकिस्तान चुनाव आयोग की निगरानी में चुनाव सुबह 8 बजे से शुरू हुआ। लोगों ने शाम 5 बजे तक अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

पाकिस्तान में आम चुनाव राष्ट्रीय असेंबली और चार प्रांतीय विधानसभा के लिए 8 फरवरी को हो चुका है। इस दौरान एक नेशनल असेंबली सीट, दो पंजाब विधानसभा सीट और खैबर खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा की एक सीट के लिए मतदान रद्द हो गया था। वहीं एक से अधिक सीट जीतने वाले उम्मीदवारों ने चुनाव के बाद केवल एक ही सीट चुनी। इस कारण से पाकिस्तान चुनाव आयोग को 21 सीटों पर उपचुनाव आयोजित करना पड़ा।

इन 21 सीटों में पांच राष्ट्रीय और 16 प्रांतीय विधानसभा सीटें शामिल थीं। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने इन सीटों पर 21 अप्रैल को उपचुनाव कराने का निर्णय लिया। उपचुनाव से एक दिन पहले संघीय सरकार ने बताया कि उपचुनाव के दौरान पंजाब और बलूचिस्तान के विशिष्ट जिलों में सेलुलर सेवाएं और इंटरनेट बंद रहेगा। पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया की अखंडता और सुरक्षा की रक्षा के लिए यह निर्णय लिया गया है।